
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 284
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 26 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आठ ऐसी विदेशी जगह जहां घूमने जाने पर नहीं लगता पासपोर्ट या वीजा
पर्यटन -12

## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 59,939,306 |
| मौतें | 1,412,699 |
| ठीक | 38,390,367 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 92,44,839 |
| मौतें | 134,955 |
| ठीक | 86,61,227 |

स्रोत: www.covid19india.org

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 23.04°C
न्यूनतम 12.01°C

## क्विक न्यूज

### ग्रेग बारक्ले आईसीसी के स्वतंत्र चेयरमैन चुने गए

**दुबई।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रमुख ग्रेग बारक्ले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया स्वतंत्र चेयरमैन चुना गया है। बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा और वह भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे। मंगलवार को आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान मतदान हुआ। इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में 16 बोर्ड आफ डायरेक्टर ने हिस्सा लिया, जिसमें टेस्ट खेलने वाले देशों के 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट देश और एक स्वतंत्र महिला निदेशक (पेप्सीको की इंदिरा नूई) शामिल हैं।

● विस्तृत खबर पेज-11

### इनेलो समर्थक किसानों के साथ करेंगे दिल्ली कूच

**भिवानी।** इनेलो के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि अघोषित आपातकाल के चलते किसानों की आवाज दबाई जा रही है। राठी ने कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के दिल्ली कूच को लेकर कहा कि इनेलो किसानों के साथ है और पार्टी समर्थक किसानों के साथ दिल्ली कूच करेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें जेल ही क्यों नहीं जाना पड़े। उल्लेखनीय है कि राठी बुधवार को भिवानी पहुंचे थे। उन्होंने कहा, अघोषित आपातकाल है, जिसके तहत किसानों की आवाज दबाई जा रही है।

● विस्तृत खबर पेज-05

### किसान आंदोलन: सोनीपत में अस्थाई जेल बनाने के निर्देश

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन सहित विभिन्न किसान संगठनों की 'दिल्ली चलो' घोषणा के मद्देनजर सोनीपत के जिला उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने हर स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन को तैयार रहने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसी कड़ी में सेवली स्थित आईएफसीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर को अस्थाई कारागार बनाने के आदेश जारी किए हैं। पूनिया ने इमारत के मालिक को नायब तहसीलदार राई को इमारत का कब्जा देने की आदेश दिया है।

### तमिलनाडु: 13 जिलों में आज की छुट्टी, चेन्नई एयरपोर्ट बंद

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी से उठा निवार तूफान पुदुचेरी से 120 किमी दूर है और अभी इसकी रफ्तार 11 किमी/घंटा है। 'निवार' बुधवार देर रात तक कराईकल (आंध्रप्रदेश) और महाबलीपुरम (तमिलनाडु) को पार करेगा। यहां से गुजरते वक्त 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। निवार को बेहद गंभीर कैटेगरी में रखा गया है। तमिलनाडु, पुदुचेरी और आंध्रा में हमने 25 टीमें तैनात की हैं। 13 जिलों में गुरुवार को छुट्टी रहेंगी। चेन्नई एयरपोर्ट भी बंद रहेगा।

### पीडीपी नेता वहीद-उर-रहमान पारा को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में पीडीपी नेता वहीद-उर-रहमान पारा को दिल्ली में गिरफ्तार किया। एनआईए के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को दिल्ली में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के यूथ प्रधान वाहिद-उर-रहमान पारा से आतंकवाद संबंधी मामले में पूछताछ की थी। वहीद से निलंबित डीएसपी देविंदर सिंह से आतंकवाद मामले में पूछताछ की जा रही थी।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

## दिल्ली आने को हरियाणा-पंजाब की सीमा पर डटे किसान

# अन्नदाता आक्रोश में हैं

- किसान आंदोलन जारी रहने तक पंजाब नहीं जाएंगी हरियाणा रोडवेज बसें
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली कूच वापस लेने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**अंबाला** में चंडीगढ़-दिल्ली हाइवे पर बुधवार को काफी तनाव रहा। अन्नदाता आक्रोश में हैं। काफी संख्या में पंजाब के किसान बॉर्डर पर पहुंचे, क्योंकि वे दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन उनको रोकने के लिए बॉर्डर पर पुलिस बल और अर्द्ध सुरक्षाबलों के जवान तैनात हैं। इस वजह से चंड़ीगढ़-दिल्ली हाइवे पर 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। किसानों के दिल्ली कूच के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है, जिसके तहत प्रदेश की रोडवेज बसें पंजाब में नहीं जाएंगी। इसके साथ ही सभी रोडवेज डिपो को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। डिपो को 5-5 अतिरिक्त बसें रखने को कहा गया है। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों की ओर से 26 नवंबर को 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया है। इसके मद्देनजर मनोहर सरकार ने हरियाणा पंजाब बॉर्डर सील कर दिया है।

वहीं सरकार ने आदेश दिए हैं कि पंजाब की ओर से कोई भी हरियाणा में घुस न पाए, लेकिन अंबाला के मोहड़ा में भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में प्रदेश के कई जिलों के किसान इकट्ठा हुए थे। उन्होंने आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान किसानों और पुलिस वालों में टकराव हो गया। झड़प हुई। यहां तक कि किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिए। इसके चलते हरियाणा पुलिस को किसानों को रोकने को लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। बता दें कि चंडीगढ़-दिल्ली हाइवे पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेड लगाकर सड़क पर आवागमन रोक दिया गया है। अंबाला में मोहड़ा मंडी के पास रैपिड एक्शन फोर्स की टीम तैनात है। पुलिस ने सभी जिलों में नाकेबंदी बढ़ा दी है। पंजाब जाने वाले मुख्य रास्ते बंद कर दिए गए हैं। जींद में दातासिंह वाला बॉर्डर और अंबाला में देवीनगर और सद्दोपुर बॉर्डर सील किए हैं। झज्जर-रेवाड़ी समेत कई जिलों में धारा 144 लगा दी है। सोनीपत में कुंडली बॉर्डर पर नाकेबंदी कड़ी कर दी है। डीजीपी मनोज यादव ने बताया कि केंद्र से रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 5 कंपनियां बुलाई हैं। इन्हें सिरसा, अंबाला, जींद में पंजाब बॉर्डर और सोनीपत में दिल्ली बॉर्डर पर तैनात किया है। पुलिस की 14 अतिरिक्त कंपनियां भी लगाई हैं। किसानों को पंजाब से एंट्री करने और दिल्ली जाने से रोकने पर फोकस है। इस बीच सीएम मनोहर लाल ने किसानों से दिल्ली कूच वापस लेने की अपील की है।



### दो लाख किसानों को लेकर दिल्ली की तरफ बढ़ रहे भाकियू एकता उगराहां

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के नेतृत्व में पंजाब से दो लाख से अधिक किसान, मजदूर और महिलाएं खनौरी और डबवाली के रास्ते दिल्ली कूच करेंगे। इसकी जानकारी पंजाब भवन में भाकियू एकता उगराहां के प्रदेश प्रधान जोगिंदर सिंह उगराहां ने दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पंजाब से 960 बसें, 2400 ट्रैक्टर-ट्रालियां, 20 पानी के टैंकर और 23 अन्य वाहन इस काफिले में शामिल होंगे। सोनीपत में दिल्ली सीमा पर जाम लग गया। दिल्ली पुलिस की सख्ती की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 में लंबा जाम लगा है। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर सिंधु सीमा पर जांच की वजह से लोग लंबे जाम में फंसे हैं।

किसान संगठनों के मुख्य फोकस में हरियाणा से दिल्ली जाने वाले 4 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग रहेंगे। इनमें अंबाला-दिल्ली, हिसार-दिल्ली, रेवाड़ी-दिल्ली, पलवल-दिल्ली हाइवे होंगे। अंबाला के शंभू बॉर्डर, भिवानी के गांव मुढ़ाल चौक, करनाल में घरौंडा मंडी, बहादुरगढ़ में टिकरी बॉर्डर व सोनीपत में एजुकेशन सिटी राई में भी किसानों के एकत्रित होने की संभावना है। पुलिस पंचकूला, अंबाला, कैथल, जींद, फतेहाबाद और सिरसा में पंजाब से हरियाणा में प्रवेश करने वाले बॉर्डर पॉइंट्स पर यातायात डायवर्ट कर सकती है।

## कोविड-19: 54 देशों में दूसरी लहर, रोज 6 लाख से ज्यादा मरीज मिल रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

**दुनियाभर** में कोरोना मरीजों का आंकड़ा बुधवार को 6 करोड़ के पार हो गया। मरने वालों की संख्या भी 14 लाख से ज्यादा हो चुकी है। इस बीच, कोरोना की रफ्तार एक बार फिर से तेज हो गई है। सितंबर तक दुनियाभर में रोजाना औसतन 3 लाख मरीज बढ़ रहे थे। अब रोज 6 लाख से ज्यादा मरीज आ रहे हैं।

अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, रूस समेत 54 देशों में कोरोना की दूसरी लहर शुरू हो चुकी है। सबसे ज्यादा असर उत्तर अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों में दिख रहा है। भारत में भी दूसरी लहर की आहट दिखने लगी है। पिछले हफ्ते 3 दिन ऐसे थे, जब भारत में ठीक होने वालों से ज्यादा नए मरीज आए। मतलब इन 3 दिनों में एक्टिव केस की संख्या में इजाफा हुआ है। इसके पहले लगातार 41 दिन एक्टिव केस घट रहे थे। दूसरी लहर वाले 54 देशों में यूरोप के 25 देश हैं। इनमें पोलैंड, रूस, इटली, यूक्रेन, जर्मनी, यूके, स्पेन जैसे देश शामिल हैं। एशिया के 11 देश हैं। इनमें ईरान, तुर्की, जॉर्डन, इंडोनेशिया, जॉर्जिया जैसे देश शामिल हैं। भारत में अभी दूसरी लहर नहीं आई है, लेकिन एशिया में सबसे ज्यादा केस यहीं मिल रहे। नॉर्थ अमेरिका के 7 देश हैं। इनमें यूएस, मैक्सिको, कनाडा शामिल है। अफ्रीका के 6 देश हैं। इनमें मोरक्को, साउथ अफ्रीका शामिल हैं। साउथ अमेरिका के पांच देश हैं। इनमें ब्राजील, कोलंबिया, अर्जेंटीना शामिल हैं।



### रूस-जर्मनी में 24 घंटे में रिकॉर्ड मौतें

रूस और जर्मनी में महामारी से 24 घंटे में रिकॉर्ड मौतें हुई हैं। रूस में जर्मनी में एक दिन में 410 तो रूस में 507 मौतें दर्ज हुई हैं। जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने क्रिसमस के मद्देनजर पाबंदियां लगाने के लिए 16 स्टेट के नेताओं से बात की है। उधर, ब्रिटेन में 22 बिलियन डॉलर (करीब 2 लाख करोड़) का टेस्ट एंड ट्रेस प्रोग्राम फेल होने की कगार पर है। इसमें सरकार के नुमाइंदों को 1 लाख 10 हजार लोगों तक पहुंचना था। आधिकारिक डेटा के मुताबिक, 10 में से 4 लोगों ने सेल्फ आइसोलेशन से इनकार किया। ब्रिटेन में महामारी की दूसरी लहर शुरू हो चुकी है। अमेरिका में 26 नवंबर को थैंक्सगिविंग डे मनाया जाएगा। अफसरों ने लोगों को ट्रैवल करने के बजाय घर में रहने की अपील की है।

### पंजाब में एक दिसंबर से नाइट कर्फ्यू

**नई दिल्ली।** कई राज्यों में कोरोना के मरीज बढ़ने और ठीक होने वालों की रफ्तार कम होने से चिंता बढ़ने लगी है। मंगलवार को देश में 37,765 मरीज ठीक हुए। यह आंकड़ा 31 जुलाई के बाद सबसे कम है। तब 36,554 मरीज ठीक हुए थे। उधर, कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए पंजाब सरकार ने प्रदेश के सभी शहरों में 1 दिसंबर से नाइट कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को नाइट कर्फ्यू का ऐलान किया। कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा।

## हिम्मत है तो गिरफ्तार कराए भाजपा, जेल से जीतूंगी चुनाव : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सत्ता पक्ष टीएमसी और विपक्ष ने राज्य में चुनावी प्रचार को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में, सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के बांकुड़ा में चुनावी रैली को संबोधित किया। रैली में ममता ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो मुझे गिरफ्तार कराए। जेल में रहकर भी तृणमूल कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करूंगी। बांकुड़ा रैली में ममता ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह टीएमसी विधायकों को धन का प्रलोभन दे रही है, ताकि वे हमारी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा झूठ का पुलिंदा और राष्ट्र का सबसे बड़ा अभिशाप है।

## नहीं रहे कांग्रेस के 'चाणक्य' : 71 की उम्र में अहमद पटेल का निधन

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल का निधन हो गया है। उनके पुत्र फैसल पटेल ने ट्वीट कर ये जानकारी दी है। कोरोना संक्रमित होने के बाद वह कई दिनों से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। 71 वर्षीय पटेल को कांग्रेस का 'चाणक्य' माना जाता था। वह दशकों तक गांधी परिवार के सबसे करीबी नेता रहे।

गौरतलब है कि अहमद पटेल को तबीयत बिगड़ने के बाद गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पटेल अक्टूबर के पहले सप्ताह में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। हालांकि 18 नवंबर को अहमद पटेल की पुत्री ने कहा था कि पिछले हफ्ते उनके पिता की सेहत में थोड़ा सुधार हुआ है। गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर में पैदा हुए पटेल तीन बार लोकसभा सांसद और पांच बार राज्यसभा सांसद रह चुके थे। पटेल ने अपना पहला चुनाव 1977 में भरूच से लड़ा था, जिसमें वो 62,879 वोटों से जीते। 2001 से सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार भी थे। पटेल के निधन पर सोनिया गांधी ने कहा, पटेल एक ऐसे कामरेड, निष्ठावान सहयोगी और मित्र थे, जिनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनका पूरा जीवन कांग्रेस को समर्पित था।



● संबंधित खबरें पेज-09

## फिर कैबिनेट की दौड़ अमरिंदर-सिद्धू की मुलाकात

**चंडीगढ़।** पंजाब सीएम अमरिंदर सिंह ने बुधवार को मध्याह्न भोजन पर नवजोत सिंह सिद्धू से मुलाकात की, जिसके बाद पूर्व क्रिकेटर को राज्य कैबिनेट में पुन: शामिल किए जाने की अटकलों को हवा मिल गई है। मुख्यमंत्री ने पिछले साल मई में सिद्धू पर स्थानीय सरकार विभाग को सही तरीके से नहीं संभाल पाने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि इसके कारण 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने शहरी इलाकों में खराब प्रदर्शन किया।

## हरियाणा में बनेगा 'लव जिहाद' कानून पड़ोसी राज्यों से मंगवाया ड्राफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हिमाचल** और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी बहुत जल्द 'लव जिहाद' कानून बनाएगी। सरकार ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। गृह सचिव के नेतृत्व वाली कमेटी ने दोनों राज्यों से ड्राफ्ट मंगवा लिया है।

प्रदेश सरकार ने फरीदाबाद के निकिता हत्याकांड के बाद प्रदेश के लव जिहाद पर कानून बनाने का ऐलान किया था। गृहमंत्री अनिल विज के निर्देशों पर निकिता हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी द्वारा पिछले तीन साल के दौरान हुए लव जिहाद के मामलों का भी पता लगाया जा रहा है। इस बीच लव जिहाद को लेकर बनने वाले कानून को अमली रूप देने के लिए विज की अध्यक्षता में पिछले सप्ताह एक बैठक हो चुकी है। बैठक के बाद गृह सचिव राजीव अरोड़ा के नेतृत्व वाली कमेटी को हिमाचल तथा यूपी द्वारा बनाए गए लव जिहाद कानून को स्टडी करने के लिए कहा गया है। इस बीच यूपी सरकार ने भी मंगलवार को अपने राज्य में लव जिहाद कानून को अंतिम रूप देकर लागू कर दिया है।

### विज ने ट्वीट कर यूपी सीएम को दी बधाई

## न्यायपालिका के बढ़ते दखल का मुद्दा संस्थाएं सीमा न लांघें : वैंकेया नायडू

**केवडिया (गुजरात)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि देश के तीनों अंगों में से कोई भी खुद के सर्वोच्च होने का दावा नहीं कर सकता, क्योंकि संविधान ही सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि अदालतों के कुछ फैसलों से प्रतीत होता है कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ा है।



उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका संविधान के तहत परिभाषित अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काम करने के लिए बाध्य हैं। दरअसल, उपराष्ट्रपति विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण समन्वय-जीवंत लोकतंत्र की कुंजी विषय पर अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 80वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नायडू ने कहा कि तीनों अंग एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप किए बगैर काम करते हैं और सौहार्द बना रहता है।

## पूर्व मंत्री रोशन बेग को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री और विधायक रोशन बेग तीन दिनों के लिए हिरासत में लिया है। वह 27 नवंबर तक हिरासत में रहेंगे। बता दें कि सीबीआई ने उन्हें आईएमए घोटाला मामले गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने करोड़ों रुपये के आईएमए पोंजी घोटाला मामले में सोमवार को रोशन बेग के घर पर छापा मारा था।

## दो रुपये तक बढ़ सकती है पेट्रोल-डीजल की कीमतें

एजेंसी। नई दिल्ली

**पेट्रोल**-डीजल की कीमत में दो रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। बताया जा रहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से यह बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि कोरोना वैक्सीन मिलने की उम्मीदों से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम दो फीसदी से ज्यादा बढ़े और मंगलवार को भी तेजी रही। मार्च के बाद पहली बार क्रूड के भाव 47 डॉलर प्रति बैरल के पास पहुंचे हैं।

तेल ब्रोकरेज फर्मों का कहना है कि कोविड-19 पर काबू पाने की उम्मीदों से 2021 में ईंधन की खपत बढ़ने का अनुमान है। यह 6 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है। डब्ल्यूटीआई भी 43.38 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिका। ओपेक और सहयोगी देशों ने क्रूड के दाम नियंत्रित करने के लिए उत्पादन में 1.20 करोड़ बैरल की बड़ी कटौती की थी, लेकिन महामारी के दबाव में मार्च से ही कीमतें 40 डॉलर के आसपास बनी हुई थीं।

दिल्ली में पेट्रोल 5 दिनों में 95 पैसे बढ़कर 81.59 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि 2021 की शुरुआत में क्रूड 58 डॉलर तक पहुंच सकता है। उत्पादन और कीमतों को लेकर ओपेक देशों की 30 नवंबर को बैठक भी होने वाली है।

## सीटू के आह्वान पर आज 21 हजार बैंक शाखाएं रहेंगी बंद

एजेंसी। नई दिल्ली

**26** नवंबर यानी बृहस्पतिवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। हड़ताल का आह्वान केंद्र सरकार की श्रम-विरोधी नीतियों के खिलाफ किया गया है। इस हड़ताल में अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने भी शामिल होने का ऐलान किया है।

मामले में करीब चार लाख बैंक कर्मचारियों के प्रतिनिधि एआईबीए ने कहा कि हालिया सत्र के दौरान लोकसभा में कारोबारी सुगमता के नाम पर 27 मौजूदा श्रम कानूनों की जगह लेने वाला नया श्रम कानून पारित किया गया है, जो पूरी तरह कॉरपोरेट के हित में है। इस प्रक्रिया में 75 फीसदी कर्मचारियों से नए प्रावधान के तहत कानूनी संरक्षण छीनकर उन्हें श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर दिया गया है। नए कानूनों में इन श्रमिकों को किसी तरह का संरक्षण नहीं मिलेगा। वर्तमान सरकार आत्मनिर्भर भारत के नाम पर निजीकरण के अपने एजेंडे को बढ़ावा दे रही है और इसका सहारा लेकर अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजीकरण कर रही है, जिसमें बैंक भी शामिल है।

देशभर में काम करने वाले करोड़ों कर्मचारियों और श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख दस श्रम संघों के साझा मंच की केंद्र सरकार की कथित जन विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ हो रही देशव्यापी हड़ताल में बैंकिंग उद्योग भी शामिल होगा। मालूम हो कि देश में सभी राज्यों में एक या उससे ज्यादा ग्रामीण बैंक हैं। इनकी कुल संख्या 43 है। इसमें लगभग 21,000 शाखाओं के एक लाख अधिकारी और सभी तरह के कर्मचारी काम कर रहे हैं।




### नए कानूनों में श्रमिकों को नहीं मिलेगा किसी तरह का संरक्षण

### सरकार आत्मनिर्भर के नाम पर निजीकरण को दे रही बढ़ावा

### डीबीएस इंडिया और लक्ष्मी विलास बैंक का होगा विलय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को डीबीएस बैंक इंडिया के साथ लक्ष्मी विलास बैंक के विलय की योजना को मंजूरी दे दी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 17 नवंबर 2020 को 94 साल पुराने ऋणदाता को सिंगापुर के डीबीएस बैंक के भारतीय शाखा के साथ विलय का प्रस्ताव रखा था। इसके तहत डिवेलपमेंट बैंक इंडिया लिमिटेड लक्ष्मी विलास बैंक को 2,500 करोड़ रुपये की पूंजी उपलब्ध कराएगा।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 26 नवंबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

–राइट विजन–

## एक दूसरे की सुरक्षा का ख्याल रखकर दे सकते हैं कोरोना को मात : कालिया

*वैक्सीन को आम आदमी तक पहुंचने में अभी करीब एक साल का समय लग सकता है। वैक्सीन कारगर होगी या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं हैं। फिलहाल हमारे पास कोरोना महामारी से निपटने का एक मात्र हथियार बचाव है। बीमारी अमीर-गरीब या जाति धर्म देखकर किसी को अपना शिकार नहीं बनाती। इसलिए हमें एक दूसरे की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करना होगा। ये कहना है कि सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी वाईसी कालिया का। लॉकडाउन के दौरान श्रीकालिया कालीबाड़ी मंदिर संस्थान के साथ मिलकर लगातार जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और वाईसी कालिया की बातचीत के खास अंश :-***



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| नाम | : युवराज चंद्र कालिया |
| जन्मदिन | : 10 मई 1947 |
| पिता | : स्वर्गीय साधुराम कालिया |
| माता | : स्वर्गीय कुंदन देवी कालिया |
| पत्नी | : प्रेम कालिया |
| बेटे | : अनुभव व अभिषेक |
| स्कूल | : हाई सैकेंड्री - टेक्निकल स्कूल, दिल्ली |
| उच्चशिक्षा | : आईआईटी - दिल्ली |
| रूचि | : शतरंज खेलना व यात्रा करना |

**सवाल : आपने किसकी प्रेरणा से आईआईटी करने का फैसला लिया था।**
**जवाब** : मेरे माता पिता मुझे इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मेरा दाखिला टेक्नीकल स्कूल में करवाया था। इस स्कूल से हर साल दो हजार बच्चों में से 60 बच्चों का चयन आईआईटी में किया जाता है।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**
**जवाब** : मुझे शुरू से ही शतरंज खेलने का काफी शौक था। मैं इंटर कॉलेज टूर्नामेंटों में कई बार चैम्पियन रह चुका हूं।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कब और कैसे की।**
**जवाब** : वर्ष 1970 में आईआईटी कम्पलीट करने के बाद मैंने 600 रुपये मासिक वेतन पर एलएनटी कंपनी ज्वाइन कर ली थी। वर्ष 1984 में मैं एलकॉन कंपनी में चला गया। वर्ष 1988 में मैंने नौकरी छोड़ दी और अपना बिजनेस शुरू कर दिया।

**सवाल : आपकी कंपनी किस तरह का बिजनेस करती है।**
**जवाब** : हमारी कंपनी विदेशी कंपनियों के लिए कंसल्टेंसी का काम करती है। पहले हम एक साथ दर्जनों कंपनियों के लिए काम करते थे। फिलहाल लॉकडाउन की वजह से हम तीन चार कंपनियों के काम कर रहे हैं।

**सवाल : समाजसेवा के क्षेत्र में आपने कब और कैसे कदम रखा।**
**जवाब** : वैसे तो मैं शुरू से ही थोड़ा बहुत समाज के कल्याण के लिए कार्य करता रहता था, लेकिन कुछ साल पहले मैं सेक्टर 46 की सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, कालीबाड़ी मंदिर संस्थान और जिला स्वीमिंग एसोसिएशन के साथ जुड़ गया था।

**सवाल : सीनियर सिटीजन एसोसिएशन किस तरह के कार्य करती है।**
**जवाब** : यह संस्था वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए काम करती है। संस्था ने बुजुर्गों के लिए एक क्लब बनाया हुआ है। जहां हर सप्ताह बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था है। क्लब में कई तरह के इनडोर गेम की व्यवस्था है। वहीं हर महीने संस्था की तरफ से बुजुर्गों का जन्मदिन मनाया जाता है। संस्था हर साल व्यापक स्तर पर दशहरा मेला भी आयोजित किया जाता है। जिसमें 100-100 फुट के पुतले लगाए जाते हैं। जिनका दहन मेरे हाथों कराया जाता है।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की किस तरह से मदद की।**
**जवाब** : लॉकडाउन के दौरान कालीबाड़ी मंदिर संस्थान के साथ मिलकर भोजन तैयार करने और वितरण करने में अपना योगदान दे रहा था। साथ ही आने स्तर पर भी जरूरतमंदों की मदद की थी।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**
**जवाब** : फिलहाल कोरोना की कोई वैक्सिन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में हमें मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियमों का दृढ़ता के साथ पालन करना होगा।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**
**जवाब** : नियम तोड़ने वालों से लिए जाने वाले जुर्माने की रकम से मास्क खरीद कर उसी के हाथों बंटवाने चाहिए।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : लॉकडाउन में थोड़ी सी देरी हुई हैं। यदि मार्च के शुरू में किया जाता तो स्थिति और बेहतर हो सकती थी।

### शहर का तापमान
- अधिकतम 23.01 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.04 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल, पुलिस तैनात : सुबह 8 बजे से
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों की धरना प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु
**शेयरों में निवेश**

हर किसी के लिए शेयरों में सीधे निवेश करना आसान नहीं है। इसमें रिटर्न की कोई गारंटी भी नहीं है. सही शेयरों का चुनाव मुश्किल काम है, इसके साथ ही शेयर की सही समय पर खरीदारी और सटीक वक्त पर निकलना महत्वपूर्ण है। निवेश के अन्य विकल्पों की तुलना में शेयर में लंबी अवधि में रिटर्न देने की क्षमता सबसे अधिक होती है।

### यूटीलिटी न्यूज
**73वां निरंकारी संत समागम पर 5 से**



**फरीदाबाद।** 73वां वार्षिक निरंकारी संत समागम वर्चुअल रूप में आगामी 5 से 7 दिसम्बर को सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से इस वर्ष का आयोजित किया जायेगा। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी किए गये दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए यह संत समागम वर्चुअल रूप में आयोजित किया जायेगा। जिसे विश्वभर के लाखों श्रद्धालु, घर बैठे ऑनलाइन माध्यम द्वारा देख सकेंगे। निरंकारी मिशन के इतिहासमें ऐसा प्रथम बार होने जा रहा है कि वार्षिक निरंकारी संत समागम वर्चुअल रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस सूचना से समस्त साध संगत में हर्षोल्लास का वातावरण है। संपूर्ण समागम का वर्चुअल प्रसारण मिशन की वेबसाईट पर तीन दिनों तक प्रस्तुत किया जायेगा।

### क्विक न्यूज
**जिला मैजिस्ट्रेट किए नियुक्त**

**फरीदाबाद।** जिला मैजिस्ट्रेट यशपाल ने हरियाणा कर्मचारी महासंघ की हड़ताल व भारतीय किसान यूनियन के 25 से 27 नवंबर 2020 तक दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर बसों से सुचारू संचालन के लिए और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह के तनाव की आशंका के मद्देनजर भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। डीसी ने आदेशों में जिला मैजिस्ट्रेट ने बताया कि एनआईटी फरीदाबाद व बल्लभगढ़ बस अड्डों से बसों से सुचारू संचालन के लिए धारा 144 के तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, किसी भी तरह की लाठी, जेली, बरछा, तलवार या आग्नेय अस्त्र लेकर चलने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

# बड़खल झील की खूबसूरती से भूजल न बन जाए जहरीला?

## एसटीपी के पानी से बड़खल झील को गुलजार करने की योजना

**अयोग्य अधिकारियों के कारण पहले ही कंडम हो चुके हैं कई एसटीपी**

सिटी इश्यू



फोटो: राजेश पुंजानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से समय-समय कई परियोजनाओं के तहत करोड़ों रुपये भेजा जाता है। वर्ष 2011 में जेएनएनयूआरएम के तहत सरकार की तरफ से करोड़ों रुपये भेजने गए थे, लेकिन अयोग्य अधिकारियों की देखरेख और निजी स्वार्थ कारण उस समय करवाए गए ज्यादातर कार्य निरर्थक साबित हुए हैं। उस समय बनाए गए ज्यादातर एसटीपी डंप पड़े हुए हैं। अब स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत भी सरकारी धन का जमकर दुरूपयोग हो रहा है। सीएम मनोहरलाल के ड्रीम प्रोजेक्टर बड़खल झील को गुलजार करने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से सेक्टर 21 सी में एसटीपी (सीवरेज वॉटर ट्रिटमेंट प्लांट) लगाया जा रहा है। इसके पानी से बड़खल झील को भरने की योजना हैं। निगम के अधिकारियों की लापरवाही से यदि यह एसटीपी फेल हो गया तो पूरे जिले का भूजल तो जहरीला हो ही जाएगा। साथ अरावली के जंगलों पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

**गुलजार करने की योजना**

बड़खल झील के सुखने का प्रमुख कारण जिला का भूजल स्तर गिरना है। भूजल स्तर गिरने से बड़खल झील बरसात का सारा पानी सोख लेती है। जिसके कारण सरकार ने योजना बनाई है कि करीब छह किलोमीटर की पाइप डाल कर आगरा नहर से पानी बड़खल झील तक लाया जाएगा। इस पानी को परसोन मंदिर की तरफ झील में डाला जाएगा। ताकि यह देखा जा सके झील किस स्तर तक पानी सोंख पाती है। इसी कड़ी में सेक्टर 21 सी के पास करोड़ों रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। जिससे शहर के सीवर के पानी को साफ कर नियमित रूप से बड़खल झील में डाला जाता रहेगा। इससे पहले सीवर के पानी को बादशाहपुर ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए यमुनानदी के डाला जाता है। इसके अलावा पानी के उन स्त्रोतों को भी खोला जाएगा। जिनके जरिए पहले झील में पानी आता था। पानी को रोकने के लिए कुछ बांध और अन्य कई तरह के उपाय करने की योजना बनाई गई है। लेकिन यदि यह सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट निगम अधिकारियों की लापरवाही से किसी कारणवश फेल हो गया तो जिले की क्या दुर्दशा होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

**कुछ भी सम्भव**




आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि नगर निगम के अयोग्य अधिकारियों की लापरवाही से कुछ सम्भव हैं। क्योंकि इनकी लापरवाही से सरकारी धन की बर्बादी तो हो ही रही है। साथ ही लोगों को भी परेशानी होती है। ऐसे में यदि सीवर के पानी को साफ किए बिना बड़खल झील में छोड़ दिया तो स्थिति खराब हो सकती है।

**कंडम हो चुके हैं एसटीपी**

नगर निगम के अयोग्य अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी धन लगातार बर्बाद हो रहा है, क्योंकि निगम में योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि सिफारिशों के आधार पर अधिकारियों को तैनाती और पदोन्नति मिलती है। जेएनएनयूआरएम के तहत केंद्र सरकार की तरफ से भेजा गया करोड़ों रुपये बर्बाद हो चुका हैं। इस परियोजना के तहत भेजे गए पैसे से शहर में अन्य विकास कार्यो के साथ साथ कई एसटीपी प्लांट लगाए गए थे। ताकि शहर के घरों और संस्थानों से निकलने वाले गंदे पानी को साफ करके उपयोग के लिए नहरों में डाला जा सके। नगर निगम ने इन एसटीपी प्लांटों के संचालन एवं रखरखाव का ठेका निजी कंपनियों को दिया हुआ था। यह कंपनियां निगम से अपना भुगतान तो लेती रही, लेकिन एसटीपी में लगे उपकरणों का रखरखाव और मरम्मत करने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। जिसके कारण ज्यादातर एसटीपी प्लांट कंडम होकर पूरी तरह ठप हो चुके हैं। जिसके बाद ठेकेदार कंपनियां सीवर के गंदे पानी को साफ किए बिना यमुना और नहरों में डालने लगी। जिसके कारण एनजीटी ने कई बार सख्त कदम भी उठाए हैं।

**भूजल न हो जाए जहरीला**



सीवर का पानी सीधा यमुना व नहर में डालने को लेकर एनजीटी की तरफ से पहले भी कई बार सख्त कदम उठाए गए हैं। लेकिन इसके बाद भी निगम की तरफ से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अरावली के साथ हुई छेड़छाड़ की वजह से पहले ही जिले का भूजल स्तर काफी गिर चुका है। अब बड़खल झील को एसटीपी के जरिये भरने की योजना बनाई गई हैं। यदि निगम की लापरवाही से पानी को साफ किए बिना झील में डाल दिया गया तो जिले के भूजल की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा बंधवाड़ी की हालत को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। बंधवाड़ी में ईकाग्रीन कंपनी ने बिजली बनाने के नाम पर कूड़े के पहाड़ खड़े कर दिए। जिसने आसपास के कई गांवों के भूजल को जहरीला बना दिया है। वहीं बड़खल अरावली के जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ है। भूजल जहरीला होने से पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। वहीं दूसरी तरफ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन निगम ने बड़खल झील में मयूर होटल के पास वोटिंग के लिए कृत्रिम झील बनाई थी। लाखों खर्च होने के बाद भी कृत्रिम झील कामयाब नहीं हुई। ऐसे में बड़खल झील को गुलजार करते हुए शहर के भूजल को जहरीला बनाने की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

# सांसद और मंत्री ने दिया नवविवाहिताओं को आशीर्वाद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



देवोत्थान एकादशी के उपलक्ष में सैनी समाज की तरफ से युवक-युवती विवाह सम्मेलन बल्लभगढ़ के आदर्श नगर स्थित बारात घर में आयोजित किया गया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में 6 जोड़ों की शादी कराई गईं। सैनी समाज की तरफ से सांसद नायब सिंह सैनी और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया।

जबकि मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी सांसद नायब सिंह सैनी का बल्लभगढ़ पहुंचने पर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सैनी समाज द्वारा यह अच्छी पहल की गई है इस तरीके के आयोजनों से समाज में भाईचारा बढ़ता है उन्होंने सैनी समाज की मांग पर यह भी कहा कि आदर्श नगर भीम बाग के सामने बनाए गए बारात घर का नाम शहीद नाहर सिंह के साथ शहीद हुए उनके सेनापति शहीद गुलाब सिंह सैनी के नाम पर रखा जाएगा।

विवाह सम्मेलन में उपस्थित सैनी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में सैनी समाज का अहम योगदान रहा है, सांसद नायब सिंह सैनी ने भी शहीद गुलाब सिंह सैनी को याद किया और सैनी समाज को समाज में अच्छे कार्य करने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में चहुमुखी विकास कार्य प्रदेश में चले हुए हैं, खासकर बल्लभगढ़ विधानसभा में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी का भी धन्यवाद किया और सैनी समाज को सम्मानपूर्वक अपने साथ जोड़ कर चल रहे हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का भी आभार प्रकट किया। इस मौके पर सैनी समाज के चौबीसी पाल के अध्यक्ष सुभाष सैनी, वार्ड 38 के पार्षद उर्मिला बुद्धा सैनी, निगरानी कमेटी के चेयरमैन महावीर सैनी, कुंवर सैनी,यश मोहन सैनी और गिर्राज सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## चोर को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी रोहित को चोरी के आरोप गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फरीदाबाद के विभिन्न थानों में चोरी के चार मुकदमे शामिल हैं जिनमे 1 मुकदमा थाना मुजेसर, एक थाना सूरजकुंड, एक थाना सेक्टर-7 और एक मुकदमा थाना सेक्टर-31 में दर्ज है। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति करने के लिए पैसों की आवश्यकता के चलते चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी के कब्जे एक मोटरसाइकिल, एक रेड्मी मोबाइल व गाड़ी की एक बैटरी बरामद की गई। आरोपी रोहित उर्फ पोली पुत्र नारायण दत्त, गांव हरचंदपुर, जिला अलवर राजस्थान का रहने वाला है जिसे आज अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार राकेश चौरासिया को मातृशोक



फरीदाबाद। वरिष्ठ पत्रकार राकेश चौरासिया की माता रामदेवी चौरासिया का 24 नवंबर को निधन हो गया। उन्हें कोरोना गाइडलाइन के अनुसार ज्येष्ठ पुत्र राकेश चौरासिया ने मुखाग्नि दी। 77 वर्षीया माता रामदेवी चौरासिया कैंसर से पीड़ित थी। जिस कारण वह सर्वोदय अस्पताल में पिछले एक वर्ष से उपचाराधीन थीं। वे अपने पीछे दो पुत्रों एवं तीन पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। उनके निधन पर नेताओं, पत्रकारों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों तथा समाज के अन्य वर्गों ने शोक प्रकट किया है।

### डीएससीसी ने पांच विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब ने स्पोर्ट्सक्यूब क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी के ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 27.3 ओवर में 10 विकेट पर 80 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए केटी, करन पासवान और विजय ने 12-12 रन, आनन्द यादव और तन्मय ने 8-8 रन बनाए। ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए लक्ष्य अग्रवाल ने 4 विकेट, वैभव कुमार ने 3 विकेट, भव्या कक्कड़ ने 2 विकेट और देव कश्यप ने 1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 22.1 ओवर 5 विकेट में 81 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सुभम चौहान ने 26 रन और देव दुबे ने 15 रन और म.केफ ने 13 रन बनाए। स्पोर्ट्सक्यूब क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए सचिन वर्मा ने 3 विकेट, राज सागर और तन्मय ने 1-1 विकेट लिए। लाखन उम्पैर (रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी) के द्वारा वैभव कुमार को मैन आफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### डीएससीसी ने आठ विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** 6वें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) को 8 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। ये मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ओर डीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब साथ खेला गया। डीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्यण लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) के ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 37.2 ओवर में 10 विकेट पर 139 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए आमिर ने 52 रन, अंकित यादव ने 45 रन ओर अभय सिसोदिया ने 12 रन बनाए। ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए वैभव कुमार ने 3 विकेट, भव्या कक्कड़, सचिन मिश्रा और लक्ष्य अग्रवाल ने 2-2 विकेट ओर यश भारद्वाज ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ड़ीएससीसी स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 28.5 ओवर 4 विकेट में 103 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए देव दुबे ने 43 रन, म.केफ ने 31 रन ओर हितेश बोहरा ने 19 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) की और से गेंदबाजी करते हुए रोहित करहाना ने 2 विकेट, आमिर और रिज़वान खान ने 1-1 विकेट लिए। नरेश खटाना के द्वारा वैभव कुमार को मैन ओफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### रावल ने 85 रन से जीता मैच


**फरीदाबाद।** वेंकटेश क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर प्रैक्टिस मैच का आयोजन किया गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और अनिल भट्ट क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। जिसमें अभिजीत ने 44 रन, दीपेश ने 39 रन और हर्ष ने 32 रन लिये। वहीं अनिल भट्ट अकादमी के गेंदबाज जोंटी और यश ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अनिल भट्ट अकादमी ने 24 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 101 रन बनाए और आउट हो गई। जिसमें अमित ने 29 रन, कमल ने 16 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज हर्ष ने तीन विकेट और यतिन ने दो विकेट लिए। अंत में रावल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 85 रन से जीत लिया। इस मैच में मैन आफ द मैच का खिताब हर्ष दलाल को उनकी बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी को देखते हुए दिया गया।

### सौन्दर्यीकरण को नगर में चलेगा स्वच्छता अभियान



**बल्लभगढ़।** एसडीएम अपराजिता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बल्लभगढ़ में सौन्दर्यीकरण में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के बल्लभगढ़ में सार्वजनिक स्थानों पर ब्यूटीफिकेशन यानी कि सौन्दर्यीकरण के लिए वाल पेटिंग करवाई जाएगी। इसकी शुरुआत बुधवार को एसडीएम अपराजिता ने स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला के पीछे से गन्दगी की साफ सफाई करवा कर यहां पर वाल पेन्टिंग कराके की। बल्लभगढ़ में शुरुआत के दौरान एसडीएम अपराजिता मौजूद रहीं। एसडीएम अपराजिता ने कहा कि बल्लभगढ़ में ब्यूटीफिकेशन में स्वच्छता अभियान के लिए विद्यार्थियों और समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ तालमेल करके इसे मूर्त रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इससे प्रेरित हो बल्लभगढ़ का आम जन स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके इसकी सफलता में अपना योगदान दे सके।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लड़की गुल्लो उर्फ गुलबहार पुत्री रहीश खान निवासी मकान न. 1991 काली माता मन्दिर वाली गली नेहरू कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद उम्र 22 साल दिनांक 21.11.2020 को टाउन न.3 में साफ सफाई का काम करने के लिए गई थी जो आज तक वापिस नहीं आई है। जिसका हुलिया- रंग गेहुवां, गोल चेहरा, पतला जिस्म लम्बाई 4 फिट 6 इंच। मुकद्दमा न. 508, दिनांक 24.11.2020 यू/एस 346 आईपीसी थाना डबुआ फरीदाबाद। अगर किसी को इस बारे सूचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

**थाना डबुआ फरीदाबाद - 0129-2481846**
**प्रबंधक अफसर थाना डबुआ - 9582200155, 9582200161, 9971060550**
**परिवार जन - 8742934753**

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार 26 नवंबर, 2020



## संक्षिप्त समाचार

### जूम प्लेटफार्म पर 9वें डीएलएफ बिजनेस समिट 2020 का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन 27 नवम्बर को जूम प्लेटफार्म पर 9वें डीएलएफ बिजनेस समिट 2020 का आयोजन कर रही है। एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने बताया कि एमएसएमई और कोविडएबिल्टी-लिविंग विद कोविड विषय पर आयोजित इस समिट में महाप्रबंधक व रीजनल हैड नई दिल्ली डॉ. एसएस आचार्य मुख्यातिथि होंगे, जोकि सिडबी व सरकार द्वारा एमएसएमई सैक्टर को दी जाने वाली सुविधाओं पर जानकारी देंगे। मल्होत्रा ने बताया कि कोविडबिल्टी-स्किल सैट फॉर एमएसएमई विषय पर डीके बख्शी, सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय वक्ता वर्तमान परिवेश के अनुरूप उपस्थितजनों को कोविड से संबंधित व्याख्यान देंगे। पीजीआईएमएस रोहतक में कोविड-19 वैक्सीन की प्रिंसीपल इन्वेटीगेटर डॉ. सविता वर्मा, वैक्सीनेशन की स्थिति व ट्रायल के संबंध में बताएंगी, जबकि एमएसएमई इंटरनेशनल चैम्बर के चेयरमैन रविन्द्र नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजैक्ट आत्मनिर्भर भारत में एमएसएमई सैक्टर की भूमिका पर चर्चा करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव विजय राघवन ने बताया कि एसोसिएशन की 18वीं वार्षिक आम सभा भी 27 नवम्बर को आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि डा. आचार्य व बीके बख्शी एसोसिएशन के समिट सोविनार का लोकार्पण करेंगे।

### बच्चों को ढूंढ परिवार की खुशियां लौटा रही पुलिस

**फरीदाबाद।** लापता बच्चों को ढूंढने में आजकल फरीदाबाद पुलिस अच्छी खासी सतर्क है, बच्चों के गमशुदगी के मामले पुलिस की प्राथमिकता पर है। घटना की सूचना मिलते ही प्रयास शरू कर दिए जाते है, इसमें तकनीकी मदद के साथ ही मुखबिरों की भी मदद ली जाती है। तकनीकी मदद से हाल के दिनों में कई गुमशुदा बच्चो को पुलिस ने उनके परिजनों से मिलाया है। दरअसल ज्यादतर बच्चे अपनी अनुचित मांग नहीं माने जाने, परीक्षा में कम अंक आने, परिजनों की डांट अथवा अन्य कारणों से खुद घर छोड़कर चले जाते है। वही, कुछ बच्चे लापता हो जाते है और अपने परिवार से बिछड़ जाते है। कुछ मामलो में ही बच्चो के अगवा करने के मामले में मानव तस्करों की भूमिका सामने आती है, तस्कर बच्चो से भीख मंगवाने के अलावा नाबालिग बच्चियों से गलत काम तक करवाते है, लेकिन, फरीदाबाद में इस तरह की घटना ना के बराबर है, बावजूद इसके बच्चों के मामले में पुलिस की जांच में कोई कमी ना छोड़ी जाए इसके लिए फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखा है। पुलिस की सतर्कता के कारण गत दिनों कई बच्चो को सकुशल बरामद किया गया है। गुमशुदगी का ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें नाबालिग 8 साल की बच्ची को फरीदाबाद पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाया है, आपको बताते चले कि फरीदाबाद पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रेलवे चाइल्डलाइन आगरा द्वारा एक सूचना प्राप्त हुई कि एक नाबालिग आठ साल की बच्ची जो अपने आप को कृष्णा कॉलोनी फरीदाबाद की रहने वाली बता रही है और आगरा रेलवे स्टेशन पर घूमती मिली है।

### आज है राष्ट्रव्यापी हड़ताल सभी तैयारियां पूरी

**फरीदाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सभी तैयारियां पूरी है। ऐतिहासिक अभूतपूर्व होने के साथ-साथ हड़ताल का होगा व्यापक असर रहेगा। यह दावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव सतीश सेठी ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की सभी तैयारियां पूरे प्रदेश में सम्पन्न कर ली गई है। जिसमें सभी सरकारी व अर्ध सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डो, नगरपालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों, यूनिवर्सिटीयो एवं स्कूलों के हजारों कर्मचारी, अध्यापक, परियोजना कर्मी एवं मजदूर भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे। आम हड़ताल का आह्वान केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संगठनों की फेडरेशनों ने संयुक्त रूप से की है। शास्त्री व सेठी ने कहा कि सरकार को तानाशाही रवैया त्यागकर कर्मचारियों, मजदूरों और किसानों से वार्ता करके मांगों का समाधान करना चाहिए।

# शादियों में खूब उड़ी कोविड गाइडलाइंस की धज्जियां

## बाजारों में भीड़ , पुलिस दिखी सख्त

कविता। फरीदाबाद



**कोरोना** महामारी के बीच पुलिस द्वारा सख्ती बरतते हुए बिना मास्क लोगों के चालान काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर में बुधवार को हुई शादियों में बिना मास्क लगाए लोग नजर आए। सरकार ने शादी में 50 से 100 लोगों को एकत्रित करने की परमिशन दी है, लेकिन शहर में इन आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शादी समारोह में लोगों को कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देखा गया।

**कट रहे चालान**

शादी ब्याह में पहुंचने से पहले पुलिस के डर से लोग रास्ते में तो मास्क पहने रहे हैं, लेकिन विवाह स्थल पर कोरोना के खतरे को भूलकर कोविड-19 की गाइडलाइन को ताक रखकर मस्ती करते रहे हैं। शहर में पुलिस द्वारा सख्ती के साथ चालान काटे जा रहे हैं। जिसमें बिना मास्क के लोगों के चालानों की संख्या अधिक है। ऐसे में लोग सड़क पर दिखाने के लिए मास्क पहन रहे हैं, लेकिन कार्यक्रमों में मास्क को साइड करते नजर आ रहे हैं।

**यह रही खामियां**

एक दिन पहले मैरिज गार्डन में होने वाली शादियों को लेकर प्रशासन ने भले ही सख्ती बरती हो, लेकिन घर में होने वाली शादियों को लेकर सख्ती नहीं है। गार्डन में प्रवेश करने वाले को मास्क व सैनिटाइजर अनिवार्य किया था। किसी को बिना मास्क प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लेकिन घरों के भीतर हुई शादियों में यह नियम टूटते नजर आए। वहीं सामुहिक विवाह समारोह में भी भीड़ नजर आई।

**संक्रमण का डर**

जिले में शादियों के लोग बाजार में बेरोकटोक नियमों को ताक पर रखकर घूम रहे है। जिनके चेहरे पर मास्क तक नहीं है। देवउठनी एकादशी से शादियां होने से बाजार में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। मिष्ठान, आभूषण, कपड़े के व्यापारियों ने तो इस बार ग्राहकों को लुभाने के लिए नई-नई वेरायटियां उतारी है और ऑफर भी दे रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि सप्ताह भर से व्यवसाय में तेजी आई है। लेकिन इस बाजार में कोरोना से बचने के लिए के सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में एक बार फिर कोरोना फैलने का डर बना हुआ है।

**जगह-जगह जाम**

शहर में शादियों के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों, गलियों, हाइवे समेत फ्लाईओवरों पर जाम लगा हुआ नजर आया। भीड़ में 5 मिनट वाला रास्ता 15 से 30 मिनट का हो गया। जिससे लोगों को भारी परेशानियां हुई और इससे कोरोना का खतरा बढ़ता नजर आया।

## अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ने अदालत से अलग-अलग मुकदमों में गैर-हाजिर चल रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में सलीम, खालिद और सुनील का नाम शामिल है। आरोपी सलीम उर्फ सल्लम पुत्र जाकिर हुसैन गांव धौज, फरीदाबाद का रहने वाला है जो थाना एनआईटी में चोरी की धारा के तहत दर्ज मुकदमा नंबर 67/2016 में अदालत से लगातार जानबूझकर गैरहाजिर चल रहा था जिसके चलते अदालत ने इसे अपराधी घोषित कर दिया था। जिसे क्राइम ब्रांच 85 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खालिद पुत्र गफ्फार भी गांव धौज, फरीदाबाद का रहने वाला है जिसपर वर्ष 2018 से चेक बाउंस का केस चल रहा था

# कोविड-19 : शहर में लगे 26 कैम्पों में 300 लोग पॉजिटिव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना को लेकर अब सर्तक हो गया है। जिसे देखते हुए बुधवार को विभाग की तरफ से 26 स्थानों पर कोविड-19 जांच शिविर लगाए। जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 300 लोग पॉजिटिव पाए गए। यह सभी सैम्पल विभाग की मोबाइल टीमों, विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों और सिविल अस्पतालों की टीम द्वारा लिए गए।

**अधिक सैम्पल का लक्ष्य**

पिछले दिनों स्वास्थ्य निदेशक ने वीके बंसल ने जिले में दौरा करके अधिक से अधिक सैम्पल लेने के निर्देश जारी किए थे। जिसे देखते हुए विभाग की तरफ से पहले तो बॉर्डर पर रैंडम सैम्पलिंग का कार्य शुरू किया गया था। विभाग की तरफ से जिले के 26 स्थानों पर जांच शिविर लगाकर सैम्पल लिए गए। जिसमें अधिक से अधिक सैम्पलिंग का लक्ष्य रखा गया।

**नौ हजार में 300 पॉजिटिव**

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमितों की पहचान कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोरोना जांच शिविर आयोजित किए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाम पांच बजे तक नौ हजार सैम्पल लिए। इनमें 5 हजार आरटीपीसीआर सैंपल थे, जबकि 4 हजार रैपिड एंटीजन टेस्ट थे। इनमें से करीब 300 सैंपल की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इनमें से अधिकतर संक्रमित बिना लक्षण वाले थे। 60 वर्ष से अधिक एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे संक्रमितों को कोविड अस्पताल में, जबकि अन्य को डेडिकेटेड कोविड केयर केंद्रों एवं होम आइसोलेट किया गया है।

**दूर की परेशानी**

वहीं लैब टेक्नीशियन सतपाल एवं सुनील अत्री की टीम ने विभिन्न स्थानों पर जाकर शिविरों की निगरानी भी की। यदि कहीं पर शिविर को चलाने में परेशानी आई, तो उसे तुरंत किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रणदीप सिंह पूनिया ने बताया कि बिना लक्षण वाले संक्रमितों पर ढूंढने की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों के घरों पास एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाया था। उन्होंने बताया कि रैपिड एंटीजन टेस्ट में करीब 300 लोग संक्रमित पाए गए हैं, जबकि आरटीपीसीआर सैंपल की रिपोर्ट 24 घंटे बाद आएगी।

**यहां लगे शिविर**

जिले में 26 शिविर विभिन्न स्थानों पर लगे। जिसमें बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी, सेक्टर-23 स्थित यूपीएचसी, संजय कालोनी चौकी, सिंह सभा गुरुद्वारा एनआइटी एक, अभियंत क्लीनिक एनआइटी एक-दो चौक, गीता मंदिर एनआइटी एक, पीएनबी नेहरू ग्राउंड, नाथू सिंह चौक, सीएचसी तिगांव, चौपाल तिगांव मार्केट, मिर्जापुर रोड बस अड्डा, बस अड्डा बल्लभगढ़, अंबेडकर चौक, शिव दुर्गा विहार, सेक्टर तीन मार्केट, सेक्टर तीन, सुधा रस्तोगी डेंटल कालेज, सीएचसी खेड़ीकलां, खेड़ीपुल, भारत कालोनी, बीपीटीपी पुल, पाली क्रेशर जोन गुरुग्राम रोड, बदरपुर बार्डर, सीजीओ काम्प्लेक्स एनआइटी चार, डबुआ मंडी, पल्ला पुल पर शिविर लगाए गए।

## दो स्थानों पर लगाया जांच शिविर

**बल्लभगढ़।** एसडीएम अपराजिता ने आज बुधवार को स्थानीय डाक्टर भीमराव अम्बेडकर साहेब चौंक और बस स्टैंड परिसर से कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत व्यापारियों और आम जन तथा यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच शिविर का आयोजन किया गया। ये दोनों कोविड-19 जांच शिविर फरीदाबाद जिला मे कोविड-19 के बढ़ते प्रभावों को रोकने के लिए बल्लभगढ़ उपमंडल के अंतर्गत व्यापारियों, कर्मचारियों तथा आम जन हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर स्वस्थ विभाग की टीम, सीएमओ और एसएमओ डॉ मान सिंह की पहल पर बल्लभगढ़ के सभी व्यापारिक संगठनों के सहयोग से डाक्टर भीमराव अम्बेडकर साहेब चौंक पर व्यापारियों तथा आम जन और बस स्टैंड परिसर में यात्रियों का कोविड -19 का नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस कोविड जांच शिविर के लिए भी व्यापारी जगत के लोगों ने तथा आम जनता ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागीता कर अपनी कोविड-19 से जुड़े टेस्ट को करवाकर, इस जांच शिविर का लाभ लेते हुए दिखे।

## बहु तकनीकी संस्थानों में वंचित छात्रों को दाखिले का मौका

### ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन होगा और प्रवेश के अगले दिन जमा कर सकते हैं फीस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



राजकीय बहु तकनीकी उटावड़, मंडकोला तथा महिला बहु तकनीकी, फरीदाबाद में खाली पड़ी हुई सीटों को प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों में से मेरिट बनाकर दाखिला दिया जाएगा। चयनित छात्र एवं छात्राएं अगले दिन तक फीस भर सकते हैं।

प्रधानाचार्य, डॉ प्रताप सिंह चेची ने बताया कि अब तक राजकीय बहु तकनीकी संस्थान उटावड़ में 340 दाखिले हो चुके हैं तथा 80 सीटें रिक्त हैं। राजकीय बहु तकनीकी संस्थान मंडकोला में 236 सीटें भर चुकी है तथा एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया ब्रांच में सीटें रिक्त हैं। सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बताया जाता है कि वह दाखिला लेने के लिए किसी भी दिन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कोरोना संक्रमण के बीच जिले के राजकीय बहु तकनीकी उटावड़ एवं मंडकोला में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। सरकार द्वारा जारी सभी एसओपी एवं गाइडलाइंस के अनुसार कक्षाएं लगाई जा रही हैं तथा सभी कोविड-19 के मापदंडों को अपनाकर कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

साथ ही सभी विद्यार्थियों को कम से कम दो गज की दूरी पर बिठाया जा रहा है तथा सभी अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी छात्र एवं छात्राओं को बिना मास्क कक्षाओं में न बिठाया जाए। प्रतिदिन पूरे संस्थान को सैनिटाइज करवाया जाता है।

# आंदोलन में व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस सतर्क

### 15 सौ से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



विभिन्न किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित दिल्ली चलो आह्वान के संबंध में दिल्ली मे प्रवेश करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने ट्रेवल एडवाइजरी जारी की है जिसमें बताया गया है कि आगामी 25,26,27 नवंबर को फरीदाबाद से दिल्ली में प्रवेश करने वाले स्थानों पर यातायात-अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है।

जैसा कि विदित है कि विभिन्न किसान संगठनों द्वारा 26 नवंबर व 27 नवंबर 2020 को संभावित 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया गया है जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

डॉ अर्पित जैन डीसीपी मुख्यालय ने बताया कि इन प्रबंधों का प्राथमिक उद्देश्य जिले में कानून और व्यवस्था बनाए रखना, किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने व सार्वजनिक शांति बनाए रखने, यातायात व सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के कामकाज को सुविधाजनक सुनिश्चित करना है।

डॉ अर्पित जैन ने इस संबंध में फरीदाबाद में लगाई गई पुलिस ड्यूटियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के बॉर्डर एरिया में पुलिस तैनात रहेगी जो किसी भी प्रकार कि प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखना सुनिश्चित करेगी।

एनएचडब्ल्यू पर बदरपुर बॉर्डर, थाना पल्ला ऐरिया से जैतपुर बॉर्डर, सूरजकुंड शूटिंग रेंज बॉर्डर, फरीदाबाद से गुड़गांव रोड पर मागरं से दिल्ली फतेहपुर में एंट्री करने वाले बॉर्डर पर इसके अलावा पलवल की तरफ से फरीदाबाद में एंट्री प्वाइंट सीकरी बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के सभी जोनो के प्रभारी जोन के पुलिस उपायुक्त होंगे जिनकी सहायता के लिए जोन के सहायक पुलिस आयुक्त रहेंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। जोन के सभी थाना प्रबंधक अधिकतम पुलिस बल के साथ मौजूद रहेंगे जो किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए उपस्थित होंगे।

## कोरोना: पांच मौतें, 485 पॉजिटिव से आंकड़ा 38460

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को 485 पॉजिटिव आने से कोविड-19 का आंकड़ा 38460 पर पहुंच गया। वहीं जिले में पांच पॉजिटिव मरीजों की मौत हो गई। जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 315 पर पहुंच गया। जिले में राहत की बात यह रही कि 579 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का कोविड-19 का रिकवरी रेट 86.9 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**मृतक और पॉजिटिव**

पांच मृतकों में डबुआ कालोनी से 65 वर्षीय महिला, जवाहर कालोनी से 85 वर्षीय बुजुर्ग, सेक्टर-56 निवासी 42 वर्षीय पुरूष, सेक्टर-सात निवासी 78 वर्षीय महिला समेत सेक्टर-37 निवासी 53 वर्षीय पुरूष शामिल है। यह कोरोना समेत अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त थे।

वहीं 485 पॉजिटिव में भारत कालोनी, सेहतपुर, इंदिरा काम्पलेक्स, चावला कालोनी, सेक्टर-3, 10, 31, 9, 87, 78, 55, 11, 7,एनआईटी-दो, तिरखा कालोनी, आदर्श नगर, शिव कालोनी, अमर नगर, अशोका इंक्लेव, सुभाष कालोनी, राजीव कालोनी, विष्णु कालोनी, पाली, मौजपुर, ग्रीनफिल्ड कालोनी, सूरजकुंड, चार्मुवड, दयाल नगर, शिव दुर्गा बिहार, चंदावली, कृष्णा कालोनी, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, भूपानी, डबुआ, नेहरू कालोनी, पर्वतीया कालोनी, जवाहर कालोनी, प्रेम नगर, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, तिगांव, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर कालोनी, यादव कालोनी, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, नरहावली और अन्य इलाकों से मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 316433 |
| अब तक पॉजिटिव | 38460 |
| अब तक नेगेटिव | 277521 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 452 |
| गंभीर मरीज | 81 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | 13 |
| अब तक मौत- | 315 |
| अब तक ठीक | 33432 |

## अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि 25 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के समूह व संगठन महिलाओं की समाज में चिंताजनक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने लाने के लिए वर्ष 2000 से शुरुआत की गई थी।

## रेप पीड़िताओं को दिया 3.18 करोड़ का मुआवजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद दीपक गुप्ता के निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा हरियाणा विक्टिम कंपनसेशन स्कीम 2013 के तहत 84 रेप पीड़ित महिलाओं को तीन करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपये की राशि को मुआवजा के तौर पर रेप पीड़ितों में आवंटन किया गया। यह मुआवजा राशि कोरोना महामारी की वजह से बकाया चली आ रही थी। मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा इन रेप पीड़ित महिलाओं को मुआवजा राशि वितरित की गई। यह मुआवजा राशि रेप पीड़ित महिलाओं को इलाज के लिए ट्रॉमा से बाहर निकलने के लिए या उनके पुनर्वास के लिए मुआवजा के तौर पर दी जाती है। जिससे वह पीड़िता दोबारा से समाज में मुख्यधारा से जुड़ सकें तथा अपना व अपने परिवार का भविष्य की योजनाओं को कार्यवृत्त कर सकें।

## अस्थाई सम्पति आईडी बंद करने से परेशानी

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन टेंपरेरी प्रॉपर्टी आईडी बनाए जाने का जो प्रावधान सरकार द्वारा आम लोगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए किया गया था। उसे एकाएक बंद करने से हजारों भू संपत्तियों के मालिक नगर निगम कार्यालयों में दर्जनों चक्कर लगाने के बावजूद भी स्थाई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने में बिना रिश्वत दिए सफल नहीं हो पा रहे हैं। यह आरोपी फीएवा के पदाधिकारियों ने लगाया है। इसी संदर्भ में संस्था के कुछ वरिष्ठ सदस्य महासचिव गुरमीत सिंह देओल के नेतृत्व में प्रशासक हुड्डा प्रदीप दहिया जी मिलकर उन्हें इन समस्याओं से अवगत करवाया और एक लिखित मांग पत्र भी सौंपा। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि पुराने सेक्टरों में तो जैसे-कैसे ले देकर स्थाई प्रॉपर्टी आईडी बना दी जाती है। लेकिन हुड्डा द्वारा बनाए गए नए सेक्टरों में यह भी संभव नहीं हो पा रहा।

# मजदूर-किसानों के समर्थन में आज रहेगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केन्द्रीय** ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर को कर्मचारी व मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल के चलते नगर निगम, बिजली, हुड्डा,जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, वन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, रोड़वेज, टूरिज्म, विकास एवं पंचायत, आईटीआई आदि अनेक विभागों में काम काज प्रभावित रहेगा। इसके अलावा बैंक, बीमा,डाक तार, भूजल बोर्ड, आयकर, प्रतिरक्षा, इंडियन आयल आदि में कार्यरत कर्मचारी और प्राईवेट कारखानों में काम करने वाले मजदूर भी बड़ी संख्या में हड़ताल पर रहेंगे। सीटू से जुड़ी आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील वर्करों ने भी हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया है। हड़ताली कर्मचारी सुबह हड़ताल करके अपने अपने कार्यालयों पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों के बाद सभी विभागों के कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर एकत्रित होंगे। वहां कर्मचारियों की आम सभा आयोजित की जाएगी। सभा के बाद बाजार में जूलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

**ये हैं प्रमुख मांगें**

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल की प्रमुख मांगों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, ठेका प्रथा समाप्त कर ठेका कर्मचारियों को सीधे विभागों के पे रोल पर लेने, सेवा सुरक्षा एवं समान काम समान वेतन देने, रेगुलराइजेशन की नीति बनाने,पुरानी पेंशन बहाल करने, डीए व एलटीसी पर लगाई रोक को हटाने, जबरन तरीके से पारित किए श्रम कानूनों व कृषि बिलों को रद्द करने, बिजली संशोधन बिल 2020 के ड्राफ्ट को वापस लेने, रोडवेज सहित अन्य विभागों में तेजी से लागू की जा रही निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को स्थाई भर्ती से भरते हुए बेरोजगारों को रोजगार देने, बैकलाग को विशेष अभियान चलाकर भरने, प्रीमेच्योर रिटायरमेंट करने के पत्र को वापस लेने, केन्द्र सरकार राज्यों के बकाया जीएसटी का शेयर को देने, बर्खास्त पीटीआई को बिना किसी देरी के एडजस्ट करने और 816 ड्राइंग टीचर और स्पोर्ट्स कोटे में ग्रुप डी में लगे 1518 कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने, नोकरी से निकाले गए सभी ठेका कर्मचारियों को वापस सेवा में लेना, जनतांत्रिक अधिकारों एवं संवैधानिक संस्थाओं पर किए जा रहे हमलों पर रोक लगाने आदि शामिल है।

# शादी व सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों में तय ये ज्यादा लोग इकट्ठा न हों: यशपाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिला मजिस्ट्रेट यशपाल ने कोविड-19 के बढ़ते हुए मामलों के दृष्टिगत विभिन्न सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों व विवाह समारोह में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर तुरंत कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत जारी किए गए हैं और उल्लंघन करने पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि इन आदेशों को लागू करने के लिए संयुक्त आयुक्त नगर निगम व सभी बीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों के बैंक्वेट हॉल संचालकों की मीटिंग भी लेंगे और आदेशों को अपने-अपने क्षेत्रों में गंभीरता से लागू करवाने की जिम्मेदारी इन सभी अधिकारियों की होगी। यह अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी इन कार्यक्रमों की विजिट करे और धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम व शादी समारोह में अगर कोई नियमों का उल्लंघन दिखाई देता है तो उसकी लिखित रिपोर्ट भी दे। इस संबंध में संबंधित थानों के एसएचओ को भी नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एक अन्य आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने सभी एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक-धार्मिक व विवाह कार्यक्रमों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारी प्रतिदिन बैंक्वेट हॉल व मैरिज प्लेस का दौरा करेंगे और इसकी ऑनलाईन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

# स्वच्छता के प्रति जागरुकता को गुरुग्राम नगर निगम ने शुरू किया थ्री-बिन सेल्फी ड्राइव

## तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी लेकर भेजें, सम्मान में निगम देगा प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।



स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम ने थ्री-बिन सेल्फी ड्राइव या तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी अभियान शुरू किया है। इस दौरान लोगों को अलग-अलग कचरा डालने के लिए घर, दफ्तर में रख गए तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी लेकर निगम को भेजनी होगी। सेल्फी भेजने वालों को नगर निगम गुरुग्राम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगा। बुधवार को नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 20 बेहतरीन सेल्फी को अलग से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन के तहत 4आर अर्थात रिड्यूज, रियूज, रिकवर एवं रिसाइकिल की नीति के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नागरिकों को प्राथमिक स्तर पर ही कचरे को कम करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि लैंडफिल साईट तक केवल इनर्ट की पहुंचे। नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह के मुताबिक थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव के तहत नागरिकों को कचरा अलग-अलग करने और तीन डस्टबिन के साथ एक सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा तथा पीले रंग के डस्टबिन में घरेलू हानिकारक एवं चिकित्सा संबंधी कचरा अलग-अलग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा उन सभी जिम्मेदार नागरिकों को प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे, जो देशहित में अपने शहर के कचरे को कम करने की दिशा में मदद करेंगे। उन्होंने गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर अपने गुरुग्राम को सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अपना योगदान दें।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार के अनुसार गुरुग्राम के सभी नागरिक इस थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव में हिस्सा लें। प्राथमिक स्तर पर ही कचरे को कम करने के लिए 4 आर नीति को अपनाएं। सेल्फी अपलोड करने के लिए http://bit.ly/tribinggm लिंक का इस्तेमाल करें।

# हरियाणा के युवा घर बैठे कर सकेंगे विदेशी मुद्रा में कमाई

## इस कार्य के प्रशिक्षण को द्रोणाचार्य महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत

### राज्य के पांच महाविद्यालयों में प्रोजेक्ट के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को देंगे प्रशिक्षण

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता।

**हरियाणा** के युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने को बुधवार को गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय समेत प्रदेश के पांच महाविद्यालयों में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता की द्वारा गुरुग्राम में की गई। इस सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा घर बैठे ही विदेशी मुद्रा में कमाई कर सकेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को ही मौका दिया जा रहा है।

हरियाणवी युवाओं को रोजगार दिलाने के मामले में एक अहम कदम उठाते हुए पब्लिक पायलट प्लेटफार्म प्रोजेक्ट की शुरुआत दिसंबर महीने में ट्रेनिंग देने के लिए राज्य के पांच महाविद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था। प्रथम चरण में प्रदेश के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला, पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करनाल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिसार तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-16 फरीदाबाद में युवाओं को कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को ऐसी ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे हरियाणा के युवा घर बैठे विदेशी मुद्रा में भी कमाई कर सकेंगे।

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हुए हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार व हरियाणा सरकार युवाओं को स्वरोजगार/उद्यमिता तथा रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप नीति पर बल दे रही है। इसी नीति के अनुरूप हरियाणा का उच्चतर शिक्षा विभाग अपने शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्टअप-इकोसिस्टम बनाने के लिए दिसम्बर से समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत से इस कदम को और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग ने हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को फ्रीलांसिंग प्लेटफार्म से ट्रेनिंग देने के लिए ऐपवर्क्स आईटी सोल्यूशन को इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में चयनित किया गया था। लॉक डाउन में भी यह प्रोजेक्ट सुचारू रूप से कार्य करता रहा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों के उद्यमिता के अवसरों को बढ़ाया जाएगा, बल्कि प्रदेश में विदेशी मुद्रा की आमद भी बढ़ेगी। अधिकांश फ्रीलांसिंग पोर्टलों से आय विदेशी मुद्रा में ही आती है। इस मौके पर अरुण जोशी डिप्टी डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, पूजा खुल्लर प्रिंसिपल द्रोणाचार्य कालेज व गगन भार्गव ऐप वर्क्स आईटी सोलुशन से मौजूद रहे।

# कैनविन का कमाल : चार महीने में 205 लोगों से डोनेट कराया प्लाज्मा



गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड एवं प्लाज्मा बैंक में प्लाज्मा डोनेट कराते कैनविन फाउंडेशन की टीम के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था कैनविन फाउंडेशन उन लोगों के लिए रामबाण साबित हो रही है, जो लोग कोरोना संक्रमित हुए। उन्हें प्लाज्मा की जरूरत पड़ी तो कैनविन की टीम दिन-रात उनकी सेवा में खड़ी रही और खड़ी है। संस्था के सकारात्मक प्रयासों से ही प्लाज्मा बैंक की स्थापना से अब तक 4 माह में 205 लोगों के प्लाज्मा डोनेट करवा दिए गए हैं। संस्था के इस अनुकरणीय कार्य की खूब सराहना हो रही है। शहर के कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड बैंक में प्लाज्मा बैंक की स्थापना 30 जुलाई को की गई थी। स्थापना के दिन ही कैनविन फाउंडेशन ने कोरोना से ठीक हुए 4 लोगों का प्लाज्मा डोनेट कराया। इस कार्य की जिला उपायुक्त अमित खत्री व सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने टीम को प्रेरित किया है। रोटरी ब्लड एवं प्लाज्मा बैंक के इंचार्ज सुनील तनेजा भी पूरी तन्मयता से इसमें सहयोग कर रहे हैं।

प्लाज्मा बैंक की स्थापना होने के बाद कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि संस्था के प्रयासों से अब तक 205 लोगों का प्लाज्मा डोनेट कराया जा चुका है। जिले में कुल 332 प्लाज्मा डोनेट हुए हैं। डीपी गोयल व नवीन गोयल ने कहा है कि करो प्लाज्मा दान-बचाओ किसी की जान। उन्होंने कहा कि कोरोना की अभी तक दवाई नहीं आई है।

इसलिए आज इंसान ही इंसान के ईलाज का माध्यम बना हुआ है। कोरोना से ठीक हुए व्यक्ति द्वारा दिया गया प्लाज्मा कोरोना संक्रमितों के उपचार में काम आ रहा है। इसके काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसलिए सभी सामाजिक संस्थाओं से भी उनकी अपील है कि वे प्लाज्मा डोनेट कराने में अपनी भूमिका निभाएं।

# नगर परिषद को 35 लाख रुपये की कमाई प्रॉपर्टी टैक्स से हुई

### छूट योजना के दौरान परिषद को हुई थी 55 लाख रुपये के करीब आय

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नवंबर** माह में भी नगर परिषद ने अपने प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में अच्छी खासी रकम की कमाई की है। नवंबर माह में परिषद को 35 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में कमाई हुई है। अपने प्रॉपर्टी टेक्स की वसूली करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही नगरपरिषद को लाभ मिलने लगा है। 31 अक्टूबर तक प्रदेश सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स में दी गई छूट योजना के दौरान परिषद को 55 लाख रुपये के करीब आय हुई थी। एक नवंबर से प्रदेश सरकार की छूट की योजना समाप्त होने के बाद से परिषद अपने ही दम पर प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली कर रही है। जिसमें एक नवंबर से 20 नवंबर तक परिषद ने बकायादारों से 35 लाख 84 हजार रुपये की वसूली की है। जिसमें सबसे ज्यादा 10 लाख रुपये के लगभग की राशि रहेजा से प्राप्त हुई है। परिषद अब तक बकाया प्रॉपर्टी टेक्स में से 90 लाख 84 हजार रुपये की वसूली करने में सफल रही है।

**नये आबादी क्षेत्र से भी वसूली**

परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद सीमा क्षेत्र में नवनिर्मित रिहायशी सोसायटियों को भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के नोटिस दिए जा रहे हैं। ताकि परिषद को प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली समय पर हो सके।

**संपत्ति सील होने का डर**

प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने की नोटिस समय सीमा के बाद परिषद ने सम्पत्ति सील करने के नोटिस जारी कर दिए हैं। सम्पत्ति सील होने के भय से सोसायटी मालिकों से लेकर निजी सम्पत्ति मालिकों में हड़कंप मच गया है। जो सील होने के डर से अपना बकाया टैक्स को जमा कराने के लिए आ रहे है।

# पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने बिना अनुमति खोद डाली सड़क

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



सड़क की खुदाई करती पब्लिक हेल्थ विभाग की जेसीबी

**फिरोजपुर** झिरका उपमंडल के गांव पाठखोरी में पब्लिक हेल्थ अधिकारियों ने पाइप लाइन बिछाने के लिए गुरुग्राम-अलवर हाईवे से पाठखोरी जाने वाली सडक को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की बिना अनुमति खोद डाला। लोगों ने जब इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई तो पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने अधूरा काम छोडकर जेसीबी को बंद करा दिया और अनुमति के प्रयास के लिए कोशिशें शुरु कर दी है।

पाठखोरी निवासी साजिद हुसैन, हमीदा ने बताया कि रैनीवेल परियोजना के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा सड़क की खुदाई की गई है, जिसे बिना अनुमति और नियमानुसार नहीं खुदवाया गया है। उन्होंने कहा कि जब विभागीय अधिकारियों से कहा सुनी की गई तो काम को बंद किया गया। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ आस मोहम्मद ने स्पष्ट कहा है कि पब्लिक हेल्थ के किसी भी अधिकारी ने उनसे सड़क को खोदने से पहले किसी तरह की कोई अनुमति नहीं ली है। वहीं इस मामले में पब्लिक हेल्थ के जेई वली मोहम्मद का कहना है कि काम को बंद करा दिया गया है, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में बात की जा रही है।

# देवउठनी एकादशी और तुलसी पूजन हुआ

**गुरुग्राम।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देवउठनी एकादशी व तुलसी पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, सूर्य विहार का माता वैष्णो मंदिर, गीता भवन, सुदर्शन माता मंदिर, सिद्धेश्वर, भूतेश्वर, घंटेश्वर आदि मंदिरों तुलसी पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु शामिल हुए।

# शहीद जगनलाल के नाम पर होगा बिस्सर कॉलेजः यादव

**तावडू।** गिरता है शहीदों का रक्त जहां वह ठोर तीर्थ कहलाते हैं, ये रक्त बीज अपने जैसों की नई फसल दे जाते हैं। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ओमप्रकाश यादव ने गांव बिस्सर में शहीद जगनलाल की मूर्ति के अनावरण के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल द्वारा लिखी कविता को दोहराया। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा



है कि गांव के शहीद जगनलाल व महेंद्र सिंह का जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने उनके समक्ष शहीद जगनलाल के नाम पर गांव के कॉलेज व गांव की दो सड़कों का नाम रखने की वे सरकार से पैरवी करेंगे। सोहना के विधायक संजय सिंह ने कहा कि जिस देश में शहीदों व राष्ट्रनायकों का समुचित सम्मान होता है वही राष्ट्र जीवंत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में देश के लिए शहीद होने वाले गांव बिस्सर के लाल जगनलाल का जीवन हमें युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडी अकादमी ने बीपीटी को 290 रनों से हराया



**गुरुग्राम।** रवि शर्मा क्रिकेट अकाडमी और राईजिंग स्पोर्ट्स अरीना द्वारा सेक्टर-64 में चल रहे राव गंगा बिशन अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सीडी क्रिकेट अकाडमी ने बीपीटी अकाडमी को हराया। इस मैच में सीडी अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान 406 रनों का विशाल शकोर खड़ा किया। जिसने दिशांत यादव ने मात्र 80 बाल पर 137 रन बनाए। इसके अलावा रजनीश ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 102 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। अंत में बल्लेबाजी करने उतरे मुकुल भारद्वाज ने मात्र 29 गेंदों पर नाबाद 70 रनों की पारी खेली। बीपीटी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए उज्जवल और तुषार शर्मा को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीपीटी शुरुआत अच्छी नहीं रही। पूरी टीम मात्र 131 पर आउट हो गयी।

### नूंह जिले में 30 नवंबर तक धारा 144 लागू

**नूंह।** जिलाधीश धीरेन्द्र खड़गटा ने रोडवेज कर्मचारी यूनियनों की 26 नवंबर की प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछित तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। जिलाधीश द्वारा पारित ये आदेश 30 नवंबर तक लागू रहेंगे। जिलाधीश ने हड़ताल के दौरान पैदा होने वाली संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से सामान्य बस संस्थान नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू के आस-पास के क्षेत्र से 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये आदेश पुलिस व अन्य सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों जोकि अपनी ड्यूटी पर तैनात होंगे उन पर लागू नहीं होंगे। जिलाधीश ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंड का भागी होगा।

### कांग्रेस नेता अहमद पटेल का कोरोना से गुरुग्राम में निधन

गुरुग्राम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद अहमद पटेल का 71 साल की उम्र में बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में निधन हो गया। उनके बेटे फैजल ने ट्वीट करके उनके निधन की जानकारी दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत देश के तमाम बड़े राजनेताओं ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। अहमद पटेल करीब एक माह पूर्व ही कोरोना से संक्रमित हुए थे। खुद उन्होंने 1 अक्टूबर को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा था कि-मैं कोरोना पॉजिटिव हुआ हूं। मैं निवेदन करता हूं कि जो मेरे नजदीकी संपर्क में आए हैं, वे खुद को आइसोलेट कर लें। इसके बाद उन्हें मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। दिन-प्रतिदिन की उनकी सेहत खराब होती ही गई। कुछ खास सुधार नहीं हो पाया। लगभग सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। फिर भी सेहत में सुधार की उम्मीदों के बीच उन्हें आईसीयू में रखा गया। तमाम प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे उनका इंतकाल हो गया। बेटे फैजल ने बहुत ही भावुक ट्वीट करके कहा कि-उनके पिता के अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जिस कारण से उन्हें बचाया नहीं जा सका। खुद उन्हें जन्नत दे। फैजल पटेल ने लोगों से अपील की है कि कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करें। अधिक भीड़ इकट्ठा न करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

### लापता युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**पलवल।** पलवल के गांव कारना से 10 दिन पूर्व लापता हुए युवक का शव खेतों में स्थित कुंए से बरामद हुआ है। युवक के सिर में गोली मारी हुई थी। सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। शव को कुंए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। डीएसपी यशपाल खटाना के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गांव कारना से ककराली की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक कुंआ है, जिसमें किसी का शव पड़ा हुआ है। मृत युवक की पहचान गांव कारना निवासी 21 वर्षीय प्रवीण के रुप में हुई। प्रवीण गोवर्धन पर्व वाले दिन घर से बगैर कुछ बताए कहीं चला गया था। जिस संबंध में उसके भाई अनिल की शिकायत पर 17 नवम्बर को गुमशदी का मामला दर्ज किया गया था। मृतक प्रवीण के सिर में गोली लगी हुई है। इसी के साथ ही मृतक के परिजनों ने भी हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सात आरोपियों ने तावडू थाने में किया आत्मसमर्पण

**तावडू।** पुलिस द्वारा चलाई गई न्याय आपके द्वार मुहिम के तहत बुधवार को 6 आरोपियों ने पुलिस थाने में पहुंचकर आत्मसमपज़्ण कर दिया। इसके अलावा विभिन्न मामलों में फरार चल रहे कुल सात आरोपियों ने पुलिस के समक्ष इस सप्ताह में आत्मसमर्पण किया है। तावडू सदर थाना प्रभारी आईपीएस हेमेंद्र मीणा ने बताया कि फकरू उर्फ फखरूद्दीन पुत्र रजाक निवासी पचगांवा थाना तावडू एक वांछित अपराधी था। वह तावडू सदर थाने में 2015 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इन मामलों में वे वांछित अपराधी था। जिसने बुधवार को न्याय आपके द्वार मुहिम के तहत थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# डालमिया ने कोविड के मामले में भारत और आयुर्वेद को दुनिया में पहचान दिलाई

### आस्था-15 कोविड-19 के मरीजों के तीव्र स्वास्थ्यलाभ में मदद करती हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोयडा

**कोरोना** महामारी के दौर में भारत के लिए गर्व का क्षण आया है। डालमिया हैल्थकेयर लिमिटेड जल्द ही 15 औषधियों से बनाए गए एक पॉलीहर्बल फॉर्मुलेशन की घोषणा करेगा। आस्था-15 नामक यह दवाई कोविड-19 का इलाज करती है और आयुष, आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आम इलाज के लिए अनुमोदित है।

यह आयुर्वेदिक पॉलीहर्बल कैप्सूल (भारतीय चिकित्सा प्रक्रिया) कोविड से पीड़ित मरीजों को एक सुरक्षित व प्रभावशाली आयुर्वेदिक फॉर्मुलेशन देने के लिए विकसित किया गया है और इसने शानदार परिणाम प्रदर्शित किए हैं।

संजय डालमिया, चेयरमैन, डालमिया ग्रुप ऑफ कंपनीज़ ने कहा, ''यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। हमारे घरेलू आयुर्वेद और डालमिया हैल्थकेयर लिमिटेड ने कोविड मरीजों में सांस की समस्याओं के प्रभावशाली इलाज के लिए आस्था-15 का विकास किया।'' उन्होंने कहा, ''डालमिया के शोध खंड, डालमिया सेंटर फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट (डीसीआरडी) ने इस पॉलीहर्बल मिश्रण, आस्था-15 का विकास गहन व विस्तृत शोध के बाद किया है।'' डालमिया ने बताया, ''हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आस्था-15 के क्लीनिकल परीक्षण में खांसी, खराश में काफी कमी देखने को मिली और कोविड-19 के मरीजों की सांस की क्रिया में सुधार होने के साथ उन्हें तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिला तथा इलाज के दौरान उनकी जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ।'' आस्था या 'विश्वास' नामक, आस्था-15, आयुर्वेदिक इलाज में विश्वास पुनः स्थापित कर रही है। यह दवाई ब्रोंकोडाईलेटर, डिकॉन्जेस्टैंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी एवं लंग डिटॉक्सिफायर के रूप में काम करती है।

यह संक्रमण को दूर कर एलर्जिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करती है। यह सांस की नली एवं फेफड़ों की पेशियों की सतह पर जमे म्यूकोसा को प्रभावित करती है। इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रभाव हैं तथा यह फेफड़ों में इन्फ्लेमेशन और कॉन्जेस्शन को दूर करती है। इसका निरंतर उपयोग फेफड़ों व पेशियों की सतह को होने वाली क्षति को कम करता है और उनमें उत्पन्न हो चुकी विकृति को पुनः ठीक करता है। कोविड-19 के मरीजों में पाई जाने वाली इन सभी समस्याओं का इलाज आस्था-15 से हो सकता है, इसकी पुष्टि हो चुकी है।

# 14 पंचायतों में लाल डोरा समाप्त प्रक्रिया शुरू

**सोहना।** पंचायत विभाग ने दूसरे चरण में खंड के 15 गांवों में लाल डोरा समाप्त करने की प्रक्रिया कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे कराने के बाद गांव के सार्वजनिक स्थानों पर अवलोकन के लिए चस्पा दिया है। सोहना की 14 ग्राम पंचायतों के 15 गांवों में लाल डोरा समाप्त किए जाने की प्रक्रिया को लेकर सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। 23 दिसम्बर तक ग्राम पंचायतों में लाल डोरा के अंदर रहने वाले नागरिकों से दावे और आपत्तियां मांगी गई है।

सर्वे ऑफ इंडिया की टीम द्वारा किया गया सर्वे के बाद अवलोकन कर दिया है। सर्वे का अवलोकन ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राम सचिवालय व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दिया गया है। यह सर्वे कार्य सर्वे ऑफइंडिया के माध्यम से किया है। इससे पहले खंड की 6 ग्राम पंचायतों के 11 गांवों में लाल डोरा समाप्त करने के बाद ग्रामीणों को मालिकान हक दिला दिया गया है। तीसरे चरण में खंड की शेष ग्राम पंचायतों में सर्वे करने के बाद लाल डोरा समाप्त करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा।

**कौन-कौन सी पंचायतों का हुआ सर्वे**

पंचायत विभाग के खंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में ग्राम पंचायत बाईखेड़ा, लोहसिंघानी, घंघौला, कुलियाका, सतलाका, सरमथला, भोंडसी, हरियाहेड़ा, हाजीपुर, सिलानी, सांचौली, घामडौज, अलीपुर व लाला खेड़ली शामिल है।

**23 दिसम्बर तक मांगीं दावे और आपत्तियां**

खंड विकास एवं पचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि दर्ज कराए जाने वाले दावे आपत्तियों पर 24 दिसम्बर को ग्राम पंचायत में समाधान किया जाएगा। ताकि समस्याओं का समाधान ग्राम सचिव व ब्लॉक पटवारी द्वारा किया सके।

# सैनी इंडिया ने भारत में पार किया 15000 मशीनों के निर्माण का आंकड़ा

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली।




निर्माण उपकरण और हैवी मशीनरी बनाने वाली अग्रणीय कंपनी – सैनी इंडिया ने अपने भारत स्थित प्लांट से हाल ही में 15000 मशीन निर्माण का आंकड़ा पार किया। कंपनी ने भारत व दक्षिण एशिया में 36 डीलरों और 150 से भी अधिक कस्टमर टच प्वाईंट नेटवर्क का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। बाजार में पहुंच एवं लोकप्रियता दोनों मानकों पर दबदबा बढ़ाया है।

इस अवसर पर बात करते हुए दीपक गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर, सैनी इंडिया, साउथ एशिया ने कहा, 'हम इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाते हुये अत्यंत खुश हैं। 15000 मशीन का उत्पादन करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो स्थानीय निर्माण उपकरण बाजार के लिये हमारी प्रतिबद्धता और ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरने की पुष्टि करता है। यह हमारे विकास की क्षमता का प्रमाण है और हमें आगामी प्रोडक्ट रेंज में नई-नई तकनीकियां पेश करते रहने को प्रोत्साहित करता है।

सैनी हैवी इंडस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एससीएम, आपरेशंस और आरएंडडी के सीनियर वाईस प्रेजीडेंट श्री महेश त्रिपाठी ने साझा किया कि पहली पांच हजार मशीनों को बनाने और बेचने में कंपनी को आठ से भी अधिक साल का समय लगा लेकिन अगली दस हजार मशीनों को बनाने और बेचने के लिये सिर्फ चार साल का समय लगा।

सैनी इंडिया ने पहली बार वर्ष 2009 में ठोस उपकरणों के साथ स्थानीय विनिर्माण की शुरुआत की थी और उस दिन से ही स्थानीकरण (लोकलाईजेशन) का प्रमुख उदेश्य रहा है। ब्रांड ने 2014 में एक्सक्वेटर्स के सिर्फ तीन मॉडलों से आज एक्सक्वेटर्स के 16 मॉडल के निर्माण का एक लंबा सफर तय किया है। इसके साथ ही ट्रक क्रेन के 7 मॉडल भार में निर्मित किये जा रहे हैं। कंपनी ने कंक्रीट उपकरण उत्पाद पोर्टफोलियो में लोकल बूम पंप्स, ट्रांजिट मिक्सर ट्रक और ट्रेलर पंप का भी स्थानीकरण किया है। सैनी इंडिया आज अपनी भारतीय प्लांट में निर्माण उपकरण के लगभग 45 मॉडल बना रही है। सैनी इंडिया शुरु से ही 'वोकल फॉर लोकल' अमल में ला रहा है। यहां यह बताना उचित होगा कि सैनी इंडिया स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये मशीनों के कलपुर्जे स्थानीय विक्रेताओं से खरीदता है। सैनी इंडिया ने बिक्री और सेवाओं से संबंधित सभी सवालो के लिये एक टोल फ्री नंबर 1800209337 स्थापित किया है।

# हरियाणा में अघोषित एमरजेंसी लगी हुई है : नफे सिंह राठी

## कहा : किसानों की दिल्ली रैली में इनेलो के कार्यकर्ता भाग लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**इनेलो** के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा है कि भाजपा शासन में प्रदेश में अघोषित एमेरजेंसी लगी हुई है। इसीलिए किसानों की आवाज उठाने वाले नेताओं को पुलिस घरों से उठा कर उनके खिलाफ झूठे केस बना कर जेल भेजा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जमानती धाराओं के तहत बनाए गए साधारण केसों में एएसडीएम जमानत न लेकर किसान नेताओं को जेल भेज रहे हैं। दिल्ली जाने वाले रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ है। भिवानी में एक शादी समारोह में भाग लेने आए प्रदेश अध्यक्ष राठी आज बुधवार को दादरी के जिला प्रधान विजय पचगामा के स्थानीय निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर शिक्षा बोर्ड के पूर्व वाइस चेयरमैन दिलबाग सिंह एडवोकेट, कुलवंत कोटिया, भिवनी के जिला प्रधान रवि बहलिया विशेष रूप से मौजूद थे। एक सवाल के जवाब में राठी ने कहा कि इनेलो के कार्यकर्ता किसानों की दिल्ली रैली में बड़ी संख्या में जाएंगे। इनेलो हमेशा किसानों की समर्थक पार्टी रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अम्बानी और अडानी को खाद्य पदार्थों को भंडारण का जिम्मा सौंपने जा रही है। इसके बाद तो देश में गरीब अदमी का जीना ही मुहाल हो जाएगा। गरीब आदमी को खाने की वस्तुओं के कई गुणा ज्यादा दाम चुकाने पड़ेंगे। राठी ने यह भी कहा कि सरकार एक साजिश के तहत गरीबों के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने जा रही है और साथ ही आंगनबाड़ी में काम करने वाली वर्कर और हेल्परों को बेरोजगार करने जा रही है।

इसी साजिश के तहत सरकार ने हरियाणा के चार हजार स्कूलों को संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने के नाम पर मुम्बई की प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन नाम की संस्था को देने जा रही है। यह से संस्था आरएसएस से जुड़े लोगों की है। इस संस्था के पास स्कूल जाने के बाद इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कई गुणा अधिक फीस देनी होगी। उन्होंने पराली जलाने रोकने वाले कानून को किसान विरोधी बताया।

## किसान आंदोलन को कुचल तनाव का माहौल पैदा करना चाहती है भाजपा : किरण चौधरी

**भिवानी।** राज्य विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार केंद्र के इशारे पर किसान आंदोलन को कुचलना चाहती है। राज्य में तनाव व टकराव की स्थिति पैदा करना चाहती है। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जारी बयान में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी ने कहा कि राज्य के सभी बार्डर सील करने और किसानों नेताओं की गिरफ्तारी व धरपकड़ की कांग्रेस निंदा करती है। राज्य सरकार केंद्र के इशारे पर किसानों की आवाज दबा रही है। भाजपा- जजपा सरकार द्वारा पुलिस को सड़कों पर उतारने की वजह से किसान और पुलिस आमने-सामने आ गई है। इससे प्रदेश में तनाव और टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ओछे हथकंडे अपनाकर किसान आंदोलन को तोड़ना चाहती है। बॉर्डर सील करके सरकार किसानों के शांतिपूर्वक आंदोलन और प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है। नेताओं को गिरफ्तारी करके किसानों को परेशान किया जा रहा है।

# कानून तोड़ने वालों से निपटा जाएगा सख्ती के साथ



लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

## उपायुक्त ने बैठक में ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को दिए जरूरी निर्देश

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को किसी भी सूरत में अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने कानून हाथ में लेकर ऐसा करने की कोशिश की तो उनके साथ पूर्ण सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखें। शांति भंग करने का प्रयास न करें।

किसान संगठनों के दिल्ली कूच की घोषणा के दृष्टिगत लघु सचिवालय में बुधवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेटों व पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने की। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में पूर्ण निगरानी रखें। अपने क्षेत्र में किसानों व लोगों को समझायें कि वे किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित न करें। राष्ट्रीय राजमार्ग को हर हालत में खुला रखा जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कानून तोड़ने वालों के साथ पूर्ण सख्ती से निपटें। कानून को हाथों में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। यदि कोई सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करें तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसकी विडियोग्राफी भी कराई जाए, ताकि आरोपियों की पहचान कार्रवाई की जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर व्यक्ति की जांच की जाए। किसी के चेहरे पर नहीं लिखा कि वह कौन है।

## संक्षिप्त-समाचार

### एक रक्तदाता साक्षात संकटमोचक का अवतार होता है



**भिवानी।** डेंगू की इस बीमारी में हर व्यक्ति व सामाजिक संगठन किसी न किसी रूप में सामाजिक दायरे में अपना योगदान दे ऐसी ही मुहिम राजेश डुडेजा ओर वक्त दे रक्त रक्तदान् सेवा सोसायटी के मनीष वर्मा, ओमप्रकाश सैनी व भूषण मुंजाल ने शुरु की हुई है। जो खुद भी ब्लड डोनेशन करते है और दूसरो को भी जागरूक करते है। आज भिवानी के निजी हॉस्पिटल मे अलग-अलग डेंगू मरीज को रक्त की जरूरत पड़ने पर रवि कुमार ने प्लेटलेस व एक अन्य हॉस्पिटल में रक्त की जरूरत पड़ी तो दो गांव नाथुवास से राहुल और अनुज ने आ कर फ्रीडम ब्लड बैंक मे नि स्वार्थ भाव से ब्लड डोनेट किया। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि रक्त दान जीवन दान है। सभी इसमें अपनी आहुति डाले और छोटी काशी भिवानी का नाम ऊंचा करे। हमारे रक्त से किसी की जान बच जाए इससे बड़ा धर्म और क्या हो सकता है? भविष्य में भी किसी को रक्त की जरूरत होती है तो हम उसके लिए तैयार हैं।

### ट्रस्ट ने जरूरतमंद बच्चों में बांटे बूट, जुराब, जर्सियां और फल



**कुरुक्षेत्र।** माता अमर कौर माता मलकीत कौर मैमोरियल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र ने खेडी मारकंडा के प्राथमिक स्कूल में 50 जरूरतमंद बच्चों बूट, जुराब, जर्सी व फल वितरित किए। माता अमर कौर माता मलकीत कौर मैमोरियल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष प्रधान सिंह कंग ने सबसे पहले बच्चों में मास्क वितरित किए और उन्हें कोरोना से बचने के लिए भी हिदायतों की जानकारी दी। इसके बाद बच्चों में बूट, जुराब, जर्सी व फल बांटे गए। प्रधान सिंह कंग ने कहा कि यह ट्रस्ट उनके परिवार द्वारा बनाया गया है, जिसमें आस्ट्रेलिया में रहने वाले उनके पुत्र अमरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, दिल्ली में रहने वाली उनकी पुत्री तथा यूएसए निवासी सर्बजीत कौर तूर आर्थिक सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में यूएसए निवासी सर्बजीत कौर तूर ने 7300 रुपये, अमरदीप सिंह ने 10 हजार रुपये और नरेंद्र कौर ने 10 हजार रुपये का सहयोग किया है। इस अवसर पर सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष गुलशन ग्रोवर, कैप्टन गुरमेल सिंह, सूबेदार रविंदर कौशिक व स्कूल की शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

### महारूद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन आज

**कैथल।** आध्यात्मिक गुरु रविशंकर द्वारा संचालित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की कैथल इकाई के तत्वावधान में 26 नवम्बर को सायं 5:30 बजे वेदविज्ञान महाविद्यापीठ कपिस्थल आश्रम कैथल का स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन जूम एप्प के माध्यम से एवं इसके साथ ही वेदविज्ञान महाविद्यापीठ कपिस्थल आश्रम कैथल में भी उचित सामाजिक नियमों का पालन करते हुए मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में वैदिक विधि-विधान के अनुरूप शुद्ध मंत्रोचारण के बीच पवित्र महारुद्राभिषेक यज्ञ आयोजित किया जाएगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम को जूम एप्प के माध्यम से ऑनलाइन भी प्रसारित किया जाएगा। कोरोना वायरस के कारण वर्तमान परिस्थिति के दृष्टिगत कार्यक्रम में भागेदारी करने के इच्छुक भक्तजन ऑनलाइन जूम-एप के माध्यम से भी इस सम्पूर्ण दिव्य-आयोजन में अपनी भागीदागरी सुनिश्चित कर पाएंगे।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें किसान

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन तथा अन्य किसान संगठनों के आह्वान पर 26 व 27 नवम्बर को प्रस्तावित दिल्ली चलो आंदोलन को देखते जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां कर ली हैं। यह जानकारी उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने दी।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से करें और कानून व्यवस्था को बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि किसान आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य राजमार्गों को बाधित न करें। उपायुक्त ने कहा कि देश व प्रदेश में वैश्विक महामारी कोरोना का प्रकोप जारी है। किसानों की भीड़ अधिक न हो और केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना हो।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी करके अधिकारियों को मुख्यालय पर तैनात रहने तथा बिना अनुमति के जिला मुख्यालय न छोडऩे की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन को देखते हुए पंजाब से हरियाणा में बड़ी संख्या में किसान आ सकते हैं इसके लिए जिले में धारा 144 भी लागू है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्धारित स्थानों पर मजबूत बैरिकेटिंग करने के आदेश दे दिए गए हैं ताकि आंदोलनकारियों की अनियंत्रित आवाजाही को नियंत्रित किया जा सके। इस कार्य के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेटस की तैनाती भी कर

# महिला शक्ति दिखाएंगी पंचायतों में अपना दमखम

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

## 50 फीसदी आरक्षण : महिलाएं दे सकेंगी गांव के विकास में अपना योगदान

**महिला** एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ऐतिहासिक काम कर रही है। जहां एक तरफ ई गवर्नेस से गुड गर्वनेंस की ओर बढ़ते हुए व्यवस्था में परिवर्तन हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पंचायतों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देना इस बात का परिचायक है कि महिलाएं भी पंचायती संस्थाओं में अपना योगदान दे सकें और अपने गांव के विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकें।

महिला शक्ति अपने अनुभवों से गांव के समुचित विकास करने में समान रूप से भागीदारी कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को सम-विषम (ऑड ईवन) के आधार पर कोड दिए जाएंगे। भविष्य में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं यानी जिला परिषद, ब्लॉक पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के चुनावों में यह नियम लागू हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित होकर न केवल अपने गांव की आवाज को बुलंद करेंगी, बल्कि विकास के भी नए आयाम स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि हर दस साल में पांच साल हरियाणा के हर गांव में एक महिला सरपंच होगी।

यह नियम आरक्षित पदों पर भी लागू होगा। इसके साथ ही, ग्राम पंचायत के पंचों के मामले में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। 50 फीसदी पंचों के पद महिलाओं के लिए रहेंगे। ये व्यवस्था ग्राम पंचायतों के बाद जिला परिषद और ब्लॉक पंचायत समिति में भी लागू होगी। जिला परिषद और ब्लॉक समिति के सदस्यों और चेयरमैन के पदों के लिए भी ऑड-ईवन का फॉर्मूला इस्तेमाल किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित सीटों और अन्य आरक्षित सीटों पर भी महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये फैसले महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे।



पत्रकारों को जानकारी देते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

पंचायतों में महिलाओं की 50 प्रतिशत की भागेदारी सुनिश्चित होने से निश्चित रूप से न केवल ग्राम पंचायतों की तस्वीर बदलेगी, बल्कि महिलाएं भी ग्राम विकास में अपना अहम योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बधाई देती हूं, इस तरह राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। यह विधेयक प्रदेश की महिलाओं में नए आत्मविश्वास का संचार करेगा और उन्हें सशक्त करेगा। इसके साथ-साथ ग्राम पंचायत के चुनाव में पहली बार बीसीए वर्ग को आठ प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। इस नियम के लागू होने से बीसीए वर्ग के लोगों को पंचायती राज संस्थाओं में और अधिक प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Rajinder Pal S/o Kishori Lal R/o 2N-14D, BP NIT Faridabad Haryana - 121001 have changed my name to Rajinder Paul.

मैं, राजवन्ती पत्नी श्री रणबीर सिंह निवासी मकान न. 386, वार्ड नम्बर-21 नजदीक जाली फैक्टरी पटेल नगर सोनीपत बयान करती हूं कि राशन कार्ड नम्बर 115582 व मेरे पति की सर्विस बुक मे मेरा नाम राजेश देवी लिखा गया है जबकि मेरा सही नाम राजवन्ती हैं। भविष्य मे मुझे राजेश देवी की बजाए मुझे राजवन्ती के नाम से जाना जाये।

बेदखली सूचना

हम रविन्द्र कुमार (आधार न. 2981-7555-9038) एवं श्रीमति भावना कटारिया (आधार न. 5859-4765-4377) निवासी मकान न. 3जीके-52 एन.आई.टी. फरीदाबाद अपने पुत्र विपिन कुमार, पुत्रवधु सोनाली राजपूत को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हैं, जो कि हमारी आज्ञा में नहीं है। उसके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, नया-पुराना पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से हमारा व हमारे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्री जगबीर सिंह पुत्र श्री भागमल सिंह निवासी गांव बोड़ाका, तह. खैर, जिला अलीगढ़ हाल आबाद मकान न. 5जे/96, एन.आई.टी. फरीदाबाद ने अपने पुत्र विरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी नीलम देवी निवासी गांव बोड़ाका, तह. खैर, जिला अलीगढ़ (यू.पी.) हाल आबाद 5जे/96, एन.आई.टी. फरीदाबाद का व्यवहार मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति ठीक न होने के कारण उनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में जो भी उनके साथ लेनदेन करेगा व किसी भी प्रकार का व्यवहार रखेगा उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे मुव्वकिल व उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
राजपाल नागर अधिवक्ता, फरीदाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्रीमति बिमला देवी विधवा भगवान दास निवासी मकान न. 2एच/123, एन.आई.टी., फरीदाबाद जिला फरीदाबाद ने अपने दत्तक पुत्र हिमांशु खरबन्दा व उसकी पत्नी श्रीमति पिंकी निवासी मकान न. 2एच/123, एन.आई.टी. फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद का व्यवहार मेरे मुव्वकिल के प्रति ठीक न होने के कारण उनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य मे जो भी उनके साथ लेन-देन करेगा व किसी भी प्रकार का व्यवहार रखेगा उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मरे मुव्वकिल व उसके परिवार के किसी अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
राजपाल नागर अधिवक्ता, फरीदाबाद

बेदखली सूचना

हमके, सुमेर सिंह पुत्र स्व. श्री नथ्थू सिंह व गजना पत्नी श्री सुमेर सिंह निवासीगण मकान न. 75, गॉव जसाना, पोस्ट ऑफिस बदरपुर सैद, जिला फरीदाबाद बयान करते है कि हमारा पुत्र तरूण जो कि हमारे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए हम दोनों पति-पत्नी ने अपने पुत्र तरूण को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति तरूण से किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन या रिश्ता आदि रखता है तो उसका जिम्मेवार वह व्यक्ति स्वयं होगा, इसके अलावा वो किसी भी प्रकार के पुलिस केस, कोर्ट केस इत्यादि में दोषी या संलिप्त पाये जाते है तो हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पार्क की दीवार छोटी होने के कारण लगवायें ग्रिल

## भाजपा नेता ने स्वर्ण जयंती पार्क का जायजा लेते हुए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**लोगों** की मांग पर अथक प्रयासों से भाजपा नेता राजीव जैन ने सेक्टर-23 के समक्ष कोर्ट कांपलैक्स के पीछे भव्य स्वर्ण जयंती पार्क की ओर सफल कदम बढ़ाए हैं, जिससे एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों के लोगों को लाभ मिलेगा। पार्क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसका निरीक्षण करने के लिए उन्होंने बुधवार को पार्क का दौरा किया।



पार्क का जायजा लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

सोनीपत शहर को अत्याधुनिक एवं आकर्षक रूप प्रदान करने के लिए भाजपाई नेता राजीव जैन ने पार्क निर्माण के लिए विशेष प्रयास किये हैं, जिसके सफल परिणाम भी मिले हैं। उनके प्रयासों से ही स्वर्ण जयंती पार्क भी अपने अंतिम चरण में है। डीसी कोर्ट कांपलैक्स से पार्क के लिए नगर निगम को जमीन दिलाकर पार्क निर्माण किया जा रहा है। करीब 14 हजार मीटर भूमि में यह कार्य तीव्रता से किया जा रहा है। पार्क में करीब 136 लाइट लगाई जा चुकी हैं, जिससे रात्रि के समय में भी लोग पार्क का लुत्फ उठा सकेंगे।

पार्क के अंतिम चरण के कार्य का जायजा लेते हुए जैन ने कहा कि नगर को गंदगी मुक्त बनाने के लिए पार्क निर्माण जरूरी है। इससे लोगों को स्वच्छ एवं सुंदर तथा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी वातावरण मिलता है। घूमने-फिरने तथा बैठने के लिए अच्छा स्थान मिलता है। स्वर्ण जयंती पार्क से इस क्षेत्र को रूप मिला है। पहले यहां गंदगी रहती थी, जिससे लोगों को अब छुटकारा मिल गया है। पार्क की स्थापना से सेक्टर-23 के साथ अशोक विहार, मूयर विहार, गढ़ी ब्राह्मणान, विकास नगर, लघु सचिवालय परिसर, चौहान कालोनी, ककरोई रोड क्षेत्र की कालोनियों के लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत शहर की कायाकल्प की जा रही है, जिसकी नींव पहले ही रख दी गई थी। उस नींव को अब मजबूती देने का कार्य तीव्रता से जारी है। सोनीपत में विकास के नये आयाम स्थापित किये गये हैं। लोगों की हर प्रकार की मांगे पूरी की गई हैं। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# दिल्ली कूच को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त


**भिवानी।** जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने किसानों, कर्मचारियों द्वारा 26 नवंबर को प्रस्तावित हड़ताल के दौरान कोरोना संक्रमण के चलते एतिहात के तौर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधीश ने जिला में शांति व्यवस्था के लिए 16 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्ति की है। वहीं पुलिस अधीक्षक सुमेर प्रताप सिंह ने भी जिला में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, उपायुक्तों व जिलाधिकारियों को किसानों, कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के चलते प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। जिलाधीश ने हड़ताल के दौरान सभी जरूरी कदम उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट पुलिस के सहयोग से किसी भी स्थिति से निपटने का कार्य करेंगे। बैठक के दौरान जिलाधीश ने राज्य परिवहन, जिला कारागार व अग्रिशमन विभाग के अधिकारियों को भी हड़ताल के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारी मुकम्मल रखने के निर्देश दिए।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**ठिठुरती ठंड में बढ़ते हुए जत्थे किसानों के**
**ग़रीबी, बेबसी, मिट्टी समेटे दास्तानों के**
**किसी तरह, किसी तरह, किसी तरह, किसी तरह**
**मेरे ईश्वर तू ही पिघला दे अब दिल हुक्मरानों के**

# अनएकेडमी ने की स्कूली छात्रों के लिए गो-फॉर-गोल्ड पहल की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा /गुरुग्राम

**भारत** के प्रमुख शिक्षण मंच अनएकेडमी ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड इन इंफॉर्मेटिक्स (आईओआई) 2021 में भाग लेने वाले भारतीय स्कूली छात्रों के लिए गो-फॉर-गोल्ड इनिशिएटिव की घोषणा की है। आईओआई स्कूली छात्रों के लिए प्रोग्रामिंग और इनफॉर्मेटिक्स में यूनेस्को से मान्यता प्राप्त सबसे प्रतिष्ठित ओलंपियाड है।

आईओआई प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने और इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने के लिए वर्ष 2013 में कोडशेफ ने गो-फॉर-गोल्ड पहल शुरू की थी। अनएकेडमी ने जून 2020 में कोडशेफ की कस्टोडियनशिप ले ली थी। गो-फॉर-गोल्ड पहल के हिस्से के रूप में, अनएकेडमी की ओर से आईओआई 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले किसी भी भारतीय छात्र को लैपटॉप और अन्य पुरस्कारों के साथ 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

अनएकेडमी में कोडशेफ बिजनेस हेड अनूप कालबलिया कहते हैं, हम इस बात से बेहद उत्साहित हैं कि अनएकेडमी ने कोडशेफ की गो-फॉर-गोल्ड पहल को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य प्रतिष्ठित आईओआई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिहाज से भारतीय स्कूली छात्रों को तैयार करना है। हमारी तरफ से अनएकेडमी का उद्देश्य है कि स्कूली पाठ्यक्रम में समस्या-समाधान और सूचना विज्ञान को विकसित करने के बारे में देश भर में जागरुकता पैदा करने के प्रयासों को तेज किया जाए। हालांकि यह सच है, लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि प्रोग्रामिंग को वास्तव में कंप्यूटर का उपयोग किए बिना भी सीख सकते हैं। पजल्स, बिल्डिंग लॉजिक और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग जैसे इंटरैक्टिव माध्यमों से इसे सीखा जा सकता है।

कोडशेफ ने आईओआई के लिए नि:शुल्क लर्निंग प्रोग्राम भी शुरू किया है। लर्निंग प्रोग्राम में विषयवार लाइव क्लासेस, रिकॉर्ड किए गए वीडियो और विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करने वाले सत्र होते हैं।

### आईओआई, आईसीओ और कोडशेफ

**हर** साल, 85 से अधिक देशों के 4 छात्र आईओआई में भाग लेते हैं। आईओआई में भाग लेने वाले शीर्ष चार भारतीय छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड के माध्यम से किया जाता है जिसे इंडियन कंप्यूटिंग ओलंपियाड (आईसीओ) कहा जाता है। आईसीओ का संचालन कोडशेफ और टीसीएस आईओएन इंडियन एसोसिएशन फॉर रिसर्च इन कंप्यूटिंग साइंस (आईएआरसीएस) द्वारा किया जाता है।

# आधुनिक टेस्ट जांच मशीन आदेश की बायो केमिस्ट्री लैब में स्थापित

## एक घंटे में हर तरह के 400 सैंपलों की जांच करेगी मशीन : डॉ. नीरू भास्कर



**कुरुक्षेत्र।** आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की बायो केमिस्ट्री लैब में रोगियों के सैंपलों की जांच के लिए नई आधुनिक मशीन स्थापित की गई है। जिसकी शुरुआत आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एचएस गिल ने की।

लैब की प्रभारी डॉ. नीरू भास्कर ने मशीन के बारे में बताया कि मशीन में किडनी, लीवर व अन्य सभी प्रकार के सैंपलों की जांच की जाएगी। मशीन की विशेषता यह है कि यह मशीन एक घंटे में 400 सैंपलों की जांच कर सकती है। जिससे कि सैंपलों की जांच में बेहद कम समय लगेगा। चेयरमेन डॉ. एचएस गिल ने कहा कि आदेश अस्पाल का प्रयास है कि यहां आने वाले रोगियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें, इसके चलते इस मशीन को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस मशीन की बदौलत रोगियों को सैंपल जांच के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि मेडिकल चिकित्सा की दुनिया में आज उपचार को सरल व फास्ट करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि रोगी को किसी तरह की परेशानी न सहन करनी पड़ी। इसी सोच के साथ आदेश हर तरह की सुविधा यहां उपलब्ध करवाएगा। प्रिंसीपल डॉ. बीएल भारद्वाज, ब्रिगेडियर अमरजीत सिंह, डॉ. बलबीर सिंह मेडिकल सुप्रीनटेंडेंट, डॉ. नरेश ज्योति डिप्टी मेडिकल सुप्रीनटेंडेंट, प्रबंधक हरिओम गुप्ता, डॉ. गायत्री, मेजर धर्म सिंह चहल व संजू मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# लव जिहाद

## उच्च न्यायालय की राय

**हालांकि**, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में लव जिहाद का आरोप खारिज करते हुए परिपक्व वयस्कों द्वारा पसंद के अधिकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे पर अध्यादेश लाने की घोषणा की है। कुछ अन्य राज्य सरकारों ने भी अंतर-धार्मिक विवाहों को प्रेम के बहाने धर्मान्तरण रोकने का साधन माना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पहले निर्णय दिया था कि केवल विवाह के लिए धर्मान्तरण अस्वीकार्य है। लेकिन अब उसने कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा है कि यह फैसला 'कानून की नजर में बुरा' है क्योंकि यह वयस्कों के जीवन के अधिकार व व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा डालता है। एक मुस्लिम पुरुष से विवाह करने के लिए एक हिंदू लड़की द्वारा स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकारने तथा उसके माता-पिता द्वारा मामला दर्ज कराने पर लड़की के अधिकारों के पक्ष में फैसला देते हुए पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि दो वयस्कों को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पसंद का अधिकार है। इस प्रकार अदालत ने हर अंतर-धार्मिक संबंध पर संदेह करने से इनकार किया है। अदालत ने यह चेतावनी भी दी है कि अंतर-धार्मिक विवाहों पर ऐसे बाध्यकारी मानक 'विविधता में एकता' को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही कहा गया है, 'यदि कानून दो समलिंगियों को भी शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है तो किसी व्यक्ति या परिवार और यहां तक कि राज्य को दो वयस्कों के ऐसे संबंध पर आपत्ति का अधिकार नहीं होना चाहिए जो अपनी स्वतंत्र इच्छा से साथ रह रहे हैं।'

महिलायें विवाह संबंधों में स्वतंत्रता के लिए लगातार संघर्ष करती रही हैं



और अनेक मामलों में उनकी परिवार या समाज की इज्जत के नाम पर हत्या तक कर दी जाती है। यदि वयस्क के रूप में उसे पसंद के अधिकार से वंचित कर दिया जाए तो उसके सशक्तीकरण पर भी सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश का अध्यादेश तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पास धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2020 कुछ परिस्थितियों में अंतर-धार्मिक विवाह को गैर-जमानती प्रकृति का अपराध परिभाषित करते हैं जिसमें पांच साल तक कठोर दंड का प्राविधान है। सर्वोच्च न्यायालय ने केरल में एक लव जिहाद के मामले में पसंद के अधिकार को सम्मान देते हुए 24 वर्षीय लड़की को उसके परिवार और पति से अलग किया था। केरल उच्च न्यायालय ने हदिया का संरक्षकत्व उसके माता-पिता को सौंपा था जिन्होंने उसे 11 महीने बंद रख कर सलेम कालेज में उसकी पढ़ाई बंद करा दी थी क्योंकि उनको उसके पति शाफीन द्वारा बहकाने का खतरा था। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने परिवार तथा पति से अलग कर पता लगाया था कि हदिया का संबंध वास्तविक था। इससे सिद्ध हुआ था कि दो वयस्कों के साथ रहने के अधिकार को सामाजिक पूर्वाग्रहों के आधार पर कुचला नहीं जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई विवाह के बाद स्वेच्छा से धर्मान्तरण करना चाहता है तो उसे दो महीने पहले जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देना होगा, जबकि मध्य प्रदेश में इसके लिए कलेक्टर से अनुमति लेनी होगी। लेकिन इज्जत के नाम पर हत्या जैसे प्रकरणों वाले समाज में सार्वजनिक रूप से प्रेम या धर्मान्तरण की घोषणा शायद कठिन होगी। हाल ही में अंतर-धार्मिक विवाह की पैरवी करने वाले एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को विरोध का सामना करना पड़ा था, जहां दोनों पक्षों ने अपना धर्म नहीं बदला था। इसके अलावा जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 366 में जबरन विवाह के लिए किसी महिला के अपहरण पर दस साल जेल की सजा का प्राविधान है। वैसे भी भारतीय मानव विकास सर्वेक्षण के अनुसार सभी विवाहों में केवल लगभग पांच प्रतिशत ही अंतर-जातीय विवाह होते हैं तथा अंतर-धार्मिक विवाहों की संख्या और भी कम है। 2016 में सोशल एटीट्यूड्स रिसर्च फार इंडिया-सारी के सर्वे में पता चला था कि बहुसंख्य लोग अंतर-जातीय व अंतर-धार्मिक विवाहों के विरोध में हैं।

# राष्ट्र जीवन की गति का दिक्सूचक संविधान

संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है।

**हृदयनारायण दीक्षित**
(लेखक उप्र विधानसभा अध्यक्ष हैं)







**भा**रत ने 26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस मनाया। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवम्बर 1949) में डॉ. आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राष्ट्र राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत ने संविधान को ही सर्वोत्तम सत्ता माना। भारत के प्रत्येक जन को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार मिले। इसके पहले 1947 तक भारत में ब्रिटिश सत्ता थी। भारत परतंत्र था। 26 नवम्बर के दिन से अपना संविधान प्रवर्तन हुआ था। सो जनगणमन ने समता, समरसता और सम्पन्नता के सपने देखे। अब न कोई राजा था, न कोई शासक। जनगणमन का भाग्य विधाता अब संविधान था। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु रहा है। संविधान के कार्यकरण पर चर्चा का अवसर है। आज 26 नवम्बर का दिन सभी संवैधानिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों और देशभक्तों के लिए गहन आत्म विश्लेषण का उत्सव हैं।

संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नही बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है। भारतीय संविधान निर्माता सनातन सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग3- मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4- राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग-5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमश: गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा -अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान मार्गदर्शी है लेकिन राष्ट्र की समृद्धि संवैधानिक संस्थाओं पर आसीन महानुभावों पर निर्भर है। डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा - संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। अपने आखिरी भाषण में डॉ. अम्बेडकर ने भी प्राचीन भारतीय परम्परा की याद दिलाते हुए कहा था " एक समय था जब भारत गण राज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था।" भारत संसदीय प्रक्रिया से पहले भी सुपरिचित था। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे।

प्राचीनतम ज्ञान अभिलेख ऋग्वेद में "गणांना त्वां गणपति" आया है। मार्क्सवादी चिंतक डा0 रामविलास शर्मा ने लिखा है "गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं।" महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र के सूत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपर्व: 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गणतंत्र के लिए बाहरी की तुलना में आंतरिक संकट बड़ा होता है - 'आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्' बाह्य उतना बड़ा नहीं। संविधान राष्ट्र का कारक है। संविधान निर्माताओं ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। उन्होंने अनेक संवैधानिक संस्थाओं का प्राविधान किया है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण का सिद्धांत लागू है। निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं सारी दुनिया में प्रतिष्ठित हैं। संसद विधायी और संविधायी अधिकारों से लैस है। संवैधानिक संस्थाएं आदरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोकसभा प्रवेश के पहले दिन संसद भवन की सीढ़ियों पर साष्टांग प्रणाम किया था। यह प्रेरक और ऐतिहासिक है। वे सभी संवैधानिक संस्थाओं का आदर करते हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद को सविधान संशोधन का भी अधिकार दिया है। श्री मोदी की सरकार ने संविधान के अनुच्छेद-370 को हटाने की कार्यवाही पूरी कर ली है। इसे हटाना संविधान निर्माताओं का ही स्वप्न था। उन्होंने इसके शीर्षक में 'अस्थायी उपबंध' शब्द छोड़े थे। जम्मू कश्मीर की आम जनता इससे प्रसन्न है, लेकिन अलगाववादी शक्तियां अभी भी सक्रिय हैं। यही स्थिति सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की है। कुछ ताकतें खुल्लमखुल्ला इसका विरोध कर रही हैं। इसी तरह संसद द्वारा किसानों के हित के लिए पारित कानूनों को लेकर भी कुछ सरकारें संसद द्वारा पारित कानून को भी चुनौती दे रही हैं। कुछ अलगाववादी और देश तोड़ ताकतें बार-बार सिर उठाती है। ऐसी ताकतें संविधान की सर्वोपरिता का सिद्धांत नहीं मानती हैं। भारतीय गणतंत्र लगातार विकसित हो रहा है। न्यायपालिका संविधान की जिम्मेदार संरक्षक है। हिन्दुत्व की व्याख्या व नवीं अनुसूची के दुरूपयोग को रोकने सहित अनेक मसलों पर न्यायपीठ ने प्रशंसनीय फैसले किये हैं। मौलिक अधिकार सुरक्षित है। कृषि, विकास, गोवंश संवर्द्धन राज्य के नीति निर्देशक संवैधानिक तत्व हैं। महाभारतकार ने गणतंत्र की सभा समिति (संसदीय व्यवस्था) के सदस्य की अनिवार्य योग्यता बतायी थी -न न: स समितिं गच्छेत यश्च नो निर्वपेत्कृषिम- जो खेती नहीं करता वह सभा में प्रवेश न करे। ऋग्वैदिक काल में ऋषि भी कृषि करते थे। कामन सिविल कोड नीति निर्देशक तत्व है। हिदुत्व इस देश का प्राण तत्व है, लेकिन साम्प्रदायिक कहा जाता है। अलगाववाद देशतोड़क है तो भी सेकुलर है। अल्पसंख्यकवाद की आंधी है, लेकिन संविधान और कानून में 'अल्पसंख्यक' शब्द की परिभाषा नहीं है। गहन आत्मचिन्तन ही एकमेव विकल्प है।

संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों की प्रतिभूति है। लेकिन इसी के साथ संविधान के अनुच्छेद-51क में मूल कर्तव्यों की भी सूची है। इस सूची में कहा गया है कि "प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है कि वह संविधान के पालन के साथ उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर करें। स्वाधीनता के राष्ट्रीय आन्दोलन के आदर्शों को हृदय में संजोये और उनका पालन करें। राष्ट्र की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे। किसी भी तरह के भेदभाव से परे भारत के सभी लोगों में समरसता और भाईचारा की भावना का विकास करे। पर्यावरण की रक्षा करे, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे। हिंसा से दूर रहें।" मूल कर्तव्यों की यह सूची भारत के लोक जीवन को आनन्दित करने का दस्तावेज है। संविधान दिवस के अवसर पर इसका पाठ और पुनर्पाठ बहुत जरूरी है।

संविधान की उद्देशिका स्मणीय है। उद्देशिका में 'हम भारत के लोग' शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। भारत की जनता के लिए किसी जाति सम्प्रदाय या वर्ग शब्द का प्रयोग नहीं है। हम सबकी पहचान भारत है।' हम सब भारत के लोग' हैं। उद्देशिका में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त कराने के लिए संकल्प है। इनमें प्रतिष्ठा और अवसर की समता है। उद्देशिका एक तरह से हमारी राजव्यवस्था का स्वप्न है। यह बारम्बार विचारणीय और माननीय है। संविधान भारत का राजधर्म है।

# नगरोटा कांड के पीछे पाकिस्तान

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



**जम्मू** शहर के बाहर स्थित नगरोटा कस्बा एक समय दुनिया के सबसे बड़े सैनिक कार्पर्स के आवासस्थल के रूप में जाना जाता था जहां नाइट्स कार्पर्स या 16वीं कार्पर्स रहती थी। यहां घाटी से भाग कर आए कश्मीरी पंडितों को भी बसाया गया था। यह छोटा गैरिज़न कस्बा जम्मू-कश्मीर राजमार्ग की जीवनरेखा के निकट है। यह राजमार्ग जम्मू के मैदानों को कश्मीर घाटी से जोड़ता है तथा पीर पंजाल व त्रिकुटा पर्वतों के बीच से निकलता है। एक पहाड़ की चोटी पर वैष्णो देवी मंदिर है तथा तलहटी में नगरोटा बस्ती है। इसी सड़क पर 54 किलोमीटर आगे भारतीय सेना के उत्तरी कमांड का मुख्यालय उधमपुर में है। इस कस्बे में भारतीय सेना की अच्छी उपस्थिति है क्योंकि यह निकटतम पाकिस्तानी सीमा से केवल 40 किलोमीटर दूर है तथा यहां ऐसे अनेक रणनीतिक आपरेशन 'लाइव' देखने में आए हैं जिनका संबंध पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा-एलएसी से रहा है। इस कारण इस कस्बे पर आतंक व हिंसा फैलाने वालों ने भी बहुत ध्यान दिया है जो एलएसी के पार अपने आकाओं से संचालित होते हैं। चार साल पहले नगरोटा में आतंकी हमला हुआ था जब भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सीमा पार कर 116 मीडियम रेजीमेंट के आवास की रक्षा करने वाले सैनिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। यहां सैनिकों को बंधक बनाने का प्रयास हुआ था तथा स्थिति सामान्य होने तक सात भारतीय सैनिक शहीद हुए थे व तीन आतंकी मारे गए थे। नगरोटा मुठभेड़ स्थल से मिले सारे प्रमाण आतंकी संगठन जैशे मुहम्मद की ओर इशारा करते हैं। मृत आतंकियों से मिले दस्तावेजों से तथाकथित 'अफजल गुरु स्क्वाड' की संलिप्तता सामने आई है। इस कथित समूह ने पहले पठानकोट, बारामूला, उड़ी व अन्य स्थानों पर ऐसे आतंकी हमले किए हैं। पिछले साल इसी समूह ने पुलवामा में घातक हमला किया था जिसमें कम से कम 350 किलो विस्फोटकों का प्रयोग हुआ था तथा भारतीय सुरक्षा बलों के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने बालाकोट पर जवाबी हवाई हमला किया था। पिछले सप्ताह जैशे मुहम्मद फिर सामने आया जब उसके चार आंतकी भयानक मुठभेड़ में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के निकट नगरोटा में मारे गए। हालिया मुठभेड़ में पाकिस्तान का हाथ असंदिग्ध रूप से दिखाई देता है क्योंकि बहावलपुर स्थित जिहादी समूह जैशे मुहम्मद का जन्म पाकिस्तानी अवस्थापना या इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई से हुआ है और वही उसे पालती पोसती है। यह कश्मीर घाटी में विद्रोही समूहों के बीच प्रतियोगिता का युद्ध भी है जहां पहले स्थानीय 'स्वतंत्रता-समर्थक' समूहों का वर्चस्व था।



लेकिन उनको हाशिए पर धकेल दिया गया है और अब एलओसी के पार से राज्य-समर्थन पाने वाले 'पाकिस्तान-समर्थक' या ज्यादा उग्र स्तर पर सारी दुनिया में इस्लामी खलीफा राज्य स्थापित करने के समर्थक समूहों का अस्तित्व बचा हुआ है। जैशे मुहम्मद को उसके कुख्यात नेता व विचारक मसूद अजहर के नाम से जाना जाता है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया है। उसे कुख्यात व निन्दनीय रूप से चीन का समर्थन भी प्राप्त है जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी की प्रतिबंध समिति में उस पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ 'तकनीकी आधार' पर वीटो लगाया था तथा 'प्रमाणों की कमी' का झूठा बहाना बनाया था। पाकिस्तान और चीन द्वारा जैशे मुहम्मद के समर्थन के पीछे असली राजनीति का संबंध इस तथ्य से है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उनके लिए नैतिकता या निरंतरता का कोई स्थान नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसी एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद प्रायोजित करने के कारण 'काली सूची' में डालने से बचने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। जैशे मुहम्मद पर संरा. तथा लगभग सभी पश्चिमी देशों और यहां तक कि यूएई जैसे इस्लामी देशों ने भी प्रतिबंध लगाया है। वैश्विक दबाव के कारण पाकिस्तान ने भी इस पर प्रतिबंध लगाने का ढोंग किया है, जबकि यही समूह बाद में तहरीकुल फुरकान, खुद्दामुल इस्लाम, अल रहमत ट्रस्ट, आदि नामों से सामने आता रहा। सारे दबावों के बावजूद मसूद अजहर पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' के प्रति स्वामिभक्त है और इससे समूह को कश्मीर में कार्रवाइयों की आजादी मिल गई है। अजहर पर समय-समय पर अस्थाई 'संरक्षक हिरासत' लगा दी जाती है, लेकिन जम्मू कश्मीर में उसकी कार्रवाई की क्षमताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि इनके पीछे पूरी तरह व संपूर्ण रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना का हाथ है। हालिया नगरोटा हमला अपने आयाम, संवेदनशीलता व आक्रामकता के दृष्टिकोण से पूरी तरह पाकिस्तानी संलिप्तता स्पष्ट करता है। आतंकियों के पास से 11 एके 47 राइफलें, तीन पिस्तौल, 29 ग्रेनेड, 6 यूबीजीएल, मोबाइल उपकरण आदि बरामद हुए। इसके अलावा निकटवर्ती सांबा क्षेत्र में 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगा जो सीमा पार से घुसपैठ के लिए बनाई गई थी। ये सारी गतिविधियां बिना पाकिस्तान सरकार की सहायता के असंभव हैं। इस सुरंग के निर्माण में इंजीनियरिंग जटिलता प्रदर्शित होती है जो कम से कम 25-30 मीटर गहरी तथा 2.5 मीटर चौड़ी है। यह सुविधा निकटवर्ती पाकिस्तानी फौजी चौकियों रजब साहिब व आसिफसाहिब के सहयोग के बिना नहीं बनाई जा सकती थी। सुरंग के पाकिस्तानी पक्ष की ओर ऊंची सरकंडा घास की मौजूदगी गोपनीय रूप से काम का अवसर प्रदान करती है। इस सुरंग के निर्माण की जानकारी से इनकार करना असंभव है क्योंकि इससे निकटने वाली मिट्टी पर पाकिस्तानी गश्ती दलों व चौकियों की नजर पड़ना अपरिहार्य था। इसकी किसी प्रकार कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नई दिल्ली ने उचित कदम उठाते हुए पाकिस्तान के कार्यकारी राजदूत को तलब कर उनको इसके प्रमाण दिए जो 'शांति व सुरक्षा को अस्थिर करने पर बड़ा हमला' था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इससे हमेशा की तरह इनकार किया। वह दशकों से यही करता आ रहा है जिसके कारण वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकियों की वैश्विक 'नर्सरी' के रूप में कुख्यात हो गया है। महत्वपूर्ण रूप से भारत ने इस हमले के आरोप पाकिस्तान पर लगाए हैं और स्वयं प्रधानमंत्री ने इसके बारे में ट्वीट किए। हमलों में यह तेजी ऐसे समय आई है जब पड़ोसी अफगानिस्तान में पाक-समर्थित तालिबानों ने हमले तेज किए हैं तथा वहां स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। पाकिस्तान को अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों के लिए अमेरिकी प्रशासन में परिवर्तन का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। यह खासकर इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान से सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की है। पाकिस्तान की संलिप्तता स्पष्ट रूप से उजागर करना इसलिए जरूरी है कि उस पर पड़ने वाला वैश्विक दबाव कम न होने पाए। जैशे मुहम्मद और नगरोटा हमले के बीच संबंध स्पष्ट करना तथा सारे बिंदुओं को जोड़ना जरूरी है क्योंकि इस्लामाबाद इसे स्थानीय दुश्मनी बताने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान लगातार कश्मीर में सशस्त्र संघर्ष का एकमात्र स्रोत बना हुआ है और नगरोटा ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है।

## आप की बात

### संक्रमण की रोकथाम

**एक** जानकारी के मुताबिक अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं कोरोना रोगियों पर नज़र रखने का नया तरीका ईजाद किया है। अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं डाक टिकट के आकार का सेंसर युक्त उपकरण तैयार किया जो बेहद मुलायम और लचीला है। इसे गले के निचले हिस्से पर लगाया जा सकता है। त्वचा पर होने वाले बेहद मामूली कंपन ,श्वसन तंत्र पर नज़र खांसी की गणना आदि कर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने वाले उपकरण से कोरोना रोगियों पर नजर रखने में आसानी होगी। ऐसे उपकरण की सुविधा बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने हेतु मंगवाए जाना चाहिए ताकि ये चिकित्सा के क्षेत्र में मददगार साबित हो। इसके साथ ही अतिमहत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों छोड़ कर शेष पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। महामारी से सब देश जूझ ही रहे है। जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक की पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प संक्रमणता तो काफी कम कर सकता है। साथ ही इस बात की ट्रेंनिग भी है। यदि कभी युद्ध की स्थिति बनती तो इसप्रकार के हालातों से निपटने हेतु आत्मनिर्भर बन कठिनाइयों का सामना आसानी से कर लेंगे।

**- संजय वर्मा**

### संविधान की 71वीं वर्षगांठ

**देश** के केवडिया में, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर भारतीय संविधान की 71वी वर्षगांठ मना रहा है। आज विश्व के सबसे बड़े आबादी वाले लोकतांत्रिक देश में अनेकता में एकता का संचार लिए हुए, सम्पूर्ण विश्व में शांति, सौहार्द और समरसता का भाव उज्जवालित कर रहा।देश की आजादी के बाद, वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ।26 जनवरी, 1950 को भारत गणतंत्र और स्वतंत्र हो गया।हमारे संविधान ने सभी धर्म, जाति, मजहब, भाषा, पंथ को खुले हांथो से अपना लिया।जिस प्रकार से हिन्दू के लिए गीता पवित्र है, मुस्लिम के लिए कुरान, सिख के लिए गुरुग्रंथ साहिब और ईसाई के लिए बाइबल, उसी प्रकार एक देश और उसके देशवासियों के लिए संविधान। ये संविधान न सिर्फ एक धरोहर है बल्कि देश को विकास और एकजुटता में बांधे रखने का अमूल्य एवं पवित्र बंधन भी।प्रधानमंत्री मोदी भी केवाडिया के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।भारत हमेशा अपनी संप्रभुता, अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए शांति के पथ पर अग्रसर हो रहा।आत्मनिर्भर भारत की उड़ान से एक बार फिर भारत नई मिशाल कायम कर रहा है।

**- अमन जायसवाल**

### चीन को करारा जवाब

**विगत** कुछ समय से चीन भारत के रिश्तों में कड़वाहट का जवाब भारत ने हमेशा ही मुहतोड़ दिया है। और चीन का ये अतिविश्वास भी खत्म किया है कि वो भारत को हल्के में न ले। भारत की संस्कृति सभ्यता और सहजता को कमजोरी समझने की भूल ना करे। और भारत के कारगर कदमो में फिर भारत ने स्नेक वीडियो समेत 43 और मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर चीन को करारा तमाचा जड़ा है। निश्चित ही चीन को झटका लगना है। केंद्र सरकार ने 43 मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगाया।जिसमे ज्यादातर डेटिंग एप्स है। सरकार ने आई टी एक्ट 69-ए के तहत इन एप्स को ब्लॉक किया है। यानी अब भारत के यूजर्स इन एप्स का इस्तेमाल नही कर पाएंगे। भारत ने इससे पहले चीन को जून ,जुलाई, और सितम्बर में भी चीनी मोबाईल एप्स प्रतिबन्धित किये थे। टिक टाक पर पाबंदी के बाद स्नेक वीडियो तेजी से उसके विकल्प के तौर पर उभरा था। ये भी चीनी एप है। देश की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को खतरा बताते हुये 43 मोबाईल एप्स पर कार्रवाई की गई।

**- योगेश जोशी**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भाजपा** लगातार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है। क्या कभी आपने भाजपा से जुड़े लोगों पर सीबीआई छापेमारी की बात सुनी है।

**- बाला साहब थोराट**
महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री



**पहले** भाजपा ने शरद पवार को फिर राजस्थान व अन्य राज्यों में अन्य विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया। यह द्वेषपूर्ण राजनीतिक है।

**- छगल भुजबल**
राकांपा नेता



**प्रताप** सरनाइक कोई संत नहीं हैं और क्रियान्वयन निदेशालय की कार्रवाई कानून के मुताबिक चल रही है।

**- नारायण राणे**
भाजपा नेता

# सैकड़ों ट्रैक्टरों संग किसानों ने किया दिल्ली की ओर रुख

## अन्य राज्यों से लगती सभी सीमाएं सील

## चढूनी बोले, हर हाल में दिल्ली पहुंचेंगे किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


दिल्ली की ओर कूच करते किसान।

**कृषि** बिलों के खिलाफ किसानों ने दिल्ली की ओर रुख कर लिया है। मोहड़ा अनाज मंडी में एकत्रित हुए किसान कुरुक्षेत्र तक तीन जगहों पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ते बुधवार देर सायं तक कुरुक्षेत्र से आगे बढ़ गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने वाटर कैनन का भी प्रयोग किया, लेकिन किसान बीच से निकलकर दिल्ली की ओर चलते रहे।

इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से बाधित रहा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी द्वारा पहले से ही ऐलान किया गया था कि किसान मोहड़ा अनाज मंडी में एकत्रित होंगे और 25 नवंबर को सुबह 11 बजे दिल्ली की ओर कूच करेंगे। तय समय के अनुसार पहले से ही सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया व मोहड़ा अनाज मंडी से कुछ ही दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए। सुबह 11 बज कर 15 मिनट पर लगभग 100 किसानों का पहला जत्था मोहड़ा अनाज मंडी पहुंच गया। इसके बाद किसानों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया।

ठीक 11 बज कर 46 मिनट पर अचानक गुरनाम सिंह चढूनी मौके पर पहुंच गए। दोपहर लगभग एक बजे किसानों ने दिल्ली की ओर कूच कर दिया। मोहड़ा से कुछ ही दूरी पर लगाए गए बैरिकेड्स पर किसानों को रोक दिया गया, लेकिन किसानों ने बैरिकेड्स को हटा कर दिया और आगे बढ़ गए। कुछ ही दूरी पर पुलिस द्वारा आदेश अस्पताल के नजदीक दूसरा बैरिकेड्स लगाया गया और किसानों को यहा रोक दिया गया। इस दौरान शाहाबाद की एसडीएम डा. किरण सिंह व डीएसपी पिहोवा गुरमेल सिंह ने किसानों को समझाने का प्रयास किया और किसानों से आधे घंटे का समय ताकि वे सरकार से बातचीत कर सकें। इस दौरान किसानों ने सड़क पर बैठ कर ही खाना खाया। इसके तुरंत बाद आधा घंटा समय होने पर किसान फिर चल पड़े और बैरिकेड्स को ट्रैक्टरों की मदद से हटा दिया।

पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर किसानों को हटाने का प्रयास किया, लेकिन किसान आगे बढ़ते रहे। इसके बाद शाहाबाद के त्यौडा के नजदीक जीटी रोड पर किसानों को रोका और वाटर केनन का प्रयोग किया, लेकिन यहां से भी किसान बैरिकेड्स तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। समाचार लिखे जाने तक किसान कुरुक्षेत्र से दिल्ली की ओर बढ़ चुके थे। जीटी रोड़ पर दिल्ली तक पुलिस का कड़ा पहरा लगाया है।

## गांवों में पंचायत और युवा देंगे ठीकरी पहरा, आदेश जारी

**भिवानी।** जिलाधीश जयवीर सिंह आर्य ने 26 नवंबर को किसानों, कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के चलते जिले में अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने व जान-माल की सुरक्षा के लिए गांव में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश जारी किए है। इन आदेशों में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, चौकीदारों व नौजवानों को अपने-अपने गांवों में रात के समय ठीकरी पहरा देने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधीश आर्य ने अपने आदेशों में कहा कि सर्दी के कारण धुंध व कोहरा बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर किसानों, कर्मचारियों द्वारा 26 नवंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

# हरियाणा के तीन जिलों में धान खरीद का फर्जीवाड़ा

## करनाल, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर में दर्ज करवाई एफआईआर

## सरकार का दावा 90 फीसदी किसानों को हुई अदायगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के तीन जिलों में धान खरीद का फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिसके चलते खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा अलग-अलग पुलिस थानों में मामले दर्ज करवा दिए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ किसानों का आंदोलन उग्र होने से पहले प्रदेश सरकार द्वारा धान व अन्य फसलों की खरीद के बाद बुधवार तक करीब 90 फीसदी किसानों को अदायगी कर दी गई है।

हरियाणा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास ने बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि धान का सीजन समाप्त हो चुका है। इस सीजन के दौरान करनाल में फर्जी गेट पास जारी करने तथा बाहर से धान खरीदकर करनाल में लाने का मामला सामने आया था। ऐसे ही कुरुक्षेत्र तथा यमुनानगर की अनाज मंडियों में भी चावल से लदे ट्रक पकड़े गए। जांच में पता चला कि हरियाणा के नए व महंगे चावल बाहर भेजकर वहां से पुराना व सस्ता चावल लाकर स्टॉक पूरा किये जाने की योजना थी। जिसे समय रहते बेनकाब कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी केसों में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य किसी जिले से इस तरह के फर्जीवाड़े की सूचना नहीं मिली है।

किसानों को हुई अदायगी पर रिपोर्ट जारी करते हुए दास ने बताया कि हरियाणा में इस सीजन के दौरान अब तक कुल 10 हजार 488 करोड़ रूपये की धान खरीदी गई है। जिसमें से 9 हजार 679 करोड़ रुपए की अदायगी हो चुकी है। इसी तरह सात करोड़ 40 लाख रुपये की मक्का खरीदी गई थी जिसमें से छह लाख 60 हजार की अदायगी किसानों को हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस साल बाजरे की कुल 1560 करोड़ रुपये की खरीद हुई है जिसमें 1289 करोड़ की अदायगी हो चुकी है। पीके दास ने बताया कि प्रदेश में इस साल सात करोड़ 90 लाख रुपये की मूंग खरीदी गई है जिसमें से सात करोड़ रुपये किसानों को अदा किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन की खरीद को बंद करने से पहले वर्तमान में केवल 4500 किसान ऐसे हैं जिनके खाते ठीक किए गए हैं। इनमें कई ऐसे भी जिनकी एक से अधिक खरीद हुई है। इन सभी किसानों को एसएमएस तथा फोन के माध्यम से बातचीत करके इनके खाते ठीक किए जा रहे हैं। अगले एक-दो दिन में इन किसानों को भी अदायगी कर दी जाएगी।

## 30 को श्री गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा

**करनाल।** आदि गुरु, जगत गुरु श्री गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश उत्सव पंथ सेवक बाबा सुक्खा सिंह जी कार सेवा वालों की सरप्रस्ती में गुरुद्वारा डेरा कार सेवा, कलन्दरी गेट करनाल में 29 नवंबर को पांच प्यारे व सुन्दर पालकी साहिब के साथ महान नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इस महान नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी विराजमान होंगे। मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रकाश उत्सव में शिरकत करेंगे और गुरु चरणों में अपना शीश निवाएंगे। यह नगर कीर्तन करनाल के विभिन्न चौको से होते हुए देर शाम डेरा कार सेवा में सम्पन्न होगा। डेरा कार सेवा व गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही को बड़े ही सुन्दर ढंग से सजाया गया है। इस नगर कीर्तन में गत्तका पार्टी भी भाग लेंगी। जिसमें दशमेश अखाड़ा, गुरमीत अखाडा, वीर खालसा दल के बच्चे करतब दिखाएंगे। पंजाबी बैंड श्रद्धा की धून बजाकर संगतो को निहाल करेंगे। जगह-जगह गुरु के लंगर के लिए स्टॉल लगाए जाऐंगे। जानकारी देते हुए गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के जनरल सैक्रेटरी स. इन्द्रपाल सिंह ने बताया कि 30 नवंबर को सुबह साढ़े 5 बजे से दोपहर 3 बजे तक समागम होगा।

## पंजाब नहीं जाएंगी हरियाणा की बसें—

# चंडीगढ़ ने भी हरियाणा में बसों का संचालन रोका

## किसानों की दिल्ली कूच पर लिया फैसला



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बुधवार को एक अहम फैसला लेकर पंजाब जाने वाली सभी बसों का संचालन तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया है। रूट पर उतरी बसों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों के आंदोलन के कारण यह फैसला लिया है।

पंजाब के विभिन्न जिलों से दिल्ली जाने वाले किसान हरियाणा की सीमाओं तक पहुंच चुके हैं। ऐसे में हरियाणा सरकार ने आपात बैठक के बाद पंजाब जाने वाली सभी बसों को रोक दिया है।

परिवहन निदेशक द्वारा राज्य के सभी रोडवेज महाप्रबंधकों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि वह आगामी आदेशों तक पंजाब जाने वाली सभी बसों को रोक दिया जाए। इसके अलावा सभी चालकों व परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपनी बसों में 52 से अधिक यात्रियों को न बैठाएं। सभी महाप्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने डिपुओं में पांच-पांच बसों को रिर्जव रखेंगे। आपात स्थिति में इन बसों का इस्तेमाल जिला प्रशासन द्वारा किया जा सकता है।

इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने भी अहम फैसला लेते हुए हरियाणा से होकर दिल्ली जाने वाली तथा हरियाणा के विभिन्न जिलों में जाने वाली चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट की बसों का परिचालन रोक दिया है। चंडीगढ़ प्रशासन के अनुसार हरियाणा के सभी रूट जहां 27 नवंबर तक बंद रहेंगे वहीं पंजाब व हिमाचल जाने वाली बसों का आवागमन भी प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में सीटीयू की बसों के माध्यम से पंजाब व हिमाचल जाने वाले यात्री पूछताछ केंद्रों से बसों के संचालन की जानकारी हासिल करके ही घरों से बाहर निकलें।

# लाइन पार के लोगों को रेलवे एफओबी की मिलेगी सौगात



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**शहर** के लाइन पार एरिया में बसे लोगों को नववर्ष में खूबसूरत पार्क और रेलवे फुट ओवर ब्रिज की सौगात मिलेगी। यह दोनों कार्य नगर निगम की ओर से कराए जा रहे हैं। राम नगर के साथ लगती रेलवे की करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर विकसित किए जा रहे पार्क के मुकम्मल होने में अब ज्यादा देर नहीं, अब तक 75 प्रतिशत कार्य निपटाया जा चुका है, शेष कार्य दिसम्बर अंत तक मुकम्मल करने का लक्ष्य लिया गया है। नगर निगम आयुक्त विक्रम ने बुधवार को साइट पर जाकर कार्य का निरीक्षण किया। अब तक हुए काम को देखकर संतुष्टि जाहिर की और निर्देश दिए कि इसे तय समय में ही पूरा कर दिखाएं, ताकि जनता को पार्क की सुविधा मिले।

**अनुमानित 89 लाख रुपये से हो रहा तैयार भव्य पार्क :** निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि शहर के वार्ड-19 में पड़ने वाले पार्क पर करीब 89 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि कभी यहां गंदगी का सम्राज्य था और इसे देखने में लोग मुहं चिड़ाते थे, अब इस जगह का स्वरूप ही बदल गया है। कार्य की शुरुआत में इसमें मिट्टी की भरपाई कर समतल किया गया और फिर मजबूत बाउंडरी वाल खड़ी की गई। अब इसमें ओपन एयर जिम, दो गैजिबो और बच्चों के खेलने के लिए भिन्न-भिन्न तरह के झूले लगा दिए गए हैं। पेयजल के लिए एक नलकूप लगाया जा रहा है। रात्रि के समय पार्क में रोशनी बनी रहे, इसके लिए हाई मास्ट लाईट भी लगा दी गई है। सुंदर दिखने वाली चाकर टाईलों से पार्क के अंदर पाथ वे तैयार कर दिए गए हैं, जिनके दोनों ओर 70 बोलार्ड लाईटें लगाने का काम जारी है। रात्रि के समय बोलार्ड की रोशनी से पैरिस की सुंदरता जैसा एहसास होगा। विशाल पार्क में प्रवेश के लिए 2 गेट बनाए गए हैं, जिनके आगे मौजूद रास्ते पर भी सुंदर टाईलें लगाई जाएंगी। जो काम बचा है, वह पार्क में सुंदर व सजावटी घास तथा फूल-पौधे लगाने का है। एक्सईएन मोनिका शर्मा, एई सुनील भल्ला और जेई लक्की पंवार मौजूद रहे।

# पूजा काम्बोज को बनाया ग्लोबल आर्ट्स एंड लिटरेरी कॉउन्सिल का मेंबर

**पायनियर समाचार सेवा।** रादौर


ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर की प्रधानाचार्य पूजा काम्बोज।

**ग्लोब** हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर की प्रधानाचार्य पूजा काम्बोज को ग्लोबल आर्ट्स एंड लिटरेरी कॉउन्सिल का मेंबर बनाया गया है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्लोबल फोरम द्वारा उन्हें शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान और स्कूली स्तर पर भगवदगीता व संस्कृत जैसे विषयों के अध्ययन को बढ़ावा देकर साहित्य में कुछ रचनात्मक नयापन लाने के लिए ग्लोबल आर्ट्स एंड लिटरेरी कॉउन्सिल का मेंबर बनाया गया। उनके अनुसार इस कॉउन्सिल के पुरे विश्व से 23 सदस्य हैं जिनमें 5 भारतीय सदस्य हैं और पूरे भारत से चुने गए 5 सदस्यों में से एक उनका नाम है।

गौरतलब है कि पूजा कम्बोज ने लंदन, सिंगापुर व स्पेन में प्रकाशित होने वाले अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र में हिन्दू धर्म की शौर्यगाथा, धर्म और मजहब के बीच का अंतर समझाने वाले अनेक आर्टिकल लिखे हैं और साथ ही भगवदगीता पर लिखे गए उनके आर्टिकल को स्पेनिश भाषा में अनुवादित कर प्रकाशित किया गया है जिसके कारण उन्हें इस कॉउन्सिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें एस्थेटिक्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मैगजीन में सम्पादक भी नियुक्त किया गया और एशियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स का भी सदस्य बनाया गया।

पूजा कम्बोज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इन सभी सदस्याओं के लिए वो सभी क्षेत्रवासियों का उनके द्वारा उठाये गए इन कदमों में सहयोग के लिए धन्यवाद करती हैं और प्रेरित करते हुए कहा कि हमें किसी के ऊपर निर्भर न रहकर अपने रस्ते स्वयं बनाकर चलना है क्योंकि दूसरों के रास्तों पर चलने वाला इंसान केवल भीड़ का हिस्सा बनकर रह जाता है जबकि अपने रस्ते बनाकर चलने वाला इंसान भीड़ की वजह बन जाता है।

## अब आशा वर्कर करेंगी नसबंदी के लिए जागरूक

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के लिए 4 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को नसबन्दी कराने के लिए जागरूक किया जायेगा। इसी कड़ी में लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को सिविल सर्जन डॉक्टर सपना गहलावत द्वारा आशाओं के माध्यम से एक जागरुकता रैली को रवाना किया ताकि प्रत्येक आशा अपने-अपने एरिया में नसबन्दी को लेकर लोगों में जागरुकता लेकर आए। सिविल सर्जन गहलावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला भिवानी में इस विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नसबन्दी करने वाले को 2000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नसबन्दी में किसी प्रकार की कोई चीरफाड़ करने की जरूरत नहीं पड़ती और यह लगभग 20 मिनट के अन्दर पूर्ण प्रक्रिया की जाती है।

# हुडा ने आठ शहरों के 93 सेक्टर निगमों को सौंपे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण ने प्रदेश में आठ शहरों के 93 सेक्टर अब शहरी स्थानीय निकाय विभाग के हवाले कर दिए हैं। इसके साथ ही हुडा के 822 कर्मचारियों की सेवाएं भी प्रतिनियुक्ति पर अब निगमों को सौंप दी गई हैं। अब इन सेक्टरों में वाटर सप्लाई व सीवरेज व्यवस्था का जिम्मा अब निकायों के पास रहेगा। आवासीय क्षेत्रों में 20 सेक्टर ऐसे हैं, जिनमें सड़कों के अलावा पानी निकासी का कामकाज भी अब नगर निगमों द्वारा किया जाएगा।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के प्रधान सचिव ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर इस बारे में रिपोर्ट भेज दी है। अभी तक इन सेक्टरों में ये

### किस शहर के कौन से सेक्टर हुए शिफ्ट

**पंचकूला :** सेक्टर 2, 4 व 6 से 19 तक, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और ।।, एमडीसी के सेक्टर 4 व 5ए तथा सेक्टर 20, 21, 23, 24, 25, 26, 27 व 28
**अंबाला :** सेक्टर 1, 7, 8, 9, 10, कैंट के सेक्टर 32 व 34
**करनाल :** सेक्टर 4पी-।।, 5, 6, 7, 8, 8पी-।।, 9, 9पी-।।, 12पी-।।, 13, 13 एक्सटेंशन, 14पी-।, 14पी-।। व 16
**जगाधरी :** सेक्टर 17-।, 17-।।, 18-।, 18-।।, 15-। व 15-।।
**हिसार :** अर्बन एस्टेट-।। (सेक्टर-12), 13, 13पी-।।, 15, 16, 17, पुलिस लाइन एरिया, मेला ग्राउंड एरिया (सेक्टर-21), सेक्टर-9 व 11, सेक्टर-14पी, सेक्टर-27 व 28( ।/ए), सीयूसी-। (कमर्शियल)
**पानीपत :** 6, 7, 8, 11, 12, 13, 17, 18, 24, 25 पार्ट-। व ।।, 40, 29पी-। व पी-।।
**रोहतक :** सेक्टर 1, 2, 3, 4, 4-एक्सटेंशन व 14
**सोनीपत :** सेक्टर 7, 12, 14, 15, 23 व 13

मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने का काम हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का था। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एक्ट के तहत यह फैसला लिया है। पंचकूला, अंबाला, जगाधरी, करनाल, हिसार, पानीपत, रोहतक व सोनीपत के सेक्टर ननि के हवाले किए हैं।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के प्रधान सचिव ने स्पष्ट किया है कि इन सेवाओं के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में कार्यरत स्टॉफ को भी निगमों में शिफ्ट किया जाएगा। यह स्टॉफ प्रतिनियुक्ति पर निगमों में जाएगा लेकिन रिटायरमेंट तक उन्हें वहीं पर नौकरी करनी होगी। एसएचवीपी द्वारा 8 शहरों के इन 93 सेक्टरों में सीवरेज-पानी व सड़क आदि पर खर्च की गई राशि का ब्योरा भी भेजा है ताकि नगर निगम इस हिसाब से अपना बजट तय कर सकें।

इन 93 सेक्टरों पर एक साल की इस अवधि में एचएसवीपी द्वारा कुल 129 करोड़ 92 लाख 9 हजार रुपये खर्च किए गए। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने पंचकूला के

## वाटर सप्लाई व सीवेरज व्यवस्था स्थानीय निकाय की जिम्मेदारी

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के 822 कर्मचारी भी डैपुटेशन पर

सबसे अधिक 28 सेक्टर नगर निगम के हवाले किए हैं। इतना ही नहीं, सर्वाधिक स्टॉफ भी यानी कुल 822 कर्मचारियों में से 446 अकेले पंचकूला से हैं, जो अब निगम में काम करेंगे। अंबाला के 7 सेक्टरों में 69, जगाधरी के 6 सेक्टरों के लिए 37, करनाल के 14 सेक्टरों के लिए 54, हिसार के 12 सेक्टरों के लिए 41, पानीपत के 14 सेक्टरों के लिए 75, रोहतक के 6 सेक्टरों के लिए 43 और सोनीपत के भी 6 ही सेक्टरों के लिए कुल 57 कर्मचारियों को निगम में शिफ्ट किया है।




# संक्षिप्त-समाचार

## प्रभातफेरी में शब्दी जत्थे ने गुरबाणी किया कीर्तन



**कुरुक्षेत्र** श्री गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश उत्सव को समर्पित गुरुद्वारा श्री बैकुंठ धाम सेक्टर-8 से निकाली गई प्रभातफेरी सेक्टर-13 में सुखचैन सिंह के निवास पर पहुंची। यहां फूलों की वर्षा कर प्रभातफेरी में शामिल संगत का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बीबी सविंदर कौर, कुलजिंदर कौर, बीबी सुदर्शन कौर के शब्दी जत्थे ने रसमयी गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी भाई गुलजार सिंह ने संगत को गुरु साहिब के जीवन प्रसंग सुनाते हुए गुरु इतिहास से जोड़ा। उन्होंने संगत से गुरुजी के दर्शाए मार्ग पर चलने और गुरसिखी जीवन यापन करने का आह्वान किया। उन्होंने सरबत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास भी की। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू व प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच ने आयोजक परिवार सुखचैन सिंह को सिरोपा भेंट किया। गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के उपप्रधान हरपिंदर सिंह विर्क, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सिद्धू, पूर्ण सिंह, कुलविंदर सिंह ढिल्लो, रतन सिंह, सोहन सिंह, मास्टर सुखदेव सिंह, ढोलकी मास्टर करनैल सिंह, प्रितपाल सिंह, सुखचैन सिंह, सुखा सिंह, जसवंत सिंह गुरेटा, जोगा सिंह, महिंदर सिंह एडवोकेट, हरविंदर सिंह चीमा, दिलबाग सिंह, मास्टर विक्रम सिंह विर्क आदि संगत मौजूद रही। गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू ने बताया कि 26 नवंबर की प्रभातफेरी 7बी निवासी जिंदर सिंह के निवास पर और 27 नवंबर की प्रभातफेरी सिल्वर सिटी निवासी अंतर्राष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी तेजपाल सिंह के निवास पर जाएगी।

## नूंह से लापता नाबालिग का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम

**नूंह।** नूंह के शाहपुर नंगली गांव के पास बसे रोहिंग्या मुसलमानों की गायब हुई 12 वर्षीय नाबालिग लड़की का 20 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस के मामले में अभी तक पूरी तरह हाथ खाली हैं। 4 नवंबर को नाबालिग के गुम होने व 11 नवंबर को मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस नाबालिग को ढूंढ नहीं पाई है। ऐसे में पुलिस की लापरवाही साफ देखने को मिल रही है। परिजनों ने पुलिस पर बच्ची को तलाश करने में लापरवाही का आरोप लगाया है। 12 वर्षीय सादिया पुत्री मौलाना सालेह अहमद 4 नवंबर की शाम पांच रेडियो मेवात के समीप खेलने के लिए निकली, लेकिन घर वापस नहीं पहुंची। परिजनों ने लड़की को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद परिजनों ने नूंह सिटी थाना पुलिस को मामला अवगत कराते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर 11 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर लिया। सिटी थाना प्रभारी हरि सिंह ने बताया कि पीड़ितों से संपर्क कर एक मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया है, लेकिन अभी नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। जल्द ही बच्ची की तलाश कर ली जाएगी।

## सरकार प्रदेश के किसानों की आवाज दबाना चाहती है

**भिवानी।** युवा कल्याण संगठन ने कृषि कानूनों को लेकर प्रदर्शन करने वाले किसान नेताओं को गिरफ्तार करने की निंदा की है। संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि जब कोई राजनीतिक रैली की जाती है तो किसी भी प्रकार की दिक्कत सामने नहीं आती, लेकिन जब अन्नदाता अपने हकों की आवाज उठाना चाहते है, तो उन्हे रातोरात गिरफ्तार कर लिया जाता है, जो कि सरकार का तानाशाही रवैया दर्शाता है। कमल प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश के किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। इसीलिए रात के अंधेरे में किसान नेताओं की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को आंदोलनकारी किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का हल निकालना चाहिए न कि तानाशाहीपूर्ण रवैया दिखाकर उनकी आवाज को दबाने का। वही कमल प्रधान ने प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था पर भी प्रश्न उठाए तथा कहा कि प्रदेश भर में डकैती, दुष्कर्म, फिरौती, मर्डर के मामले आए दिन बढ़ रहे है तथा प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है, जबकि गठबंधन सरकार का इस दिशा में कोई ध्यान न होकर किसानों की आवाज दबाने में लगी हुई है।

## क्षय रोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

**रादौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में टीबी की बीमारी के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से निक्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ रोहित ने बताया कि टीबी की बीमारी का इलाज व इससे सम्बंधित टैस्ट सरकारी अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। उन्होंने कहा की कोई भी व्यक्ति जिसे दो हफ्ते तक खांसी, शाम के वक्त बुखार, लगातार वजन कम होना, रात के समय पसीना आना व छाती में दर्द के साथ खांसते वक्त खून आना की शिकायत है, तो वो अपनी टीबी की जांच अवश्य करवाए। उन्होंने कहा कि निक्षय योजना के तहत हर महीने टीबी के मरीज को सरकार की ओर से 500 रुपये भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमे हरी सब्जियों व ताजे फलों का सेवन कर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर अस्पताल के स्टाफ सदय मौजूद रहे।

## दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी

**रादौर।** बीती रात चोरो ने घेसपुर चुंगी के नजदीक एक दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखा हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह पता चला जब दूकानदार अपनी दुकान पर पंहुचा। घेसपुर चुंगी के निकट वृंदा डेरी एंड कंफैक्शनरी की दुकान चलाने वाली महिला अनीता ने बताया की चोर दुकान में रखा तेल, सिगरेट सहित अन्य खाद्य सामग्री चुरा ले गए। उन्होंने बताया की चोरी की इस घटना से उसे 30 से 40 हजार रुपये का नुक्सान हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस मार्केट में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन चोरों के हौसले बुलंद होने से वे बार-बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस से रात के समय इस मार्केट में विशेष गश्त करने की मांग की है।

## जब तक दवाई तब तक ढिलाई नहीं : अश्वनी



**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में तय्यब हुसैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव डीएलएस सोनीपत के निर्देशन में अश्वनी कुमार अभिवक्ता ने बुधवार को रेनू विद्या मंदिर में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए कहा कि कोविड-19 को हम सभी लोगो को एक जन आंदोलन के रूप में इसके बचाव के लिए सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। आज संपूर्ण देश ही नहीं वरन पूरा भ्रमांड कोविड-19 माहवारी के रूप में त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है। जहां सामान्य जनमानस कोविड-19 से जूझ रहा है। वही दिव्यांगजनों के लिए यह एक बहुत बड़ी समस्या है। समस्या से बचने के लिए जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं के इस मूल मंत्र को जन आंदोलन का रूप देना पड़ेगा। जिससे समावेशी भारत का निर्माण हो सके। अश्वनी कुमार ने दिव्यांगजनों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक किया। इन बच्चों के यौन शोषण के बचाव के तरीको के बारे में बताया। संसथान के प्राचार्य डॉ. देवानंद पांडेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोविद-19 से डरने की जरूरत नहीं है, जरूरी नियमों का अनुपालन करके कोविद-19 महामारी से जीता जा सकता है। संस्थान की हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट इंदु राणा ने पैनल अधिवक्ता अश्वनी का धन्यबाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कोर्स कोऑर्डिनेटर तनूजा रावल, आशीष आनंद, काजल अरोरा, सुनील कुमार गुप्ता, विजेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि सैकड़ों दिव्यांग विद्यार्थी शामिल रहे।

# संरा द्वारा घोषित आतंकवादियों का पाक सबसे बड़ा प्रश्रयदाता, एबटाबाद याद रखना चाहिए : भारत

**योषिता सिंह।** संयुक्त राष्ट्र

### टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है और उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए जहां अल-कायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और अंतत: मारा गया।

संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पाकिस्तान के राजनयिक द्वारा एक डोजियर सौंपा गया था जिसके जवाब में भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा, फर्जी दस्तावेज देना और झूठा कथानक गढ़ना पाकिस्तान के लिए नई बात नहीं है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है। उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में इस्लामाबाद के राजनयिक मुनीर अकरम ने गुतारेस से भेंट कर उन्हें पाकिस्तान सरकार की ओर से एक डोजियर सौंपा था और



आरोप लगाया था भारत उनके देश में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। तिरुमूर्ति ने अपने ट्वीट में पाकिस्तान के शहर एबटाबाद की याद दिलाई जहां बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और मई 2011 में अमेरिकी नौसेना के सील कमांडों के दस्ते ने उसे मार गिराया था। विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने सोमवार को अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे बड़े देशों के दूतों को पाकिस्तान स्थित जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन द्वारा जम्मू कश्मीर के नगरोटा में हमले की साजिश से अवगत कराया था।

भारतीय सुरक्षा बलों ने 19 नवंबर को आतंकवादियों की इस साजिश को नाकाम करते हुए मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया था।

## अफगानिस्तान में शांति व समृद्धि के लिए उसके सहयोगी अपनी भूमिका निभाएं : एंतोनियो गुतोरस

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को अफगानिस्तान के पड़ोसियों और उसके सहयोगी देशों से आग्रह किया कि वे युद्धग्रस्त देश में शांति और उसके समृद्ध भविष्य के लिए अपनी भूमिका निभाएं। इसके साथ ही उन्होंने भारी हिंसा को लेकर गहरी चिंता जताई और तत्काल तथा बिना शर्त संघर्षविराम के लिए प्रयासों में तेजी लाने का भी आह्वान किया। अफगानिस्तान पर केंद्रित एक सम्मेलन को भेजे अपने वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि शांति की दिशा में प्रगति होने से पूरे क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी और लाखों विस्थापित अफगान नागरिकों की सुरक्षित, चरणबद्ध और गरिमामई वापसी की दिशा में यह एक अहम कदम है। गुतारेस ने कहा कि वह विकास और सुधारों के लिए अपने महत्वाकांक्षी एजेंडे को लेकर अफगानिस्तान सरकार की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा, ... मैं अफगानिस्तान के पड़ोसियों और सहयोगियों से आग्रह करता हूं कि वे सहयोग के इन अवसरों का लाभ उठाते हुए अफगानिस्तान के लिए एक शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने हाल में हुई भारी हिंसा, खासकर छात्रों और नागरिकों के खिलाफ, को लेकर गहरी चिंता जताई।

# मेरा राष्ट्रीय सुरक्षा दल अमेरिका को सुरक्षित रखेगा : जो बाइडन

### अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार, इससे पीछे हटने को नहीं

**ललित के. झा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका राष्ट्रीय सुरक्षा दल देश को सुरक्षित रखेगा ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं।

डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय से बाइडन ने मंगलवार को अनुभवी राजनयिक एंटनी ब्लिनकेन को विदेश मंत्री, एलेजांद्रो मयोरकास को होमलैंड सिक्योरिटी मंत्री, लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत और एवरिल हैंस को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के तौर पर नामित करने के अपने इरादे की घोषणा की। एवरिल राष्ट्रीय खुफिया निदेशक बनने वाली पहली महिला होंगी। बाइडन ने जॉन कैरी को राष्ट्रपति का विशेष जलवायु दूत और जेक सुलिवन (43) को राष्ट्रीय सलाहकार के पद के लिए नामित करने की भी घोषणा की थी। सुलिवन, दशकों में इस पद पर सेवा देने वाले सबसे कम उम्र के लोगों में से एक होंगे।

कई प्रमुख केबल नेटवर्क पर प्रसारित संबोधन में बाइडन ने कहा, यह एक ऐसा दल है जो हमारे देश और हमारे लोगों को सुरक्षित रखेगा और यह एक ऐसा दल है जो उस तथ्य को प्रदर्शित करेगा कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं। एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ होने, अपने प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने, सहयोगियों के साथ खड़ा होने, हमारे मूल्यों के लिए खड़े होने को तैयार है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, जिसमें डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन को विजेता घोषित किया जा चुका है।

**एनएसए नियुक्त जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता है : बाइडन**

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिजाज दोनों हैं।

बाइडन ने डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मैं जेक सुलिवन का चयन करता हूं। उनके जैसा मेधावी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिजाज दोनों हैं। सुलिवन (43), दशकों में पहली बार सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे। बाइडन जब उप राष्ट्रपति थे तब सुलिवन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वह विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के एक मुख्य सलाहकार रह चुके हैं।

उन्होंने कहा, और राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान वह विदेशी और घरेलू नीतियों में मेरे सबसे भरोसेमंद सलाहकार रहे। साथ ही उन्होंने कोविड-19 से निपटने की रणनीति बनाने में मेरी मदद की। जेक मेरे उस दृष्टिकोण को समझते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है।

# केवल पेरिस समझौते से कुछ नहीं होगा : जॉन कैरी

### जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए विश्व को एक साथ आने की जरूरत है, पेरिस समझौता काफी नहीं होगा

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उनके जलवायु दूत के तौर पर नामित जॉन कैरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए विश्व को एक साथ आने की जरूरत है और केवल ऐतिहासिक पेरिस समझौता इसके लिए काफी नहीं होगा।

कैरी ने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ने एक साहसिक, परिवर्तनकारी जलवायु योजना को आगे बढ़ाया है, जो मौजूदा समय में कारगर साबित होगी। बाइडन ने इस बात पर भी जोर दिया है कि केवल एक देश अकेले इस चुनौती से नहीं निपट सकता। पूर्व विदेश मंत्री ने कहा, जबकि अमेरिका केवल 15 प्रतिशत वैश्विक उत्सर्जन के लिए ही जिम्मेदार है, लेकिन इस समस्या को हल करने के लिए विश्व को एक साथ आना होगा।

बाइडन ने कहा था कि वह उनके प्रशासन के काम शुरू करने के पहले दिन ही जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते का अमेरिका एक बार फिर हिस्सा बन जाएंगे। कैरी ने कहा, आप सही हैं कि हम पहले दिन ही पेरिस समझौते का एक बार फिर हिस्सा बन जाएंगे और आपका यह कहना भी सही है कि अकेले पेरिस (समझौते) से कुछ नहीं होगा। आज से एक वर्ष बाद ग्लासगो में वैश्विक बैठक है, सभी राष्ट्रों को एक साथ महत्वाकांक्षाएं बढ़ानी होंगी- या हम सभी एक साथ विफल होंगे। विफल होना कोई विकल्प नहीं है।

कैरी जलवायु परिवर्तन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पहले सदस्य होंगे।

# पाकिस्तान में ट्रांसजेंडरों को मिला अपना पहला गिरजाघर

**एजेंसी।** कराची



**पाकिस्तान** में ईसाई ट्रांसजेंडर लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार, उपहास और अपमान का सामना करना पड़ता है लेकिन समुदाय के लोगों का मानना है कि उनके लिए बनाए गए गिरिजाघर में अब उन्हें शांति और सांत्वना मिलेगी।

उनका कहना है कि दूसरे गिरजाघरों में सुनवाई नहीं होने पर वे अपनी समस्याएं यहां साझा कर सकते हैं। पाकिस्तान में फर्स्ट चर्च ऑफ यूनक(किन्नर) नाम का यह गिरजाघर केवल ट्रांसजेडर ईसाइयों के लिए है। किन्नर शब्द दक्षिणी एशिया में अक्सर महिला ट्रांसजेंडरों के लिए उपयोग किया जाता है और कुछ लोग इसे अपमानजनक मानते हैं। गिरजाघर की पादरी और सह संस्थापक गजाला शफीक ने कहा कि उन्होंने अपनी बात रखने के लिए यह नाम चुना। बाइबल के अंशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किन्नरों पर ईश्वर की कृपा होती है। सभी धर्मों की ट्रांसजेंडर महिलाओं और पुरुषों को रुढ़िवादी पाकिस्तान में अक्सर सार्वजनिक रूप अपमान, यहां तक की हिंसा का सामना करना पड़ता है।

सरकार ने हालांकि उन्हें आधिकारिक तौर पर थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता दे दी है लेकिन अक्सर उनके परिवावाले उन्हें त्याग देते हैं जिसके बाद उन्हें भीख मांगकर, शादियों में नाच कर अपना गुजारा करना पड़ता है। उनको अक्सर यौन शोषण का सामना करना पड़ा है और अंतत: वे यौनकर्मी बन जाते हैं।

## अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व को पुन: स्थापित करने के लिए

# घरेलू चुनौतियों से निपटना जरूरी: हैरिस

### बाइडन और मैं हमेशा से यह जानते थे कि चुनाव के बाद व्हाइट हाउस में हमारा सामना कई अप्रत्याशित चुनौतियों से होगा

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** की नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा है कि विश्व भर में अमेरिका का नेतृत्व पुन: स्थापित करने के लिए घरेलू चुनौतियों से पार पाना आवश्यक है।

हैरिस ने डेलावेयर स्थित विलमिंगटन में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं हमेशा से यह जानते थे कि चुनाव के बाद व्हाइट हाउस में हमारा सामना कई अप्रत्याशित चुनौतियों से होगा। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों का सामना करने के साथ ही हमें महामारी पर नियंत्रण पाना है, जिम्मेदारी के साथ अर्थव्यवस्था को खोलना है और यह सुनिश्चित करना है कि कामकाजी लोगों को इसका लाभ मिले। हैरिस ने कहा, हम यह भी जानते हैं कि यहां घरेलू चुनौतियों से निपटना आवश्यक है, तभी हम विश्व भर में अपने नेतृत्व को पुन: स्थापित कर पाएंगे।

उन्होंने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं। हमें अमेरिका के समर्थकों को पुन: एक मंच पर लाना होगा और परस्पर सहयोग को पुनर्जीवित करना होगा। हमें अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के संस्थानों का पुनर्निर्माण करना होगा और उन्हें मजबूत करना होगा। यह संस्थान हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हैं। हमें जलवायु परिवर्तन के खतरे का भी सामना करना होगा। हैरिस ने कहा कि वह इन मुद्दों को गंभीरता से लेती हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में लोगों की सुरक्षा के मुद्दों को लेकर काम किया है।

## जयशंकर ने बहरीन के प्रधानमंत्री शहजादे खलीफा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मनामा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के लोगों और सरकार की ओर से बहरीन के प्रधानमंत्री शहजादे खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के निधन पर बहरीन के नेतृत्व को शोक व्यक्त किया। वह इस खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं।

शहजादे खलीफा का 11 नवंबर को 84 साल की उम्र में अमेरिका में इंतकाल हो गया था, जहां उनका उम्र संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्हें 13 नवंबर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। वह प्रधानमंत्री पद पर सबसे ज्यादा समय तक सेवा देने वाले दुनिया के चंद नेताओं में शामिल हैं। शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा के चाचा, शाहजादे खलीफा ने 1970 में प्रधानमंत्री का औहदा संभाला था और अपने निधन तक इस पद पर काबिज़ रहे। वह 1971 में बहरीन के स्वतंत्र होने से

# ट्विटर 2021 की शुरुआत में ब्लू टिक को वापस लाएगा

### ट्वीटर ने अपने सार्वजनिक सत्यापन कार्यक्रम को तीन साल पहले रोक दिया था

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**सोशल** मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर अपने खातों के सत्यापन की प्रक्रिया अगले साल की शुरुआत में फिर शुरू करेगा, जिसके तहत सक्रिय और प्रामाणिक उपयोगकर्ताओं के खातों को ब्लू टिक दिया जाता है।

ट्वीटर ने अपने सार्वजनिक सत्यापन कार्यक्रम को तीन साल पहले रोक दिया था, क्योंकि उसे प्रतिक्रिया मिली थी कि कई लोगों को यह मनमाना और भ्रमित करने वाला लगा। हालांकि, ट्विटर ने विशेष मामलों में खातों को ब्लू टिक देने जारी रखे। ट्विटर ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा, एक साल बाद हमने 2020 के अमेरिकी चुनाव के मौके पर सार्वजनिक बातचीत में ईमानदारी बनाए रखने के लिए इस काम को आगे बढ़ाया। माइक्रोब्लॉगिंग मंच अब प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है और जनता से 24 नवंबर से आठ दिसंबर 2020 तक अपनी नई सत्यापन नीति के मसौदे पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा है।

ब्लॉग में कहा गया है कि इस नीति के आधार पर भविष्य में सुधार किए जाएंगे कि सत्यापन का मतलब क्या है, सत्यापन के लिए कौन योग्य है और अधिक न्यायसंगत प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए क्यों कुछ खाते सत्यापन खो सकते हैं। ट्विटर ने कहा, हम 2021 की शुरुआत में एक नई सार्वजनिक आवेदन प्रक्रिया के साथ सत्यापन को फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं... प्रस्तावित नीति के अनुसार ट्विटर पर ब्लू वेरिफाइड बैज लोगों को बताता है कि यह सार्वजनिक हित का एक प्रामाणिक खाता है।

ट्विटर ने कहा कि ब्लू टिक पाने के लिए खाता उल्लेखनीय और सक्रिय होना जरूरी है। इसके तहत ट्विटर ने छह तरह के खातों की पहचान की है, जिसमें 1) सरकार, 2) कंपनियां, ब्रांड और गैर-लाभकारी संगठन, 3) समाचार, 4) मनोरंजन, 5) खेल, 6) सामाजिक कार्यकर्ता, आयोजक और अन्य प्रभावशाली व्यक्ति शामिल हैं।

## वायरस के मामले बढ़ने के साथ विमानन कंपनियों की वित्तीय चुनौती बढ़ी

**वाशिंगटन।** यूरोप और अमेरिकी में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के साथ ही दुनिया भर की विमानन कंपनियों का वित्तीय परिदृश्य खराब हो रहा है।

विमानन कंपनियों के एक संगठन ने कहा कि उद्योग को महामारी के चलते इस साल और अगले साल 157 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान होगा। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का यह पूर्वानुमान उसके द्वारा जून में जताए गए 100 अरब डॉलर के नुकसान के अनुमान से अधिक है। ताजा अनुमानों के मुताबिक विमानन कंपनियों को इस साल प्रति यात्री 66 डॉलर से अधिक का घाटा होगा। हालांकि, व्यापार समूह को आगे तेजी से सुधार की उम्मीद है। उसने कहा कि कोविड-19 का टीका आने के बाद यात्रा बढ़ेगी, जिसके चलते विमानन कंपनियां 2021 की चौथी तिमाही से मुनाफे में आने लगेंगी।

# 70 प्रतिशत लोगों ने भी मास्क पहना होता तो महामारी नियंत्रण में होती

**एजेंसी।** सिंगापुर।



**कोविड-19** वैश्विक महामारी को इतना विकराल रूप लेने से रोका जा सकता था, अगर 70 प्रतिशत लोगों ने भी लगातार मास्क पहना होता। एक अध्ययन में इसके साथ ही कहा गया है कि आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है।

मास्क बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और उसे पहनने की अवधि के उसके असर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध में किए गए अध्ययनों की समीक्षा में यह बात सामने आई है। पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स में प्रकाशित इस अध्ययन में, फेस मास्क पर किए गए अध्ययनों का आकलन किया गया और इस पर महामारी विज्ञान की रिपोर्टों की समीक्षा कि क्या ये एक संक्रमित व्यक्ति के दूसरे लोगों को संक्रमित करने की संख्या को कम करते हैं।

अध्ययन में कहा गया, अत्यधिक प्रभावकारी फेस मास्क, जैसे कि लगभग 70 प्रतिशत अनुमानित प्रभावकारिता वाले सर्जिकल मास्क को अगर 70 प्रतिशत लोगों ने भी सार्वजनिक स्थानों पर पहना होता तो, वैश्विक महामारी के प्रकोप को कम किया जा सकता था। अध्ययन के शोधकर्ताओं में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के संजय कुमार भी शामिल थे। कुमार ने कहा, यहां तक की आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## जीएसके कंज्यूमर : भारत में पॉलिडेंट ब्रांड की पेशकश

**नई दिल्ली।** जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर ने बुधवार को कहा कि उसने पॉलिडेंट ब्रांड की पेशकश के साथ भारत में दांतों की देखभाल श्रेणी में कदम रखा है। जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर ने एक बयान में कहा कि पॉलीडेंट दांतों की देखभाल के खंड में वैश्विक बाजार में अग्रणी है और इस पेशकश के साथ भारत में उसकी उपस्थिति मजबूत होगी। कंपनी की क्षेत्रीय विपणन निदेशक अनुरीता चोपड़ा ने कहा कि जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर ने हमेशा उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उत्पाद पेश करने का प्रयास किया है। कंपनी ने कहा कि यह उत्पाद पूरे भारत में फार्मेसियों और प्रमुख ई-कॉमर्स मंच पर उपलब्ध होगा। यह 315 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य के साथ 20 ग्राम के पैक में उपलब्ध है।

## धनिया वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को धनिया की कीमत 190 रुपये की गिरावट के साथ 6,142 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 190 रुपये अथवा तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,142 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 3,725 लॉट के लिए कारोबार हुआ। धनिया के जनवरी 2021 माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 190 रुपये अथवा 2.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,212 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 225 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण मुख्यत: धनिया वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई।

## रिफाइंड सोयातेल वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** सटोरियों द्वारा अपने सौदों के आकार को बढ़ाने के कारण वायदा कारोबार में बुधवार को रिफाइंड सोयातेल की कीमत 3.3 रुपये के सुधार के साथ 1,056 रुपये प्रति 10 किलोग्राम हो गई। एनसीडीईएक्स में रिफाइंड सोयातेल के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 3.3 रुपये अथवा 0.31 प्रतिशत के सुधार के साथ 1,056 रुपये प्रति 10 किलोग्राम हो गई जिसमें 52,510 लॉट के लिए कारोबार हुआ। रिफाइंड सोयातेल के जनवरी 2021 के महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 2.1 रुपये अथवा 0.2 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,053 रुपये प्रति 10 किलोग्राम हो गई जिसमें 12,725 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा अपने सौदों के आकार को बढ़ाने के कारण मुख्यत: वायदा कारोबार में रिफाइंड सोयातेल की कीमतों में सुधार दर्ज हुई।

## सोयाबीन वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में तेजी के रुख को देखते हुए व्यापारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को सोयाबीन की कीमत 50 रुपये की तेजी के साथ 4,407 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में सोयाबीन के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 50 रुपये अथवा 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,407 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 1,50,130 लॉट के लिए कारोबार हुआ। सोयाबीन के जनवरी 2021 के महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 53 रुपये अथवा 1.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,414 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 97,025 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि मांग में आई तेजी को देखते हुए सटोरियों की ताजा लिवाली से मुख्यत: वायदा कारोबार में सोयाबीन की कीमतों में तेजी आई।

## बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को बिनौलातेल खली की कीमत 81 रुपये की तेजी के साथ 2,112 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 81 रुपये अथवा 3.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,112 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 31,950 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बिनौलातेल खली के जनवरी 2021 के महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 62 रुपये अथवा चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2,133 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 17,600 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि पशुचारा निर्माता कंपनियों की बढ़ती मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी आई।

## जेएसडब्ल्यू सीमेंट दिसंबर 2022 तक होगी सूचीबद्ध

**कोलकाता।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 महामारी और मंदी के चलते कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना को दो साल आगे बढ़ा दिया है और अब यह दिसंबर 2022 के आसपास आ सकता है। कंपनी ने 2023 तक अपनी कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 2.5 करोड़ टन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है और इसके लिए 3623 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। जेएसडब्ल्यू सीमेंट के प्रबंध निदेशक पार्थ जिंदल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ओडिशा में शिव सीमेंट के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा, 2019 में सीमेंट क्षेत्र में गिरावट आई थी, 2020 में कोविड की मार पड़ी है। अब आईपीओ लाने के लिए हमारे लिए दिसंबर 2022 तार्किक समयसीमा है।

## एमपीईडीए ने समुद्री मतस्य अधिनियम में सुधार की अपील की

**कोलकाता।** समुद्री निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने समुद्री मतस्य अधिनियम में जरूरी सुधार के लिए राज्य सरकारों से अपील की है, ताकि अमेरिका द्वारा दो साल पहले लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का रास्ता तैयार हो सके। अमेरिका ने कछुआ संरक्षण के लिए भारत के अधिक जवाबदेह बनाने के लिए यह प्रतिबंध लगाया था। अमेरिका द्वारा लगाए गए इस प्रतिबंध के चलते भारत से कुल झींगा निर्यात का 15 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हुआ। भारत में कानून-व्यवस्था और मछली पकड़ने के नियम राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और स्थानीय सरकारों द्वारा नियंत्रित हैं। एमपीईडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंध को हटाने के लिए बातचीत की प्रगति काफी अच्छी है और अब राज्य सरकारों को कछुआ संरक्षण के लिए बनाए गए नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अमेरिका चाहता है कि भारत और अधिक सख्त कानून बनाए।

## एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण आठ लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान आठ लाख करोड़ रुपये के पार हो गया। इस उपलब्धि को हासिल करने वाला यह देश का पहला बैंक है। बीएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 8,05,742 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक, बाजार पूंजीकरण के मामले में तीसरी सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से पहले स्थान पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) है और दूसरा स्थान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का है। इस साल अब तक एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 15.11 फीसदी की तेजी आई है।

## अमेरिका में फ्रीडम राइड्स : ब्रूस कार्वर बोयांटन का निधन

**सेल्मा ( अमेरिका )।** अमेरिका में 1961 में ऐतिहासिक फ्रीडम राइड्स की शुरुआत करने वाले ब्रूस कार्वर बोयन्टन का निधन हो गया है। वह 81 वर्ष के थे। अलबामा के पूर्व सिनेटर हैन सैंडर्स ने अपने दोस्त के निधन की पुष्टि की। उनका निधन शुक्रवार को हो गया था। बोयन्टन को 60 साल पहले वर्जीनिया में एक बस स्टेशन में श्वेत लोगों के लिए बने हिस्से में प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया था और इस घटना के बाद हुए विरोध से ही दक्षिण में जिम क्रो कानूनों को खत्म करने में मदद मिली। जिम क्रो राज्य के और स्थानीय कानून थे जो दक्षिण अमेरिका में नस्लीय अलगाव लागू करते थे। बाद में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय का एक निर्णय आया जिसने बस स्टेशन भेदभाव को प्रतिबंधित किया और इससे फ्रीडम राइड्स को बल मिला।

# विजय कुमार सिन्हा चुने गए बिहार विधानसभा के स्पीकर

## जदयू ने आखिरी वक्त पर व्हिप जारी कर तेजस्वी का बिगाड़ा खेल

एजेंसी। पटना

**बिहार** विधानसभा में महागठबंधन की जमकर मोर्चेबंदी के बावजूद एनडीए उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा स्पीकर चुन लिए गए। जदयू ने आखिरी वक्त पर व्हिप जारी कर दिया। इससे तेजस्वी का खेल बिगड़ गया और राज्य में पहली बार स्पीकर की कुर्सी भाजपा को मिल गई। राज्य में 51 साल यानी 1969 के बाद स्पीकर पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव से पहले जमकर उठापटक भी हुई। पटना से करीब 350 किलोमीटर दूर रांची में चारा घोटाले की सजा काट रहे लालू प्रसाद यादव ने भी भाजपा विधायकों को अपने पक्ष में करने की कोशिश की, लेकिन उनका चारा काम न आया। नए स्पीकर सिन्हा (53) लखीसराय से लगातार तीसरी बार भाजपा विधायक हैं। वे मंत्री भी रह चुके हैं।

भाजपा एक दिन पहले ही विधायकों को हाजिर रहने का व्हिप जारी कर चुकी थी, जबकि जदयू ने व्हिप जारी नहीं करने का फैसला किया था। उसने इसकी घोषणा भी की थी, लेकिन आखिरी वक्त पर उसने सेफ साइड में व्हिप जारी कर दिया। अगर जदयू के विधायक नहीं आते और भाजपा का उम्मीदवार हार जाता, तो यह कहा जाता कि नीतीश ने लोजपा-भाजपा के रिश्तों के विरोध में ऐसा किया। माना जा रहा है कि ऐसे आरोपों से बचने के लिए ही जदयू ने व्हिप जारी करने का फैसला किया। स्पीकर के चुनाव से पहले विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष इस बात पर भी अड़ा था कि जब सीएम नीतीश कुमार और दो मंत्री अशोक चौधरी और मुकेश सहनी नई विधानसभा के सदस्य नहीं हैं तो उन्हें मतदान प्रक्रिया के दौरान सदन से बाहर किया जाए और सीक्रेट बैलेट से वोटिंग कराई जाए।

**भाजपा से बिहार के पहले स्पीकर**

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष की कुर्सी संभालने वाले विजय सिन्हा भाजपा के पहले विधायक हैं। इससे पहले भाजपा को स्पीकर का पद नहीं मिला था। वहीं, विजय सिन्हा भूमिहार जाति से आते हैं। ऐसे में भाजपा उनको स्पीकर पद का उम्मीदवार बनाकर जातिगत समीकरण भी साधना चाहती है।



### लखीसराय से लगातार तीसरी बार जीते

विजय सिन्हा का जन्म पांच जून, 1967 को हुआ था। उन्होंने बेगुसराय के सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। वर्तमान में विजय सिन्हा बिहार की लखीसराय विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्हें इस चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत मिली है। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब राजद और जदयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था। उस दौरान भी विजय सिन्हा का इस सीट पर दबादबा कायम था। उन्होंने भाजपा के टिकट पर यहां से जीत हासिल की। उन्होंने जदयू प्रत्याशी रामानंद मंडल को शिकस्त दी थी। वहीं, मौजूदा चुनाव में उन्होंने महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी अमरेश कुमार को 10 हजार से अधिक मतों के अंतर के साथ हराया। विधायक रहने के साथ-साथ उन्हें सरकार का भी पूरा अनुभव है। पिछली सरकार में वह बिहार के श्रम संसाधन मंत्री थे।

### एनडीए विधायक ललन पासवान का कबूलनामा लालू से हुई थी सरकार गिराने को लेकर बात



**पटना।** बिहार विधानसभा स्पीकर पद के चुनाव हो रहे हैं। इसी बीच राजद सुप्रीम लालू प्रसाद यादव का एक कथित ऑडियो क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें वह एनडीए के विधायक ललन पासवान को मंत्री पद का प्रलोभन देकर बगावत करने के लिए उकसा रहे हैं। वहीं, जिस विधायक को प्रलोभन दिया गया है, उन्होंने सजायफ्ता नेता के साथ बातचीत की बात को स्वीकार कर लिया है। एनडीए गठबंधन का हिस्सा जदयू के विधायक लल्लन पासवान ने कहा है कि लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार रात उन्हें कॉल किया था और पार्टी से बगावत कर वर्तमान सरकार को अस्थिर करने की बात कही थी। विधायक पासवान ने कहा, चुनाव जीतने के बाद लगातार बधाई देने के लिए कॉल आ रहे थे। ऐसे में मुझे लगा कि किसी का ऐसा ही कॉल आया है, इसलिए मेरे पीए ने कॉल उठाया। पीए ने कहा कि लालू जी बात करना चाहते हैं, फिर मैंने सोचा कौन लालू प्रसाद जी? उधर से बताया गया रांची से। तब मैंने उनको प्रणाम किया। फिर लालू जी ने बातचीत में कहा कि स्पीकर को गिराना है तत्काल गिराना है। ऐसा करने पार तुमको मंत्री बनाया जाएगा। हमने ऐसा करने से मना कर दिया।

# पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में इस साल 46.5 प्रतिशत की वृद्धि: सीपीसीबी




**नई दिल्ली।** पंजाब में इस साल पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं दर्ज की गई। पिछले साल के मुकाबले इनमें 46.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। हालांकि हरियाणा में पिछले साल के मुकाबले इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 28.6 प्रतिशत की कमी देखी गई।

हर साल सर्दियों की शुरुआत में पंजाब और हरियाणा के खेतों में पराली जलाई जाती है। जिसके कारण दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। सीपीसीबी की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में 21 सितंबर से 22 नवंबर के बीच पंजाब में पराली जलाने की कुल 76,537 घटनाएं सामने आईं। जबकि इसी अवधि में पिछले साल यह संख्या 52,225 थी। सीपीसीबी ने कहा, 2019 के मुकाबले 2020 में पराली जलाने की घटनाओं में 46.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2020 में पंजाब के संगरूर, बठिंडा और फिरोजपुर में सबसे ज्यादा पराली जलाई गई। इस साल मोगा, अमृतसर, फाजिल्का और लुधियाना जैसे जिलों में पिछले साल के मुकाबले पराली जलाने की 75 प्रतिशत अधिक घटनाएं दर्ज की गई। सीपीसीबी ने कहा, 2020 में शहीद भगत सिंह नगर को छोड़कर पंजाब के सभी जिलों में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई।

बोर्ड ने कहा कि इससे पता चलता है कि जमीनी स्तर पर केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक प्रकार से नहीं किया गया। हरियाणा में 2020 में 25 सितंबर से 22 नवंबर के बीच पराली जलाने की 4,675 घटनाएं दर्ज की गई। पिछले साल इस दौरान 6,551 घटनाएं दर्ज की गई थीं। सीपीसीबी ने कहा, केंद्र सरकार की योजनाओं के सहयोग से 2019 के मुकाबले 2020 में पराली जलाने की घटनाओं में 28.6 प्रतिशत की कमी आई। सीपीसीबी ने कहा कि वर्ष 2020 में भी फतेहाबाद, कैथल और करनाल जैसे जिलों में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं हुई, हालांकि वर्ष 2019 के मुकाबले इनमें 40 फीसदी की कमी दर्ज की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई हमले की 12वीं बरसी आज

**मुंबई।** यहां हुए आतंकवादी हमले की 12वीं बरसी बृहस्पतिवार को है। महानगर पुलिस शहीद सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसमें महामारी की वजह से सिर्फ सीमित संख्या में लोग शिरकत करेंगे। इस संबंध में एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम दक्षिण मुंबई में पुलिस मुख्यालय में नवनिर्मित स्मारक स्थल पर होगा। इसमें शहीद सुरक्षाकर्मियों के परिजन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, गृह मंत्री अनिल देशमुख, पुलिस महानिदेशक सुबोध कुमार जयसवाल, मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

### बिल्डर के खिलाफ पांच लाख रूपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने के आरोप में एक बिल्डर पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेन्द्र भूषण ने बताया कि विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) शिव प्रताप शुक्ला ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रतन पल्र्स बिल्डर्स राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का पालन नहीं कर कर रहा है, इसलिए उस पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है कि वह ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अपनी निर्माण योजनाओं में एन्टी स्मोक गन लगाए, एनजीटी के नियमों का पालन करें तथा वायु प्रदूषण रोकने हेतु अन्य आवश्यक कार्वाई करें।

### बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट लावारिस पड़े मिले

**मलप्पुरम।** केरल के वायनाड से सांसद तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से भेजे गए बाढ़ सामग्री के पैकेट नीलम्बूर में स्थित एक दुकान में लावारिस पड़े मिले, जिसपर स्थानीय निवासियों और वामदलों समेत विभिन्न वर्गों ने आक्रोश प्रकट किया है। मंगलवार को जब कुछ लोग एक दुकान को किराए पर लेने के लिए आए तब ये राहत सामग्री के पैकेट यहां पड़े हुए मिले। इस राहत सामग्री में खाद्य सामग्री के पैकेट, कपड़े और अन्य चीजें शामिल हैं। सत्तारूढ़ माकपा की युवा इकाई डीवाईएफआई ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और उसके नेताओं से लोगों से माफी मांगने को कहा। नीलम्बूर से विधायक पीवी अनवर (एलडीएफ को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधानसभा सदस्य) ने बुधवार को जिला कलेक्टर के गोपालाकृष्णन से इस मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कथित रूप से पूरे विधानसभा क्षेत्र से इस प्रकार का सामान नष्ट कर दिया। अनवर ने वीडियो संदेश के जरिए पत्रकारों से कहा, यह नीलम्बूर में इकलौता मामला नहीं है। उसने (कांग्रेस पार्टी) आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कई अन्य स्थानों पर खाद्य सामग्री जमा की थी। यह मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने अन्य स्थानों से खाद्य पदार्थों वाले राहत सामग्री के पैकेट या तो हटा दिए या नष्ट कर दिए। जिला कांग्रेस नेतृत्व ने कहा है कि उसे घटना के बारे में जानकारी नहीं थी और इस मामले की जांच कराई जाएगी। राज्य के नेतृत्व ने अभी इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। राहत सामग्री के पैकेट पर वायनाड सांसद लिखा था।

### पार्टी को गलत मत समझिए : ममता

**बांकुड़ा (पबंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं से बुधवार को कहा कि वह उन नेताओं के बारे में जानती हैं, जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं पर व्यक्तियों के बीच मतभेदों के कारण पार्टी में कोई भ्रांति पैदा नहीं होनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि वह पार्टी के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों को भी स्वयं देखेंगी। उन्होंने कोविड-19 संक्रमण के बीच यहां अपनी पहली जन रैली में कहा, मैंने जीवनभर राजनीति में काम किया है। मैं अपने अनुभव के आधार पर कभी यह दावा नहीं कर सकती कि हर कोई अच्छा होता है। उन्होंने कहा, कुछ गलतफहमी हो सकती है या कोई व्यक्ति कुछ लोगों से नाराज हो सकता है, लेकिन इसके लिए पार्टी को गलत मत समझिए। बनर्जी ने कहा कि तृणमूल में अपने नेताओं के बारे में जमीनी रिपोर्ट हासिल करने की व्यवस्था है और ऐसे कई नेताओं को हटाया जा चुका है, जिनके बारे में शिकायतें मिली थीं। उन्होंने कहा, कुछ लोगों को शिकायत है कि किस जिले में कौन पार्टी पर्यवेक्षक बनेगा। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं पूरे राज्य के लिए पार्टी पर्यवेक्षक हूं। आप जब एक राजनीतिक पार्टी में होते हैं, तो आपको हरेक को साथ लेकर चलने की आवश्यकता होती है। बनर्जी ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब कई तृणमूल नेता शिकायत कर रहे हैं कि पार्टी की कमान अब उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं उन लोगों के इरादे से अच्छी तरह वाकिफ हूं जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं। मैं जानती हूं कि कुछ अवसरवादी लोग हैं, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं की तुलना में उनकी संख्या कम है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्ईय विधानसभा के लिए अगले साल अप्रैल-मई में चुनाव होंगे।

### भ्रष्टाचार के मामलों में चार राज्यों में सीबीआई के छापे

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में चार राज्यों में की गई छापेमारी के दौरान बुधवार को एक करोड़ रुपये की नकदी के साथ ही गहने और निवेश संबंधी दस्तावेज जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह छापेमारी रेलवे के एक अभियंता और भारतीय पर्यटन विभाग के एक अधिकारी के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में की गई। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में आरोपी अधिकारियों और उनके सहयोगियों के परिसरों पर की गई।

### ईवीएम की जगह मतपत्रों के इस्तेमाल के लिए याचिका दायर

**नई दिल्ली।** देश में आगामी चुनावों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के स्थान पर मतपत्रों का इस्तेमाल करने का निर्देश निर्वाचन आयोग को देने के लिए उच्चतम न्यायालय में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। यह याचिका अधिवक्ता सीआर जया सुकिन ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ईवीएम में गलतियां होने की संभावना रहती है और दुनिया के कई देशों ने अपने यहां ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर दिया है क्योंकि इसकी सत्यता पर संदेह व्यक्त किया गया है। याचिका में कहा गया है, भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को परपंरागत मतपत्रों से बदला जाना चाहिए। किसी भी देश की चुनाव प्रक्रिया के लिए मतपत्रों के माध्यम से मतदान अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी तरीका है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ईवीएम के साथ निर्माण के दौरान ही छेड़छाड़ की जा सकती है और ऐसे मामलों में किसी हैकर या हेराफेरी करने वाले वयक्ति को वास्तविक मतदान में छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं है। याचिका के अनुसार, दुनियाभर में बनाई गई कोई भी मशीन ऐसी नहीं है जिसमें गलती नहीं हो सकती हो। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। वहीं, निर्वाचन आयोग का दावा है कि ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती।


### धार्मिकआजादी के हक का हनन न करे यूपी का नया कानून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 के बारे में मुस्लिम धर्मगुरुओं और अन्य प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि इस कानून पर कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि इस्लाम में पहले से ही जबरन धर्मांतरण की मनाही है। हालांकि, उनका यह भी कहना है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि संविधान में मिली धार्मिक आजादी के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं हो। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 को मंजूरी दी गई। इस अध्यादेश के तहत ऐसे धर्म परिवर्तन को अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा जो छल, कपट, प्रलोभन, बलपूर्वक या गलत तरीके से प्रभाव, विवाह या किसी कपट रीति से एक धर्म के व्यक्ति को दूसरे धर्म में लाने के लिए किया जा रहा हो। इसे गैर जमानती संज्ञेय अपराध की श्रेणी में रखने और उससे संबंधित मुकदमे को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में विचारणीय बनाए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

# नए साल में लैंडलाइन से मोबाइल पर कॉल करने से पहले लगाना होगा शून्य

**नई दिल्ली।** देशभर में लैंडलाइन से मोबाइल फोन पर कॉल करने के लिए ग्राहकों को एक जनवरी से नंबर से पहले शून्य लगाना अनिवार्य होगा। दूरसंचार विभाग ने इससे जुड़े ट्राई के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इस तरह के कॉल के लिए 29 मई 2020 को नंबर से पहले 'शून्य' लगाने की सिफारिश की थी। इससे दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनियों को अधिक नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी।

दूरसंचार विभाग ने 20 नवंबर को जारी एक बयान में कहा कि लैंडलाइन से मोबाइल पर नंबर डायल करने के तरीके में बदलाव की ट्राई की सिफारिशों को मान लिया गया है।



इससे मोबाइल और लैंडलाइन सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी। परिपत्र के मुताबिक नियम को लागू करने के बाद लैंडलाइन से मोबाइल पर कॉल करने के लिए नंबर से पहले शून्य डायल करना होगा।

दूरसंचार विभाग ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों को लैंडलाइन के सभी ग्राहकों को शून्य डायल करने की सुविधा देनी होगी। यह सुविधा अभी अपने क्षेत्र से बाहर के कॉल करने के लिए उपलब्ध है। दूरसंचार कंपनियों इस नई व्यवस्था को अपनाने के लिए एक जनवरी तक का समय दिया गया है।

# भारत के शुक्रयान को स्वीडन देगा विशेष उपकरण

**बेंगलुरु।** भारत के शुक्र ग्रह ऑर्बिटर अभियान शुक्रयान के साथ स्वीडन ने जुड़ने का फैसला किया है। जिसके तहत वह ग्रह पर खोज करने के लिए एक वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध कराएगा।

भारत में स्वीडन के राजदूत, क्लास मोलिन ने कहा कि इसमें स्वीडिश अंतरिक्ष भौतिकी संस्थान (आईआरएफ) भारत का सहयोग करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ आईआरएफ का यह दूसरा सहयोग है। मोलिन ने कहा, आईआरएफ उपग्रह उपकरण विनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर (वीएनए) इस पर अध्ययन करेगा कि सूर्य से निकलने वाले आवेशित कण (शुक्र) ग्रह के वातावरण में कैसा व्यवहार दिखाते हैं। उन्होंने कहा, शुक्र अभियान का तात्पर्य है कि आईआरएफ और इसरो के बीच सहयोग जारी रहेगा।

स्वीडिश अधिकारियों के अनुसार वीएनए, आईआरएफ द्वारा विकसित नौवीं पीढ़ी का उपकरण है।

पहली पीढ़ी के उपकरण का नाम सारा (एसआरए) था और उसका इस्तेमाल 2008-2009 के दौरान चंद्रयान-एक अभियान में किया गया था। यह आईआरएफ और इसरो के बीच पहली सहयोगात्मक परियोजना थी। मोलिन ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग का दायरा बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि इस दायरे में संस्थानों से लेकर तकनीक के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं।

### लोग निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुशासन की उम्मीद करते हैं : कोविंद

**केवडिया (गुजरात)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसद और विधानसभाओं में स्वस्थ संवाद करना चाहिए और सदन में चर्चा के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए। नर्मदा जिले के केवडिया गांव में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट टेंट सिटी में 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सदन में असंसदीय भाषा के इस्तेमाल और अनुशासनहीनता से उनका चुनाव करने वाले लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे।

### चक्रवात निवार : पुडुचेरी में मध्यम बारिश दर्ज की गई

पुडुचेरी। चक्रवात निवार के आगमन के मद्देनजर पुडुचेरी सरकार का कहना है कि प्रशासन किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। केंद्र शासित प्रदेश में चक्रवाती तूफान के कारण मंगलवार रात से रुक-रुक कर मध्यम बारिश हो रही है। बुधवार को उपराज्यपाल किरण बेदी ने एक वीडियो संदेश में निवासियों से घर के अंदर रहने की अपील की। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि जहां भी जरूरत हो, वहां के लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। उन्होंने कहा, पूरा सरकारी तंत्र आपकी सेवा में है।

### सामाजिक सद्भावना के लिए कल्बे सादिक ने उल्लेखनीय प्रयास किया : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि सामाजिक सद्भावना और भाईचारे के लिए उन्होंने उल्लेखनीय प्रयास किया।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं जाने-माने शिया धर्मगुरु सादिक का मंगलवार देर रात लखनऊ में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे मौलाना कल्बे सादिक के निधन से अत्यंत दुख हुआ। उन्होंने सामाजिक सद्भावना और भाईचारे के लिए उल्लेखनीय प्रयास किया। उनके परिजनों और चाहने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मौलाना कल्बे सादिक दुनिया भर में अपनी उदारवादी छवि के लिए जाने जाते थे।

# सोने की तस्करी के एआई एसएटीएस मामले में स्टाफ के दो कर्मी सहित तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोने की कथित तस्करी के मामले में एअर इंडिया एसएटीएस (एआई एसएटीएस) स्टाफ के दो अधिकारियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सोने की कीमत 72.5 लाख रुपये आंकी गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार सोमवार को अबू धाबी से आए एक यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका था। सीमा शुल्क विभाग की ओर से मंगलवार को जारी किए गए एक बयान के अनुसार, पूछताछ के



दौरान, उसने रासायनिक पेस्ट के दो चांदी के रंग के पैकेट, जिसमें लगभग 1.48 किलोग्राम सोना था, उसे विमान के शौचालय में छिपाने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि जांच के दौरान एअर इंडिया एसएटीएस के एक कर्मी को सीमा शुल्क अधिकारियों ने अन्य एक एआईएसएटीएस कर्मी को पैकेट देते पकड़ा।

एआईएसएटीएस एक हवाई अड्डा सेवा प्रदाता है। यह एअर इंडिया (एआई) और सिंगापुर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज (एसएटीएस) का एक संयुक्त उद्यम है। उसने बताया कि तीनों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 72.5 लाख रुपये का सोना जब्त किया गया है।

# वफादार, मददगार और रणनीतिकार...ऐसे थे अहमद भाई

### 1977 के लोस चुनाव में कांग्रेस विरोधी माहौल में भी गुजरात से पटेल ने कराई थी जीत दर्ज

एजेंसी। नईदिल्ली

**आपातकाल** के बाद हुए 1977 के लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस विरोधी माहौल अपने चरम पर था, लेकिन गुजरात के भरूच से 28 साल के एक नौजवान ने इस माहौल को मात देते हुए जीत दर्ज की। अहमद पटेल नामक यही नौजवान बाद में दशकों तक कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में एक अहम किरदार रहा। मृदुभाषी, सरल स्वभाव, मिलनसार, वफादार, मददगार और बेहतरीन रणनीतिकार, पटेल के लिए ऐसी कई उपमाओं का उपयोग कांग्रेस के अधिकतर नेता और उनके करीबी करते हैं। पटेल का बुधवार को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अपने



जीवन के आखिरी समय तक कांग्रेस की कश्ती के खेवनहार बने रहे। कांग्रेस प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य शक्ति सिंह गोहिल का कहना है, पटेल के जाने से कांग्रेस ने तूफान में नाव पार लगाने वाला एक मांझी खो दिया है। यही नहीं, राजनीति ने भला इंसान खो दिया। पांच बार राज्यसभा और तीन बार लोकसभा के सदस्य रहे पटेल का जन्म 21 अगस्त, 1949 को गुजरात के भरूच में मोहम्मद इसहाकजी पटेल और हव्वाबेन पटेल के घर हुआ था। अहमद पटेल के पिता भी कांग्रेस में थे और एक समय भरूच तालुका पंचायत सदस्य थे। अहमद पटेल को राजनीतिक करियर बनाने में पिता से बहुत मदद मिली। हालांकि अहमद पटले के दोनों बच्चे फैसल और मुमताज राजनीति से दूर हैं। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में जब इंदिरा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा तो पटेल 28 साल की उम्र में भरूच से पहली बार लोकसभा पहुंचे। इसके बाद वह इस सीट से 1980 और 1984 में भी निर्वाचित हुए। अपनी राष्ट्रीय राजनीति के शुरुआती दिनों में ही वह इंदिरा गांधी के करीबी बन गए। पटेल को 1980 के दशक में कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। वह राजीव गांधी के संसदीय सचिव भी रहे।

पटेल 1989 में लोकसभा चुनाव हार गए और फिर 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्हें राजनीतिक जीवन में कठिन समय का सामना करना पड़ा।

हालांकि 1993 में वह राज्यसभा में पहली बार पहुंचे और इसके बाद लगातार ऊपरी सदन के सदस्य बने रहे। सोनिया गांधी के बतौर कांग्रेस अध्यक्ष सक्रिय राजनीति में कदम रखने के बाद पटेल का सियासी ग्राफ एक बार फिर बढ़ा और पार्टी के प्रमुख रणनीतिकारों में शामिल हो गए। फिर वह सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव बने। कहा जाता है कि सोनिया गांधी और कांग्रेस के फैसलों में उनकी स्पष्ट छाप होती थी। साल 2004 में मनमोहन सिंह की अगुवाई में संप्रग सरकार बनने के बाद पटेल के कद एवं भूमिका में और भी इजाफा हो गया। उस वक्त उन्हें कांग्रेस संगठन, सहयोगी दलों और सरकार के बीच सेतु का काम करने वाला नेता माना जाता था। कहा जाता है कि पटेल ने अपने राजनीतिक जीवन में कई मौकों पर सरकार का हिस्सा बनने की पेशकशों को ठुकराया और कांग्रेस संगठन के लिए काम करने को तवज्जो दी।

### मेरे गुरु थे तरुण गोगोई:राहुल ने शोक जताते हुए कहा

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के पार्थिव शरीर को यहां बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि गोगोई उनके गुरु थे। गांधी ने कहा कि गोगोई का निधन उनके लिए निजी क्षति है। गोवा से विशेष विमान से गुवाहाटी आने के बाद गांधी सीधा श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र पहुंचे जहां गोगोई के पार्थिव शरीर को जनता के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने गोगोई को पुष्पांजलि अर्पित की।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सोनिया, राहुल और अन्य नेताओं ने पटेल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि पटेल कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ थे। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट किया, वह एक दक्ष सांसद थे । पटेल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उप राष्ट्रपति नायडू ने कहा, राज्य सभा के सदस्य अहमद पटेल के निधन का समाचार पा कर स्तब्ध हूं।

# वर्षों से अटके पड़े हिंडन पुल निर्माण का काम इसी पखवाड़े होगा शुरू

## जीडीए राज्यसेतु निगम को जारी करेगा एक करोड़ की टोकन मनी

### लोगों को जाम के झाम से भी मिलेगी मुक्ति, खर्च होंगे 18 करोड़ रुपए

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद


हिंडन नदी पुल का फाइल फोटो

कोरोना काल व अन्य तकनीकी कारणों से लगभग एक वर्ष से अधर में लटका हिंडन नदी पुल के निर्माण का कार्य अब बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है। पुल निर्माण में आ रही सभी तकनीकी अड़चनों को भी जीडीए ने दुरूस्त कर दिया है। माना जा रहा है कि आगामी पखवाड़े में यह निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।
तीन लेन वाले इस पुल पर लगभग 18 करोड़ की लागत आयेगी। जीडीए पुल निर्माण करने वाली संस्था सेतु निगम को एक करोड़ की टोकन मनी भी इसी सप्ताह के अन्दर ट्रांसफर कर देगा। इस पुल निर्माण के बाद गाजियाबाद से जीटी रोड होते हुए मोहननगर व दिल्ली जाने वाले लगभग साढ़े पांच लाख से भी ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही इस रूट पर आये दिन पीक ऑवर में लगने वाले जाम के झाम से भी लोगो को मुक्ति मिलेगी। जीडीए सचिव संतोष राय का कहना है कि 2021 के अन्त तक पुल निर्माण का यह प्रोजेक्ट पूरा हो जायेगा। पुल निर्माण के लिए की गई तोड़फोड़ का मलबा उठाने का काम भी पूरा हो गया है। खास बात यह है कि जनवरी 2018 में सम्पन्न हुई अवस्थापना निधि की बैठक में जीडीए ने इस पुल के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने सेतु निगम की डीपीआर तैयार करायी थी । इसी के आधार पर पुल निर्माण का रास्ता साफ हुआ था।

## नोएडा में होगी कोरोना वैक्सीन की जांच

**नोएडा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आने वाला नोएडा का राष्ट्रीय जैविक संस्थान कोविड-19 के टीके की जांच करेगा। यह संस्थान अतिरिक्त केंद्र के तौर पर काम करेगा। इस बारे में मंगलवार को एक राजपत्रित अधिसूचना जारी की गई है। यह संस्थान नोएडा में है। वर्तमान में सभी तरह के टीकों का परीक्षण केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला सीडीएल कसौली में होता है। एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 टीके की परीक्षण प्रक्रिया में तेजी लाने और टीका उपलब्ध हो जाने पर इसकी आपूर्ति बाधित नहीं हो, इस वजह से यह कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि महामारी के कारण पैदा आपात स्थिति से निपटने को कोविड-19 का उपयुक्त टीका उपलब्ध कराना जरूरी है।

# तेंदुए का डर : दहशत में गुजरी राजकुंज निवासियों की रात

### मॉर्निंग वॉक पर भी नहीं निकले लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मंगलवार सुबह राजनगर की पॉश कॉलोनी में तेंदुआ देखे जाने के बाद से ही क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। बुधवार सुबह तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया। राजकुंज के निवासी तेंदुए के नहीं पकड़े जाने से रातभर दहशत में रहे। शाम को भी लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले तो वहीं मॉर्निंग वॉक पर भी लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया।

कॉलोनी में दहशत का आलम यह है कि अधिकतर लोगों ने जागकर रात गुजारी तो वहीं लोग यही प्रार्थना करते रहे कि किसी तरह से तेंदुआ पकड़ा जाए। राजकुंज ही नहीं, यही हाल इंग्राह्म इंस्टीट्यूट के कैम्पस में रहने वाले लोगों का भी है।


इंग्राहम इंस्टिट्यूट में घूमता दिखा तेंदुआ।

राजकुंज निवासी पूनम ने बताया कि कल तेंदुआ उनके घर के सामने से होकर गुजरा था। उसके बाद से पुलिस कई बार आ चुकी है लेकिन, अभी तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया। उन्होंने बताया कि रात इसी डर में बीती कि कहीं वह फिर से दोबारा न आ जाए। पीके जैन ने बताया कि रोजाना सुबह और शाम को लोग टहलने के लिए निकलते हैं लेकिन, तेंदुए के डर से कोई घर से बाहर नहीं निकला। यहां तक की पार्क में भी बच्चे खेलते हैं मगर शाम और सुबह को कोई भी बाहर नहीं निकला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि 24 घंटे हो गए हैं लेकिन, अभी तक भी तेंदुए के पकड़े जाने की कोई खबर नहीं मिली है जिसकी वजह से डर बना हुआ है।

उधर इंग्राहम इंस्टीट्यूट में वन विभाग की मेरठ और दिल्ली से बुलाई गई टीमों ने डेरा डाल लिया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे भी इंग्राहम इंस्टीट्यूट परिसर में रखवा दिए गए हैं। डीएम अजय शंकर पांडेय ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों में रहें। बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें। डीएम ने बताया कि तेंदुआ के कविनगर क्षेत्र में होने की सूचना मिल रही है। वन विभाग की टीम पकड़ने के लिए जुट गई है। तेंदुआ पकड़े जाने पर लोगों को बता दिया जाएगा।

# पुलिसकर्मियों पर महिलाओं ने लगाया मारपीट का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### थाने में धरने पर बैठीं, की नारेबाजी

भोजपुर थाने के बाहर महिलाओं ने शादी का कार्ड हाथ में लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके के एक घर में कुछ पुलिसकर्मी घुस गए और उन्होंने लड़की की शादी में देने के लिए रखा दहेज का सामान तोड़ दिया। पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए महिलाओं ने थाने के बाहर जमकर नारेबाजी की।

महिलाओं ने बताया कि मामला दिवाली की रात से शुरू हुआ था जिसमें जुआ खेलने की शिकायत पर कुछ पुलिसकर्मी उनके इलाके में पहुंचे थे। इस बीच लोगों से पुलिसकर्मियों की कहासुनी व मारपीट हो गई थी। जिसका बदला लेने के लिए पुलिसकर्मियों ने लड़की के दहेज में दिया जाने वाला सामान तोड़ दिया। महिलाएं मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक धरने पर बैठी रहीं। एसपी देहात के आश्वासन के बाद ही महिलाएं धरने से उठीं।

एसपी देहात ने बताया कि वे खुद मामले को देख रहे हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जनपद में विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली के वसुंधरा निवासी डिलीवरी ब्वॉय उदयभान की मोटरसाइकिल को बीती रात सेक्टर-8 के पास एक कैंटर ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने कहा कि थाना बिसरख क्षेत्र अंतर्गत बीती रात शाहबेरी गांव के पास एक सड़क हादसे में दनकौर निवासी राजीव (32 वर्ष) की मौत हो गई। वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे कि तभी एक ट्रैक्टर ट्रॉली उन्हें टक्कर मार दी।

# गाजियाबाद के शुभम श्रीवास्तव बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में अनेक प्रतिभाएं आए दिन निकलकर सामने आती रहती हैं। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है शुभम श्रीवास्तव का। शुभम ने अपने कड़े परिश्रम व मेहनत के बल पर भारतीय सेना में लैफ्टिनेंट बनकर गाजियाबाद का नाम रोशन कर दिया। शुभम साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता संजय श्रीवास्तव रेलवे में कामर्शियल सुपरववाइजर हैं।

शास्त्री नगर के आई ब्लाक में रहने वाले संजय श्रीवास्तव के इस होनहार बेटे ने राजनगर स्थित सेंट पॉल स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा हासिल की। दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद देश की सेवा करने की ठानी और फिर भारतीय सेना में जाने की तैयारी की। उन्होंने अपने कठिन


शुभम श्रीवास्तव

परिश्रम के जरिए एसएसबी पास कर भारतीय सेना में जाने का रास्ता साफ कर लिया। चेन्नई ओटीए में आफिसर ट्रेनिंग में पासिंग आउट परेड में उन्हें कमीशन मिला। शुभम का कहना है कि उन्हें इस बात पर गर्व हैं कि उन्हें देश की सेवा करने का मौका मिला है।

बेटे की इस कामयाबी के बाद मां सरिता बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि शुभम का सपना बचपन से ही सेना में जाकर देश सेवा करने का था और आखिरकार उनके इस सपूत ने अपने सपने का पूरा किया। वहीं पिता संजय श्रीवास्वत ने भी अपने बेटे की इस कामयाबी पर खुशी जताई।

# खुले में मिले इस्तेमाल किए पीपीई किट-मास्क

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिला मुख्यालय में मचा हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला मुख्यालय में एडीएम सिटी कार्यालय के पास कूड़े के ढेर में इस्तेमाल हो चुके पीपीई किट, मास्क व दस्ताने मिलने से हड़कंप मच गया। अधिकारियों को मामले की जानकारी मिली तो तत्काल कूड़े के ढेर को हटवाने के निर्देश दिए गए। हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय में हाल ही में कोई जांच शिविर भी नहीं लगाया गया था, ऐसे में किसने ये इस्तेमाल की हुई पीपीई किट आदि यहां लाकर फेंक दिए।

हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जिला मुख्यालय में इस तरह पीपीई किट आदि समान मिले हों। इससे पूर्व में भी दो बार परिसर में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन हर बार तत्काल कूड़े को हटवाकर इतिश्री कर ली जाती है।


एडीएम सिटी के ऑफिस के बाहर खुले में पड़े इस्तेमाल किए मेडिकल सामग्री।

कोरोना को लेकर प्रदेश के छह जिलों में अलर्ट जारी किया गया है जिसमें गाजियाबाद जिला भी शामिल है। जहां कोरोना की रोकथाम के लिए रोजाना ही अधिकारी बैठकों से लेकर निरीक्षण में जुटे हैं। लेकिन जिस परिसर में जिले के मुखिया से लेकर कोरोना की रोकथाम के लिए बनी समितियों के नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारी बैठते हों वहां बार-बार इस तरह की घटना अधिकारियों पर भी सवाल खड़े करती है। इस परिसर से वाणिज्यकर विभाग, कचहरी परिसर हैं। कचहरी परिसर में कई जज सहित कई अधिवक्ता कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। लेकिन इतने मरीज मिलने के बाद भी इस तरह की लापरवाही कोरोना संक्रमण रोकने के प्रयास की पोल खोलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगवा की गई युवती बरामद, एक गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सलारपुर से कथित तौर पर अगवा की गई एक किशोरी को पुलिस ने बरामद कर, एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने परिजन के हवाले से बताया कि सलारपुर गांव से 15 दिन पूर्व एक किशोरी को एक युवक ने अगवा कर लिया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर 39 पुलिस ने बुधवार को आरोपी अनूप को गिरफ्तार कर लिया और किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण करवा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेल-खेल में पंखे से फंदा लगाकर लटका बच्चा, मौत

**नोएडा।** सेक्टर 18 में रहने वाले एक 12 वर्षीय बच्चे ने अपने जन्मदिन पर खेल-खेल में पंखे से फंदा लगा लिया और लटक गया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आर के सिंह ने बताया कि सेक्टर 18 में रहने वाले एक 12 वर्षीय बच्चे का कल जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि बच्चे के घर में जन्मदिन की तैयारियां चल रही थीं तभी अपने छोटे भाई के साथ खेलते समय उसने घर में पंखे से फंदा लगा लिया तथा नीचे कूद गया। उन्होंने बताया कि बच्चे के परिजन फंदा काटकर उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अपराधियों के खिलाफ अभियान में 12 गिरफ्तार

**नोएडा।** जिले में पुलिस ने बीती रात अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 12 से ज्यादा लोगों को अवैध शस्त्र, शराब और गांजे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली थाना सेक्टर 20 पुलिस ने अट्टा चौराहे के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से दो देशी तमंचे और कारतूस बरामद किए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 12 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने बुधवार सुबह औद्योगिक क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। थाना फेस-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि उद्योगपतियों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि इसके तहत भारी संख्या में पुलिस बल ने औद्योगिक क्षेत्र में सायरन बजाते हुए गश्त किया तथा उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि वे कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास रखें, उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात है।

### गौतमबुद्धनगर जिले में संक्रमण के 218 नए मामले

**नोएडा।** जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के 218 नए मामले सामने आए जिससे यहां संक्रमण के मामले 22 हजार को पार कर गए। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 140 लोग उपचार के दौरान ठीक होकर 24 घंटे के अंदर अस्पतालों से घर जा चुके हैं। वहीं विभिन्न अस्पतालों में 1,357 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 20,585 लोग उपचार के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। वहीं जिले में संक्रमण के कुल 22,022 मामले हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कोविड-19 से 80 लोगों की मौत हो चुकी है।

### प्रदूषण फैलाने पर पांच लाख जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने के आरोप में एक बिल्डर पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेन्द्र भूषण ने बताया कि विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) शिव प्रताप शुक्ला ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रतन पल्स बिल्डर्स राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का पालन नहीं कर कर रहा है, इसलिए उस पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है कि वह ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अपनी निर्माण योजनाओं में एन्टी स्मोक गन लगाए, एनजीटी के नियमों का पालन करें तथा वायु प्रदूषण रोकने हेतु अन्य आवश्यक कार्रवाई करें।

# जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से खस्ता हाल हुआ कुन्हैडा मार्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व लापरवाही से मुरादनगर के मौहम्मदपुर आमद-कुन्हैडा मार्ग की हालत खस्ता हो गई । मार्ग में गड्ढे होने के कारण रोडवेज बस का संचालन भी लगभग बंद हो गया। इस कारण इस मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण परेशान हो रहे है। मार्ग की खस्ताहाल व गड्ढे देख ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आ रहे है। ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष व्याप्त है।

गांव सुराना से मोहम्मदपुर आमद से कुन्हैडा होते हुए यह मार्ग बागपत तक पहुंचता है। इस मार्ग की लंबाई


मोहम्मदपुर आमद से कुन्हैडा मार्ग का जर्जर रोड ।

करीब ढाई किलोमीटरहै। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व लापरवाही से मार्ग में गड्ढे बन गए हैं। मार्ग की हालत इतनी खराब है कि वाहन से चलाना दूर पैदल भी चलना मुश्किल है। जिसके चलते रोड़वेज बस का संचालन बंद सा हो गया है। ग्रामीणों को आने-जाने असुविधा व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को कोसते हैं। जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने पर मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है।

रावली कलां निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि मोहम्मदपुर-आमद से कुन्हैडा मार्ग

### हजारों ग्रामीण परेशान

मुरादनगर व मोदीनगर विधानसभा तथा गाजियाबाद व बागपत की सीमाओं को जोड़ता है। गाजियाबाद लोकसभा के सांसद वीके सिंह केंद्र सरकार में मंत्री हैं तथा बागपत लोकसभा के सांसद सतपाल चौधरी पूर्व में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।

इतना ही यह मार्ग मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी व मोदीनगर विधानसभा की विधायिका मंजू सिवाच के विधानसभा क्षेत्रों में आता है। चार-चार जनप्रतिनिधियों के क्षेत्रों में आने बावजूद भी मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है।

# शादी समारोह में कोविड नियमों के उल्लंघन पर मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

### मंडप मालिक, दूल्हा दुल्हन के पिता नामजद

शादी समारोह में कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं करने पर मेरठ में पहला मुकदमा लालकुर्ती थाने में दर्ज हुआ है। मुकदमे में दूल्हा व दुल्हन के पिता और मंडप स्वामी को नामजद किया गया है। सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार रात वह गश्त कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने जानकारी दी कि ओलिविया होटल के सामने बैजल भवन में शादी समारोह में काफी भीड़ इकट्ठा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि कोविड-19 उल्लंघन करके 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ मौजूद है। ज्यादातर लोगों ने मास्क ही नहीं लगा रखे थे। पुलिस के मुताबिक सामाजिक दूरी का भी कोई पालन नहीं किया जा रहा था। सब इंस्पेक्टर की ओर से बैजल भवन के मालिक, दूल्हा दुल्हन के पिता के खिलाफ महामारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।

## टीम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का लिया जायजा

**गाजियाबाद।** कमिश्नर अनिता सी. मेश्राम के निर्देश पर बुधवार को मेरठ से आई टीम ने विकास भवन में संचालित किए जा रहे इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम की व्यवस्था देखी। जनपद में कोविड-19 पर नियंत्रण पाने के लिए कंट्रोल रूम के जरिए की जा रही सर्विलांस की टीम ने सरहना की। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे के निर्देश पर थानेवार की जा रही सर्विलांस ने टीम को खासतौर पर प्रभावित किया। कंट्रोल रूम में तैनात डिस्ट्रेस टीम ऐसे लोगों की काउंसलिंग करती है जो कोविड-19 के डर से पैनिक हो जाते हैं।

# कोरोना निगरानी दस्ते में ड्रोन भी होगा शामिल

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद महानगर में कोरोना प्रोटोकॉल की निगरानी करने वाले मानवीय दस्तों के अलावा अब इस ऑपरेशन में ड्रोन को भी शामिल कर लिया गया है। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने इस संबंध में एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया है, जिसके तहत कोरोन संक्रमण के प्रोटोकॉल के पालन की निगरानी संबंन्धी कार्यवाही में ड्रोन कैमरों को शामिल किया गया है।

इस ऑपरेशन का नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर शैलेन्द्र कुमार को बनाया गया है। जनपद में जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरों का पंजीकरण पहले से ही कराया हुआ है।



डीएम ने बताया कि महानगर के दस संवेदनशील इलाकों में दस ड्रोन कैमरों से निगरानी की जायेगी, जहां से कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मास्क न पहनने व सोशल डिस्टेंस का पालन न करने वालों पर लोगों पर नजर रखी जायेगी।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है। जहां से डायरेक्ट लाइन कनेक्शन की व्यवस्था कराई गयी है। वहीं एक बडी स्क्रीन भी लगवाई जायेगी। ड्रोन कैमरे से प्राप्त साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जायेगा। साक्ष्य के आधार पर ही संबंन्धित व्यक्ति के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई होगी।


महाराजपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करता नगर निगम का दस्ता।

# दिवाली के बाद बढ़ी कोरोना संक्रमण की रफ्तार

## पॉजिटिव केसों में 5 प्रतिशत की वृद्धि, अस्पतालों में बेड का होने लगा टोटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कोरोना संक्रमण को लेकर जिस बात की आशंका बार-बार जताई जा रही थी वह सच साबित होती नजर आ रही है। सरकारी आंकड़ें भी इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि दिवाली के बाद कोरोना संक्रमण तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है। डरने वाली बात ये है कि कोरोना की ये दूसरी लहर पहली से ज्यादा खतरनाक नजर आ रही है।

दूसरी लहर में पहले से ज्यादा मरीज लक्षण वाले और गंभीर स्थिति वाले हैं। दीवाली के बाद संक्रमण दर भी पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा हो चुकी है। इसके अलावा निजी अस्पतालों में 90 प्रतिशत बेड फुल हो चुके हैं और अधिकांश अस्पतालों में आईसीयू बेड भी खाली नहीं है। इन हालात को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अधिकारी भी चिंतित हैं और इससे निपटने के लिए सभी तरह के इंतजाम करने में जुटे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार दिवाली के बाद से पॉजिटिविटी रेट में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिवाली से पहले 1 से 14 नवंबर



तक जिले में आरटी-पीसीआर का पॉजिटिविटी रेट 5.03 प्रतिशत था जो केवल 5 दिनों में 15 से 18 नवंबर के बीच ही 10.29 प्रतिशत हो गया है। इस अविधि में टूनेट का पॉजिटिविटी रेट 28.35 प्रतिशत हो गया है जो दिवाली से पहले 24.55 प्रतिशत था। सूत्रों के अनुसार हाल ही में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान शासन स्तर से बताया गया कि जिले में कंटेनमेंट जोन में पॉजिटिविटी रेट लगभग 7 प्रतिशत है, जबकि जिले में यह दर 4.18 प्रतिशत है।

आंकड़ों की बात करें तो 1 से 14 नवंबर के बीच 20495 लोगों की जांच में 985 लोग पॉजिटिव पाए गए थे, जबकि 15 से 18 नवंबर के बीच 2905 लोगों की जांच में 247 पॉजिटिव पाए गए। टूनेट मशीन के जरिए नवंबर के पहले दो हफ्तों में 2197 लोगों में से 450 पॉजिटिव पाए गए, जबकि दिवाली के बाद 15 से 18 नवंबर के बीच 450 लोगों में से 80 लोग पॉजिटिव पाए गए। इस अवधि में एंटीजन किट के जरिए दिवाली से पहले 27420 लोगों की जांच में 679 लोग पॉजिटिव पाए गए थे और दिवाली के बाद 7606 लोगों की जांच में 183 लोग पॉजिटिव पाए गए। जिले में 1 से 14 नवंबर तक पॉजिटिव दर 6.78 प्रतिशत थी जो दिवाली के बाद 15 से 18 नवंबर के बीच बढ़कर 11.4 प्रतिशत हो गई है। जिले में दिवाली के बाद पॉजिटिविटी दर बढ़ने के साथ संक्रमण की गंभीरता भी बढ़ी है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार पहले बिना लक्षण वाले रोगियों का प्रतिशत 80 था जो अब कम होकर 60 से 65 प्रतिशत तक हो सकता है। यानी लक्षण वाले मरीजों का प्रतिशत 15 से 20 प्रतिशत बढ़ गया है। दिवाली के बाद से लक्षण वाले और गंभीर श्रेणी वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जिले में फिलहाल 13 निजी अस्पतालों में कोविड का उपचार किया जा रहा है।

# अतिक्रमण अभियान में निगम ने तीस दुकानों को किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### लोगों ने किया विरोध पुलिस ने खदेड़ा

दिल्ली यूपी के प्रवेश द्वार से सटे महाराजपुर रोड पर बुधवार से गाजियाबाद नगर निगम का एंटी एक्रोचमेंट ड्राइव शुरू हो गया है। इस दौरान नगर निगम के दस्ते ने लोगों के विरोध के बावजूद वहां मौजूद तीस अवैध दुकानों व अन्य स्ट्रक्चर को जमींदोज कर दिया। इस दौरान लोगों ने निगम की इस कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ दिया।

एंटी एक्रोचमेंट ड्राइव का यह ऑपरेशन पूरे वसुन्धरा जोन के सभी इलाको में तब तक चलेगा जब तक पूरा जोन अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता है। यह ऑपरेशन नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, एनफोर्समेट ऑफिसर कर्नल दीपक शरण और निगम जोनल अधिकारी सुनील राय के नेतृत्व में सुबह दस बजे से शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक चला।

कर्नल दीपक शरण ने बताया कि अभी भी इस इलाके में अतिक्रमण है। जिसे हटाने के लिए निगम का दस्ता बृहस्पतिवार को भी इस ऑपरेशन को जारी रखेगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली यूपी प्रवेशद्वार से सटा होने के कारण यहां वाहनों की आवाजाही और पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण के कारण ही चारों तरफ गंदगी का अंबार भी लग जाता है।

# ग्रेग बारक्ले आईसीसी के स्वतंत्र चेयरमैन चुने गए

एजेंसी। दुबई

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रमुख ग्रेग बारक्ले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया स्वतंत्र चेयरमैन चुना गया है। बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा और वह भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे। मंगलवार को आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान मतदान हुआ। इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में 16 बोर्ड आफ डायरेक्टर ने हिस्सा लिया, जिसमें टेस्ट खेलने वाले देशों के 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट देश और एक स्वतंत्र महिला निदेशक (पेप्सीको की इंदिरा नूई) शामिल हैं।



## 2012 से एनजेडसी बोर्ड का हिस्सा हैं बारक्ले

आईसीसी के सीईओ मनु साहनी बोर्ड के 17वें सदस्य हैं लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार हासिल नहीं है। माना जा रहा है कि भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया के अलावा न्यूजीलैंड ने बारक्ले के पक्ष में वोट किया जिन्होंने टीमों के अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलने का समर्थन किया जो इस मुश्किल आर्थिक हालात में इन बोर्ड के वित्तीय मॉडल के अनुकूल है। दूसरी तरफ ख्वाजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल था। सिंगापुर क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों की संख्या बढ़ाने के पक्ष में थे जिससे एसोसिएट देशों के लिए राजस्व राशि में इजाफा होता। आकलैंड के व्यावसायिक अधिवक्ता बारक्ले 2012 से एनजेडसी बोर्ड का हिस्सा हैं। वह फिलहाल आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि हैं लेकिन स्वतंत्र रूप से जिम्मेदारी निभाने के लिए इस पद को छोड़ेंगे। बारक्ले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 के भी निदेशक थे और वह नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट संघ के बोर्ड के पूर्व सदस्य और चेयरमैन भी रहे।

बारक्ले ने कहा कि आईसीसी का चेयरमैन चुना जाना सम्मान की बात है और समर्थन के लिए मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों का धन्यवाद देना चाहता हूं। उम्मीद करता हूं कि हम एकजुट होकर खेल को आगे ले जाएंगे और वैश्विक महामारी से उबरकर मजबूत वापसी और प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारे महत्वपूर्ण बाजारों के अलावा इसके बाहर भी खेल को मजबूत करने को लेकर उत्सुक हूं जिससे कि दुनिया के अधिक लोग क्रिकेट का लुत्फ उठा सकें। न्यूजीलैंड के इस अधिकारी ने मतदान में 11-5 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर के मतदान में उन्हें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का महत्वपूर्ण वोट मिला जिससे वह जीत दर्ज करने में सफल रहे। पिछले हफ्ते पहले दौर के मतदान के दौरान उन्हें 10 और ख्वाजा को छह वोट मिले थे लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार विजेता के लिए 16 सदस्यों में आईसीसी बोर्ड में दो-तिहाई बहुमत यानी 11 वोट हासिल करना जरूरी है।

# 'बिग थ्री जैसी कोई चीज नहीं, द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और आईसीसी प्रतियोगिता दोनों महत्वपूर्ण'

एजेंसी। दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए चेयरमैन ग्रेग बारक्ले के लिए बिग थ्री की धारणा का कोई अस्तित्व नहीं है, जिनका मानना है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और आईसीसी प्रतियोगिता एक साथ रह सकती है, जिससे खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को मदद मलेगी। बिग थ्री धारणा के तहत भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को वैश्विक संस्था के राजस्व का अधिकांश हिस्सा मिलना था।

चुनाव से पहले न्यूजीलैंड के बारक्ले ने कहा था कि यह धारणा पैदा की गई थी वह हर अन्य चीज पर द्विपक्षीय क्रिकेट को अहमियत देंगे लेकिन यह वास्तविकता से कोसों दूर है। बारक्ले ने आईसीसी की वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा, मीडिया में इसे लेकर (कि मैं विश्व प्रतियोगिताओं की तुलना में द्विपक्षीय क्रिकेट के पक्ष में हूं) गलत धारणा बनाई गई। लेकिन तथ्य यह है कि बेशक मैं द्विपक्षीय क्रिकेट का पक्षधर हूं, यह क्रिकेट खेलने वाले सभी देशों की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि देशों को नियमित रूप से एक दूसरे के खिलाफ खेलना, व्यावहारिक प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएं प्रशंसकों को खेल से जोड़ती हैं। यह विकास का रास्ता साफ करती है, यह क्रिकेट का अहम हिस्सा है। बीसीसीआई का समर्थन हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के इस प्रशासक ने कहा कि लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि विश्व प्रतियोगिताएं उतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। उन्होंने कहा, आईसीसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। पिछले साल महिला टी-20 विश्वकप, एकदिवसीय विश्व कप के दौरान जो हुआ उसे देखें तो ये शानदार प्रतियोगिताएं थीं।

### भारतीय गेंदबाजों के लिए काफी सम्मान, लेकिन

# हमारे बल्लेबाजों ने उन्हें काफी खेला है: लैंगर

एजेंसी। सिडनी

आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि वह भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का काफी सम्मान करते हैं, लेकिन उनकी टीम के बल्लेबाज उनकी रणनीतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और आगामी श्रृंखला में उनकी किसी भी चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पूर्ण श्रृंखला की शुरुआत यहां 27 नवंबर को सीमित ओवरों के मुकाबले के साथ होगी। लैंगर ने कहा कि दोनों टीमों के मजबूत होने के कारण यह मुकाबला रोमांचक होगा।

श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी नेटवर्क की ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैंगर ने कहा कि हमें पता है कि जसप्रीत बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज है और मोहम्मद शमी पारी का आगाज करने के लिए शानदार साथी है। हम इसका काफी सम्मान करते हैं, लेकिन आईपीएल के जरिए और पिछले कुछ साल में हमारे खिलाड़ियों ने उन्हें काफी खेला है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कुछ साल में भारत के खिलाफ 14 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों टीमों ने सात-सात मुकाबले जीते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारत मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ आस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है, जिसमें मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और शारदुल ठाकुर भी शामिल हैं। स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के साथ रविंद्र जडेजा को जगह मिली है।



**27 नवंबर को सीमित ओवरों के मुकाबले के साथ होगी भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पूर्ण श्रृंखला की शुरुआत**

**पिछले कुछ समय में एक-दूसरे के बीच खेल गए 14 एकदिवसीय मुकाबले में दोनों टीमों ने जीते सात-सात**

## हम किसी भी स्थिति के अनुसार गेंदबाजी करने में सक्षम

लैंगर ने कहा कि हमारे पास मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड है। हमारे पास जेम्स पेटिनसन, सीन एबट और माइकल नेसेर हैं जो टीम में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम किसी भी हालात के अनुसार गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। लैंगर ने स्पष्ट किया कि सिर में चोट लगने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए स्टीव स्मिथ को इस श्रृंखला के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेशक स्टीव सीधे टीम में जगह बनाएगा और इससे हमारा सिर दर्द बढ़ेगा लेकिन यह अच्छा सिर दर्द है। चयन को लेकर काफी बात हो रही है, इससे थोड़ा सिरदर्द बढ़ता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि यह काफी अच्छा सिरदर्द है। लैंगर के अनुसार आगामी श्रृंखला कोविड-19 महामारी के कारण मुश्किल हालात के दौरान दोनों देशों के लोगों के लिए खुशी लेकर आएगी।

लैंगर ने कहा कि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेले हैं और इस मुकाबले के संदर्भ में मुझे यह पसंद है, आप देखते हैं कि कौन सी टीम प्रगति कर रही है, कौन सा खिलाड़ी प्रगति कर रहा है। अब हम एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेल चुके हैं। लैंगर ने कहा, हम उनका काफी सम्मान करते हैं, उनके स्पिनरों का काफी सम्मान करते हैं, बुमराह, शमी और उनके अन्य गेंदबाज (नवदीप) सैनी का सम्मान करते हैं। लैंगर ने चोट के कारण भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के नहीं खेल पाने से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा कि यह उनकी समस्या नहीं है। रोहित और इशांत को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी और उन पर टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लैंगर ने कहा कि यह हमारा काम नहीं है, हमारे पास अपनी चुनौतियां हैं, मैच की सुबह एक समूह के रूप में हम पहली बार एक साथ आएंगे इसलिए यह भारत पर निर्भर करता है कि वे किसे चुनते हैं। कोच को अपने गेंदबाजों पर गर्व है और उन्होंने उन्हें शानदार करार दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पास काफी गहराई है, हमने पूरी एशेज श्रृंखला के दौरान यह दिखाया। हम विभिन्न हालात और वे कैसा महसूस कर रहे हैं इसके अनुसार अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने में सफल रहे।

### 'दुर्व्यवहार के लिए जगह नहीं पर काफी छींटाकशी की उम्मीद'

सिडनी। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी श्रृंखला में जब भारत के खिलाफ उतरेगी तो दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होगी लेकिन दो टक्कर की टीमों के बीच उन्हें काफी छींटाकशी की उम्मीद है। स्वयं आक्रामक खिलाड़ी रहे लैंगर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने मैदान के अंदर और बाहर बर्ताव पर काफी बात की है।

किसी भी हाल में जीत दर्ज करने की अपने खिलाड़ियों की मानसिकता के लिए अतीत में आस्ट्रेलिया को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण टीम के रवैए और नैतिकता का विस्तृत विश्लेषण भी हुआ था। लैंगर ने शुक्रवार को पहले वनडे के साथ शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला से पहले कहा कि लोग कहते हैं कि आस्ट्रेलिया में आप नर्वस हो जाते हैं, मुझे यकीन नहीं कि वे मैदान पर बातचीत के संदर्भ में कह रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि वे कुछ बेहद बेहद शानदार खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप वार्नी (शेन वार्न), ग्लेन मैकग्रा का सामना कर रहे हैं या स्टीव वॉ, एडम गिलक्रिस्ट या रिकी पोंटिंग को गेंदबाजी कर रहे हैं तो मैदान पर बोले जाने वाले कुछ शब्दों से अधिक यह आपको नर्वस करेगा।

# वकार को भारत-आस्ट्रेलिया के बीच कड़े मुकाबले की उम्मीद

कराची। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस का मानना है कि भारतीय टीम के तेजी से उभरते हुए तेज गेंदबाजों और टेस्ट क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तथा आस्ट्रेलियाई टीम में डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की वापसी से दोनों टीमों के बीच आगामी क्रिकेट श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी होगी।



भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला की शुरुआत शुक्रवार को सिडनी में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ होगी। वकार ने कहा कि आस्ट्रेलिया भारत पर कड़ा प्रहार करेगा क्योंकि वे अब भी 2018 की घरेलू टेस्ट श्रृंखला में शिकस्त की पीड़ा को महसूस कर रहे होंगे। वकार ने एक यूट्यूब चैनल से कहा कि आस्ट्रेलिया अपने घर में खेल रहा है और उसने अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार किया है और डेविड वार्नर तथा स्टीव स्मिथ की वापसी से वे काफी मजबूत लग रहे हैं लेकिन भारत के पास भी कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो काफी तेजी से उभरे हैं और उन्होंने आस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा कि भारत की बल्लेबाजी काफी प्रभावशाली है, जिसमें पुजारा और रहाणे जैसे टेस्ट प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं इसलिए मुझे अच्छे मुकाबले की उम्मीद है।

### वनडे से पहले अलग-अलग शिविर में ट्रेनिंग पर

# वेड ने कहा, हमारी ओर से कोई बहाना नहीं होगा

सिडनी। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को अलग-अलग समूह में ट्रेनिंग को बाध्य होना पड़ा है, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि टीम कोई बहाना नहीं बनाएगी क्योंकि खिलाड़ी इतने अनुभवी हैं कि इस तरह की स्थिति से निपट सकें। आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम इस समय दो स्थानों पर ट्रेनिंग पर रही है। एक समूह मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के मार्गदर्शन में सिडनी क्रिकेट मैदान पर ट्रेनिंग कर रहा है।



यूएई में हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और पैट कमिंस जैसे खिलाड़ी 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास से गुजर रहे हैं और सहायक कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। वेड ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, हमने कुछ हद तक इस तरह की स्थिति का सामना पहले भी किया है, लेकिन मौजूदा स्थिति पहले की स्थिति से बिलकुल अलग है। यह काफी लंबे समय से साथ है, विशेषकर अंतिम एकादश, इसलिए हम शुक्रवार सुबह उतरेंगे और सभी को अपनी भूमिका पता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आस्ट्रेलिया ओपन में विलंब की पूरी संभावना : पाकुला

लंदन। विक्टोरिया राज्य के खेलमंत्री मार्टिन पाकुला ने कहा है कि 18 जनवरी से मेलबर्न में होने वाले 2021 आस्ट्रेलिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक या दो हफ्ते के विलंब की पूरी संभावना है। पाकुला ने कहा कि सरकार के विभिन्न स्तर और टेनिस अधिकारियों के बीच बातचीत खत्म होने के करीब है और साल के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के आयोजन को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। पाकुला ने बुधवार को कहा कि वह कई संभावित तारीखों पर विचार हो रहा है। मैंने रिपोर्ट देखी हैं कि इसमें एक या दो हफ्ते के विलंब की संभावना है। मुझे लगता है कि अब भी इसके आयोजन की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि लेकिन सिर्फ यही एक विकल्प नहीं है। फिलहाल फ्रेंच ओपन में कई महीनों का विलंब हुआ है और विंबलडन का तो आयोजन ही नहीं हुआ। पाकुला ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि पूरी संभावना है कि विलंब अल्पकालिक होगा। मैं चीजों को दोहराना नहीं चाहता कि स्थिति ये काफी जटिल बातचीत है।

### डि ग्रैंडहोम, पटेल विंडीज के खिलाफ श्रृंखला से बाहर

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला से पहले दोहरा झटका लगा जब आलराउंडर कोलिन डि ग्रैंडहोम और स्पिनर एजाज पटेल चोट के कारण टीम से बाहर हो गए। डि ग्रैंडहोम के दाएं पैर में चोट है, जबकि पटेल की पिंडली की मांसपेशियों में चोट है। आलराउंडर डेरिल मिशेल और मिशेल सेंटनर को विकल्प के तौर पर न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल ने पिछले साल नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करते हुए नाबाद 73 रन की पारी खेली थी लेकिन तब से उन्हें दूसरा टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला। सेंटनर न्यूजीलैंड को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी का विकल्प देने के साथ बल्लेबाजी में निचले मध्य क्रम को मजबूत करेंगे। सेंटनर और डेरिल मिशेल शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए भी न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं।

### तैयारियों का जायजा लेने बांग्लादेश जाएगी विंडीज टीम

ढाका। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के जनवरी में होने वाले दौरे से पहले स्वास्थ्य प्रोटोकॉल और सुरक्षा योजनाओं का जायजा लेने के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज की दो सदस्यीय टीम अगले सप्ताह बांग्लादेश का दौरा करेगी। बोर्ड के निदेशक डॉक्टर अक्षय मानसिंह और बोर्ड के सुरक्षा प्रबंधक पॉल स्लोवबिल अगले सप्ताह ढाका और चटगांव जाएंगे जहां बीसीबी के जैव सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का जायजा लेंगे। इससे पहले क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने हाल में कहा था कि कैरेबियाई टीम अगले साल जनवरी में बांग्लादेश का दौरा करने को उत्सुक है। वहीं बोर्ड के सीईओ जॉनी ग्रेव ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा था, कोरोना महामारी के बीच बांग्लादेश का दौरा करने वाली हम पहली टीम होंगे। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि हमारे दो अनुभवी पेशेवर बीसीबी की जैव सुरक्षा योजनाओं और प्रोटोकॉल का जायजा लेने बांग्लादेश जाएंगे। उनकी रिपोर्ट बोर्ड के निदेशकों के सामने रखी जाएगी जो तय करेंगे कि बांग्लादेश दौरा करना सुरक्षित होगा या नहीं। बांग्लादेश को दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और दो टी-20 मैच खेलने हैं।

### कैरेबियाई क्रिकेटरों का तीसरा कोरोना टेस्ट नेगेटिव

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद से पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों के तीसरे और आखिरी कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और अब वे शुक्रवार को पहला टी-20 मैच आकलैंड में खेलेंगे। वेस्टइंडीज के अधिकांश क्रिकेटर यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग खेलकर यहां पहुंचे हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज की टीम के सभी सदस्यों की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसमें कहा गया, अब वे पृथकवास केंद्र छोड़कर आकलैंड रवाना होंगे जहां शुक्रवार को पहला टी-20 मैच खेला जाना है। बयान में कहा गया, इनमें सीमित ओवरों के कप्तान कीरोन पोलार्ड भी शामिल हैं जो टीम की कमान संभालेंगे। पहला मैच 27 नवंबर को आकलैंड में, दूसरा और तीसरा 29 और 30 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। इसके बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी।

### सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेंगे केरल ब्लास्टर्स

बेम्बोलिम (गोवा)। केरल ब्लास्टर्स की टीम गुरुवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (एनईयूएफसी) के खिलाफ होने वाले इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मुकाबले में सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। केरल ब्लास्टर्स को अपने पहले मुकाबले में एटीके मोहन बागान के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था। केरल की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है जबकि अपने पहले मुकाबले में मुंबई सिटी एफसी पर जीत के दौरान अपने डिफेंस से काफी लोगों को प्रभावित करने वाली नॉर्थईस्ट की टीम चौथे स्थान पर है। पिछले सत्र में केरल और एनईयूएफसी दोनों डिफेंस में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल थीं और इस दौरान सिर्फ तीन-तीन मैचों में ही विरोधी टीमें उनके खिलाफ गोल नहीं कर पाई थीं।

# एमएसएलटीए ने टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह देने की मांग की

अमनप्रीत सिंह। नई दिल्ली

महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) ने एटीपी को पत्र लिखकर टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह देने को कहा है। एमएसएलटीए ने कोविड-19 महामारी के कारण देश के इस शीर्ष टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी में कराने में असमर्थता जताई है। राज्य टेनिस संघ एमएसएलटीए अगर इस एटीपी 250 प्रतियोगिता का आयोजन करता है, तो उसे कई समस्याओं से जूझना होगा। राज्य सरकार ने महामारी के कारण अब तक महाराष्ट्र में प्रतियोगिताओं की बहाली को स्वीकृति नहीं दी है और साथ ही बाहर से आने वाले सभी लोगों के लिए 14 दिन का पृथकवास अनिवार्य किया है जिस पर को फिलहाल एटीपी मानने को तैयार नहीं है।

एटीपी चाहता है कि खिलाड़ियों को पृथकवास के समय से छूट दी जाए और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल तैयार किया जाए, जिससे टूर्नामेंट के खर्चे में काफी इजाफा होगा। टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने एजेंसी से कहा, 2021 का कैलेंडर दोबारा तैयार किया जा रहा है। इसमें काफी अगर-मगर है। हमने एटीपी से कहा है कि वह बारिश का मौसम खत्म होने के बाद हमें दूसरे हाफ में समय दे। अक्टूबर-नवंबर के बीच का समय हमारे लिए उपयुक्त होगा। उन्होंने कहा, एटीपी चाहता है कि खिलाड़ियों को पृथकवास से नहीं गुजरना पड़े, लेकिन हम राज्य सरकार के दिशानिर्देशों से अलग काम नहीं कर सकते। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का मतलब है कि सभी के लिए अलग होटल करना होगा। यह ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता नहीं है इसलिए इसका प्रबंध करना हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है। एमएसएलटीए के सचिव और अखिल भारतीय टेनिस संघ के संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर ने कहा है कि उन्होंने केपीआईटी चैलेंजर टूर्नामेंट के छठे सत्र को भी स्थगित कर दिया है। अय्यर ने कहा, खिलाड़ियों और टूर्नामेंट के लिए आने वाले बाकी लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च है। सरकार के दिशानिर्देशों के कारण हम राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी भी नहीं कर पा रहे तो फिर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कैसे हो सकता है। हम चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी अगले साल करेंगे। उन्होंने कहा, हमें सिर्फ प्रैक्टिस की स्वीकृति मिली है, प्रतियोगिताओं के आयोजन की नहीं।



**राज्य सरकार ने अभी तक महाराष्ट्र में नहीं दी है प्रतियोगिता कराने की अनुमति**

# स्टार इंडिया ने 2024 तक सीएसए के मीडिया अधिकार हासिल किए

नई दिल्ली। स्टार इंडिया ने 2023-24 सत्र के अंत तक क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं, जिसमें भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 20 द्वीपक्षीय मुकाबले भी शामिल हैं। ये अधिकार एशिया, पश्चिमी एशिया और उत्तर अफ्रीका के लिए होंगे। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस करार की शुरुआत शुक्रवार से शुरू हो रहे इंग्लैंड के दक्षिण अफ्रीका दौरे से होगी। भविष्य दौरा कार्यक्रम के अनुसार दक्षिण अफ्रीका की पुरुष टीम इस दौरान घरेलू सरजमीं पर 59 मैच खेलेगी जिसमें भारत, इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ श्रृंखलाएं शामिल हैं।

# मौका मिला तो अगले तीन विश्वकप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा: केएल राहुल

एजेंसी। सिडनी

भारत के सीमित ओवरों के उपकप्तान केएल राहुल ने बुधवार को कहा कि मौका मिलने पर वह अगले तीन विश्वकप में विकेटकीपिंग करना चाहेंगे हालांकि टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में कोई बात नहीं की। राहुल सीमित ओवरों में विशेषज्ञ विकेटकीपर ऋषभ पंत और संजू सैमसन की बजाय भारतीय टीम की पहली पसंद बन गए हैं। अगले तीन साल में दो टी-20 विश्वकप और एक दिवसीय विश्वकप होना है।

राहुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले कहा, मेरे विकेटकीपिंग करने से टीम संयोजन में मदद मिलती है और मुझे भी यह पसंद है। मौका मिलने पर तीनों विश्वकप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा। यह पूछने पर कि क्या टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में बात की है, उन्होंने कहा कि मुझसे कुछ कहा नहीं गया है और हम एक टीम के रूप में इतनी आगे का नहीं सोच रहे हैं। विश्वकप अहम है, लेकिन हर टीम और देश के लिए दीर्घकालिन रणनीति होती है। कर्नाटक के इस स्टायलिश बल्लेबाज ने कहा कि मैं एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोचता हूं। अगर मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा तो हमारे पास अतिरिक्त गेंदबाज और बल्लेबाज को उतारने का मौका होगा। राहुल वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और टी20 में पारी का आगाज करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी क्रम में उनका स्थान प्रारूप पर निर्भर करता है।



# यूवेंटस, बार्सीलोना, चेल्सी और सेविला चैंपियन्स लीग में आगे बढ़े

एजेंसी। लंदन

यूवेंटस, बार्सीलोना, चेल्सी और सेविला ने दो मैच शेष रहते ही चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बना ली है। अल्वारो मोराटा ने इंजरी टाइम में गोल दागकर यूवेंटस को हंगरी की टीम फेरेनक्वारोस पर 2-1 की जीत दिलाई, जिससे इटली की टीम का ग्रुप जी में कम से कम दूसरे स्थान पर रहना तय हो गया। बार्सीलोना की टीम डायनेमो कीव को 4-0 से हराकर सत्र की लगातार 17वीं जीत के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। बार्सीलोना को इस मैच में लियोनल मेस्सी, फ्रेंकी डि जोंग और कई अन्य खिलाड़ियों के बिना उतरी थी, लेकिन इसके बावजूद आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



बार्सीलोना की ओर से मार्टिन ब्रेथवेट ने दो जबकि सर्जिनो डेस्ट और एंटोनी ग्रिजमैन ने एक-एक गोल दागा जिससे टीम ने ग्रुप में चार मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम ने फिलहाल यूवेंटस पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है। चेल्सी और सेविला ने ग्रुप ई से नॉकआउट में जगह बनाई। स्थानापन्न खिलाड़ी ओलिवर गिरोड ने इंजरी टाइम में हैडर से गोल दागकर चेल्सी को रेनेस के खिलाफ 2-1 की जीत दिलाई। मुनीर अल हदादी ने भी इंजरी टाइम के अंतिम मिनट में गोल दागकर सेविला को रूस की टीम क्रेसनोडार पर 2-1 की जीत दिलाई। ग्रुप ई में सेविला और चेल्सी दोनों के 10 अंक हैं जबकि क्रेसनोडार और रेनेस के चार मैचों के बाद एक-एक अंक है। दूसरी तरफ एर्लिंग हेलेंड ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल दागे, जिससे बोरुसिया डोर्टमंड क्लब ब्रूग को 3-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। डोर्टमंड की टीम अगले मैच में दो दिसंबर को दूसरे स्थान पर चल रहे लाजियो से भिड़ेगी। लाजियो ने जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग को 3-1 से हराया। लाजियो की जीत में डोर्टमंड के पूर्व फारवर्ड काइरो इमोबाइल ने दो गोल दागे जो कोरोना वायरस से उबरने के बाद वापसी कर रहे थे। पिछले सत्र से लाजियो की ओर से इमोबाइल ने सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 46 गोल दागे हैं। डोर्टमंड के नौ, लाजियो के आठ, ब्रूग के चार और जेनिट का एक अंक है।

### ग्रुप एच में मैनचेस्टर यूनाईटेड ने बसाकसेहिर को हराया

ग्रुप एच में ब्रूनो फर्नांडिस के दो गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड ने इस्तांबुल बसाकसेहिर को 4-1 से हराया जिससे टीम नॉकआउट में जगह बनाने के करीब है। यूनाईटेड के अब नौ अंक हैं जो पेरिस सेंट जर्मेन और लेपजिग दोनों से तीन अंक अधिक हैं। पेरिस सेंट जर्मन ने नेमार के पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत लेपजिग को 1-0 से हराया।


# आठ ऐसी विदेशी जगह जहां घूमने जाने पर नहीं लगता पासपोर्ट या वीजा


मालदीव घूमने के लिए बहुत ही खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां आप 90 दिनों तक रह सकते हैं, इसके लिए आपको वीजा की भी जरूरत नहीं होती है। अगर बात करें मालदीव की खूबसूरती की तो यहां 99 फीसदी तक पानी ही पानी है। यहां पर मौसम भी काफी अच्छा रहता है।

आजकल सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी लोग ज्यादा घूमने पसंद करते हैं, लेकिन जब बात यहां घूमने जाने की आती है तो सबसे बड़ा पेंच पासपोर्ट और वीजा का होता है। अगर आप भी इसी बात को लेकर परेशान हो जाते हैं और पैसे होते हुए विदेश घूमने का प्लान ड्रोप कर देते हैं तो ऐसे में आपको परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। दरअसल, कई ऐसे देश हैं जहां पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती है और आप बिना पासपोर्ट के भी विदेशों में घूमने जा सकते हैं। आज हम आपको 8 ऐसे देशों के बारे में बताने जा रहे हैं जहां जाने के लिए भारतियों को वीजा की जरूरत नहीं पड़ती है। साथ ही कितने देशों में भारतीयों के लिए वीजा-ऑन-अराइवल व ई-वीजा की सुविधा उपलब्ध है इसके बारे में भी हम आपको बताने जा रहे हैं।









**1. मालदीवः** मालदीव घूमने के लिए बहुत ही खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां आप 90 दिनों तक रह सकते हैं, इसके लिए आपको वीजा की भी जरूरत नहीं होती है। अगर बात करें मालदीव की खूबसूरती की तो यहां 99 फीसदी तक पानी ही पानी है। यहां पर मौसम भी काफी अच्छा रहता है।

**2. सेशेल्सः** नीले स्वर्ग के नाम से प्रसिद्ध सेशेल्स भी घूमने की जगहों में बेहतरीन माना जाता है। यहां आप 30 दिनों तक बिना वीजा के रह सकते हैं। यहां के रहने वाले लोग बड़े खुशनुमा मिजाज और दोस्ताना तबीयत के होते हैं।

**3. मॉरीशसः** मॉरीशस काफी खूबसूरत और घूमने के लिए बेहतरीन जगह है। यहां बिना वीजा के 90 दिनों तक घूमा जा सकता है। इसे ले और श्वेत सागर तटों का देश भी कहा जाता है। दुनिया के सबसे खूबसूरत द्वीपों में से एक मॉरीशस में आप हिंदी और भोजपुरी का प्रचलन देख सकते हैं।

**4. श्रीलंकाः** श्रीलंका घूमने के लिए भारतीय पर्यटकों को वीजा ऑन अराइवल मिलता है। जिसके बाद आप यहां 30 दिन तक घूमने सकते है। हिंद महासागर में भारत से ही सटा एक द्वीप श्रीलंका है बता दें कि इस जगह का नाम पहले सीलोन था, जिसे साल 1978 में सम्मानसूचक शब्द श्री जोड़कर श्रीलंका किया। प्राचीनकाल से ही भारत और श्रीलंका का अटूट संबंध रहा है।

**5. कंबोडियाः** भारतीय पर्यटकों को कंबोडिया भी वीजा ऑन अराइवल प्रदान करता है। यहां आप करीब 20 अमरीकी डॉलर की लागत से 30 दिनों के लिए घूम सकते हैं। यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर परिसर स्थित है।

**6. थाईलैंडः** भारतीय पर्यटकों को थाईलैंड वीजा ऑन अराइवल प्रदान करता है। यहां आप 15 दिनों के लिए घूम सकते है। यहां पहले के समय में रामायण के कई संस्करण प्रचलित थे। हालांकि, अब कुछ ही संस्करण बचे हैं।

**7. भूटानः** भूटान भी घूमने के लिए काफी अच्छे जगहों में से एक है। यहां पर भी भारतीयों को बिना वीजा के घूमने की इजाजत है। यहां का प्राचीन इतिहास मिथकों के तौर पर जाना जाता है।

**8. इंडोनेशियाः** भारतीय पर्यटकों के लिए इंडोनेशिया भी घूमने के लिए काफी अच्छा है। ये जगह भारत की तरह ही बनी हुई है। यहां आप 30 दिनों तक बिना वीजा के घूम सकते हैं। अगर बात करें यहां की खासियत की तो ये जगह दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादियों में से एक है। हालांकि यहां की लोकप्रियता छाया कठपुतली विधा में रामायण का मंचन है।

### वीजा-ऑन-अराइवल और ई-वीजा सुविधा

आपको जानकारी के लिए बता दें कि भारतीय साधारण पासपोर्ट धारकों को दुनिया के 43 देश में वीजा-ऑन-अराइवल सुविधा है। जबकि 36 ऐसे देश हैं जो भारतीय साधारण पासपोर्ट धारकों को ई-वीजा की सुविधा देते हैं।

माता लक्ष्मी को धन और समृद्धि प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी के मंदिर में जाकर पूजन-अर्चन करने से आर्थिक संकट समाप्त हो जाता है। खासकर शुक्रवार को यहां जाना चाहिए। महालक्ष्मी और लक्ष्मी के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर हैं। उनमें से ही जानते हैं 10 के बारे में।

# मां लक्ष्मी के 10 प्रसिद्ध मंदिर, जहां जाने से आर्थिक संकट होता है समाप्त



**पद्मावती का मंदिरः** तिरुपति के पास तिरुचुरा नामक एक छोटा-सा गांव है। इस गांव में देवी पद्मावती का सुंदर मंदिर है। यह मंदिर 'अलमेलमंगापुरम' के नाम से भी जाना जाता है। लोक मान्यता है कि तिरुपति बालाजी के मंदिर में मांगी मुराद तभी पूरी होती है, जब श्रद्धालु बालाजी के साथ-साथ देवी पद्मावती का आशीर्वाद भी ले लें।

**दक्षिण भारत का स्वर्ण मंदिर :** भारतीय राज्य तमिलनाडु के जिले वेल्लू में स्थित थिरुमलई कोड गांव श्रीपुरम में स्थित महालक्ष्मी मंदिर को 'दक्षिण भारत का स्वर्ण मंदिर' कहा जाता है। 100 एकड़ में फैला यह मंदिर चेन्नई से 145 किलोमीटर दूर पलार नदी के किनारे स्थित है।

**पद्मनाभस्वामी मंदिर :** पद्मनाभस्वामी मंदिर केरल के तिरुअनंतपुरम् में मौजूद भगवान विष्णु का प्रसिद्ध मंदिर है, लेकिन यहां से अपार मात्रा में 'लक्ष्मी' की प्राप्ति हुई थी। यह मंदिर अपने सोने के खजाने के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। भगवान विष्णु को समर्पित पद्मनाम मंदिर को त्रावणकोर के राजाओं ने बनाया था। इसका जिक्र 9वीं शताब्दी के ग्रंथों में भी आता है, लेकिन मंदिर के मौजूदा स्वरूप को 18वीं शताब्दी में बनवाया गया था।

**मुंबई का महालक्ष्मी मंदिर :** समुद्र के किनारे बी. देसाई मार्ग पर स्थित यह मंदिर अत्यंत सुंदर, आकर्षक और लाखों लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ज्ञात इतिहास के अनुसार इस महालक्ष्मी मंदिर की स्थापना अंग्रेजों के काल में हुई। उस समय देवी लक्ष्मी एक ठेकेदार रामजी शिवाजी के स्वप्न में प्रकट हुईं और उन्हें समुद्र तल से देवियों की तीन प्रतिमाएं निकालकर मंदिर में स्थापित करने का आदेश दिया। मंदिर के गर्भगृह में महालक्ष्मी, महाकाली एवं महासरस्वती तीनों देवियों की प्रतिमाएं एकसाथ विद्यमान हैं।

**कोल्हापुर का महालक्ष्मी मंदिर :** कोल्हापुर महाराष्ट्र का एक जिला है। कहा जाता है कि यहां स्थित महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण चालुक्य शासक कर्णदेव ने 7वीं शताब्दी में करवाया था। इसके बाद शिलहार यादव ने 9वीं शताब्दी में इसका पुनर्निर्माण करवाया था। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में देवी महालक्ष्मी की लगभग 40 किलो की प्रतिमा स्थापित है जिसकी लंबाई लगभग 4 फीट की है। कहा जाता है कि यहां की लक्ष्मी प्रतिमा लगभग 7,000 साल पुरानी है।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर :** दिल्ली के प्रमुख मंदिरों में से एक लक्ष्मीनारायण मंदिर को मूल रूप में 1622 में वीरसिंह देव ने बनवाया था, उसके बाद पृथ्वीसिंह ने 1793 में इसका जीर्णोद्धार कराया। इसके बाद सन् 1938 में भारत के बड़े औद्योगिक परिवार बिड़ला समूह ने इसका विस्तार और पुनरुद्धार कराया, जिसके बाद इसे बिड़ला मंदिर भी कहा जाता है।


**इंदौर का महालक्ष्मी मंदिर :** इंदौर शहर के हृदयस्थल राजवाड़ा की शान कहे जाने वाले श्री महालक्ष्मी मंदिर के संबंध में कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 1832 में मल्हारराव (द्वितीय) ने कराया था। 1933 में यह तीन तलों वाला मंदिर था, जो आग के कारण तहस-नहस हो गया था। 1942 में मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कराया गया था। वर्तमान में मुंबई के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार करके इसे भव्य रूप दिया गया है।

**चौरासी मंदिर :** यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के चंबा से 65 किलोमीटर दूर भरमौर जिला नगर में स्थित है। यहां महालक्ष्मी के साथ गणेशजी और नरसिंह भगवान की मूर्ति भी स्थित है। प्राकृतिक वादियों में बसा यह मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**चंबा का लक्ष्मीनारायण का मंदिर :** हिमाचल के चंबा में स्थित यह मंदिर पारंपरिक वास्तुकारी और मूर्तिकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। चंबा के छह प्रमुख मंदिरों में यह मंदिर सबसे विशाल और प्राचीन है। भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर राजा साहिल वर्मन ने 10वीं शताब्दी में बनवाया था। यह मंदिर शिखर शैली में निर्मित है।

**अष्टलक्ष्मी मंदिर :** चेन्नई के इलियट समुद्र तट के पास स्थित यह मंदिर लगभग 65 फीट लंबा और 45 फीट चौड़ा है। मंदिर में देवी लक्ष्मी के आठ स्वरूप चार मंजिल में बने आठ अलग-अलग कमरों में स्थापित है। इस मंदिर में देवी लक्ष्मी अपने पति और भगवान विष्णु के साथ मंदिर की दूसरी मंजिल में विराजित हैं।

# दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, जहां विराजे हैं श्री महावीर



संपूर्ण भारत में जैन धर्म के पवित्र स्थानों में से एक मंदिर राजस्थान में 'श्री महावीर जी' नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर श्री भगवान महावीर स्वामी का भव्य विशाल मंदिर है। यह दिगंबर जैन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। गंभीर नदी के तट पर स्थित इस मंदिर में 24वें तीर्थंकर श्री वर्धमान महावीर जी की मूर्ति विराजित है।

इस मंदिर के निर्माण के पीछे पवित्र कथा है- कोई 400 साल पहले की बात है। एक गाय अपने घर से प्रतिदिन सुबह घास चरने के लिए निकलती थी और शाम को घर लौट आती थी। कुछ दिन बाद जब गाय घर लौटती थी तो उसके थन में दूध नहीं होता था। इससे परेशान होकर एक दिन उसके मालिक चर्मकार ने सुबह गाय का पीछा किया और पाया कि एक विशेष स्थान पर वह गाय अपना दूध गिरा देती थी। यह चमत्कार देखने के बाद चर्मकार ने इस टीले की खुदाई की... खुदाई में श्री महावीर भगवान की प्राचीन पाषाण प्रतिमा प्रकट हुई, जिसे पाकर वह बेहद आनंदित हुआ। भगवान के इस अतिशय उद्भव से प्रभावित होकर बसवा निवासी अमरचंद बिलाला ने यहां एक सुंदर मंदिर का निर्माण करवाया। यह मंदिर प्राचीन और आधुनिक जैन वास्तुकला का अनुपम समागम है, जो प्राचीन जैन कला शैली के बने मंदिरों से अलग है। यह मंदिर मूल रूप से सफेद और लाल पत्थरों से बना है, जिसके चारों ओर छत्रियां बनी हुई हैं। इस विशाल मंदिर के गगनचुंबी धवल शिखर को स्वर्ण कलशों से सजाया गया है। इन स्वर्ण कलशों पर फहराती जैन धर्म की ध्वजाएं सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारिर्त्य का संदेश दे रही हैं। मंदिर में जैन तीर्थंकरों की कई भव्य मूर्तियां प्रतिष्ठित हैं। इसके साथ ही मंदिर की दीवारों पर स्वर्ण पच्चीकारी का काम किया गया है, जो मंदिर के स्वरूप को बेहद कलात्मक रूप देता है। मंदिर के सामने सफेद संगमरमर से भव्य ऊंचा मानस्तंभ बनाया गया है, जिसमें श्री महावीर जी की मूर्ति स्थापित की गई है।

प्रतिदिन मंदिर में प्रात: बेला में महावीर जी की प्रतिमा को अभिषेक किया जाता है, फिर पूजा के समय चावल, चंदन, कपूर, केसर, मिश्री, गिरी और बादाम से पूजा की जाती है। वहीं संध्या बेला में घी के दीये जलाकर आरती की जाती है। यहां की मुख्य बात यह है कि इस छत्री पर चढ़ाया जाने वाला चढ़ावा उसी चर्मकार के वंशजों को दिया जाता है, जिसने प्रतिमा को भूमि से खोदकर निकाला था। इस मंदिर के आसपास तमाम दुकानें हैं, जहां अनाज, कपड़े और धर्म संबंधी सामग्रियां उपलब्ध हैं। पर्व के दौरान यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए कई अस्थायी दुकानें भी लगाई जाती हैं। इस पर्व में राजस्थानी हस्तकला भी देखने को मिलती है।

**राजश्री कासलीवाल**

### प्रमुख स्थल

यहां देखने योग्य प्रमुख स्थलों में निर्मित है 'ध्यान केंद्र', जहां कई रंग-बिरंगे रत्नों से निर्मित चौबीस तीर्थंकरों की कई लुभावनी मूर्तियां हैं, जिनको देखने के बाद आप मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकते। एकांत शांत वातावरण में आप ध्यान केंद्र में बैठकर ध्यान लगा सकते हैं।

**चरण चिह्नः** भगवान महावीर की प्रतिमा के पावन उद्भव स्थल पर चरण चिह्न प्रतिष्ठित हैं। यहां एक खूबसूरत छत्री निर्मित है। यहां एक खूबसूरत बगीचा बनाया गया है। चरण छत्री के सम्मुख ही प्रांगण में 29 फुट ऊंचा महावीर स्तूप बनाया गया है, जिसका निर्माण महावीर जी के 2500वें निर्वाणोत्सव वर्ष में करवाया गया था।

यहां खूबसूरत बाल वाटिका का भी निर्माण किया गया है, जहां बाहर से आने वाले यात्रियों द्वारा अपने बालकों के पारंपरिक संस्कार मुंडन करवाकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इसके अलावा यहां मानस्तंभ, शांतिवीर नगर, कीर्ति आश्रम चैत्यालय, पार्श्वनाथ भगवान का आकर्षक जिनालय (कांच मंदिर) तथा और भी कई जिन मंदिर दर्शनीय हैं। इस मंदिर में वर्षभर दिगंबर मुनियों का हमेशा आवागमन लगा रहता है। यहां आने वाले श्रद्धालु उनके उपदेशों का लाभ लेते रहते हैं। यह मंदिर जैन अनुयायियों के खास आकर्षण का केंद्र है।

### विशेषता

इस मंदिर में यूं तो दर्शन के लिए सालभर द्वार खुले रहते हैं, मगर इस मंदिर की असली शोभा मार्च-अप्रैल के महीने में आयोजित होने वाले पर्व में नजर आती है। मंदिर की असली शोभा महावीर जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले उत्सव में होती है। इस अवसर पर यहां चैत्र शुक्ल त्रयोदशी से वैशाख कृष्ण द्वितीया तक पांच दिवसीय लक्खी मेला भरता है। मेले में ध्वजारोहण, जयंती जुलूस, जलयात्रा, जिनेन्द्र रथयात्रा और कलशाभिषेक के कार्यक्रम होते हैं। इस पर्व का मुख्य आकर्षण रथयात्रा होता है। जब गंभीर नदी के किनारे गाजे-बाजे के साथ कैलाश अभिषेक को वैभवशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। यह स्वर्ण रथ बैलों द्वारा खींचा जाता है। महावीर जी की प्रतिमा पर चार व्यक्ति मिलकर चंवर झलते हैं। समस्त वातावरण भजनों और महावीर स्वामी के जयघोष से गुंजायमान होता है। रथयात्रा के दौरान मीणा जाति के लोग मंजीरों की झंकार के साथ-साथ नाचते-झूमते नदी तट तक जाते हैं। इस तरह यह मेला सामुदायिक सद्भाव का भी प्रतीक है। जुलूस के पश्चात प्रतिमा को धूमधाम के साथ मंदिर में पुनर्स्थापित किया जाता है। इन दिनों भारी तादाद में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होते हैं और आराधना करते हैं। संध्या को पूरे मंदिर को दीपों से सजाया जाता है।

### कैसे जाएं

दिल्ली से 300 किलोमीटर, आगरा से 170 तथा जयपुर से 140 किलोमीटर दूर है। मंदिर तक जाने के लिए बस और अन्य वाहन उपलब्ध हैं। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से एक निःशुल्क बस दिन-रात मंदिर और रेलवे स्टेशन का चक्कर लगाती रहती है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। जिसका किराया न लेते हुए उस बस में एक बॉक्स रखा होता है जिसमें आप अपनी मर्जी चाहे जितने रुपये-पैसे डाल सकते हैं।

### ठहरने का स्थान

इस मंदिर का प्रबंधन दिगंबर जैन पंचों की एक कमेटी करती है। दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मंदिर के आसपास कई धर्मशालाएं हैं, जहां आसानी से आपके ठहरने की व्यवस्था है, जिसमें सभी तरह के कमरे उपस्थित हैं, जिनमें कुंदकुंद निलय, वर्धमान धर्मशाला, सन्मति धर्मशाला और भी कई धर्मशालाएं, एसी कमरे भी कम किराए पर उपलब्ध हैं। मंदिर के पास ही मंदिर प्रबंधन की तरफ से बेहद कम कीमत पर सुरुचि जलपान गृह द्वारा सात्विक नाश्ता और भोजन भी उपलब्ध करवाया जाता है। यहां एक भोजनशाला भी है, जहां एकसाथ 400 यात्रियों हेतु कम कीमत पर भोजन की सुविधा उपलब्ध है, जहां रात्रि भोजन पूर्णतः निषेध है। और आप अगर चाहें तो बाहर कई होटल भी हैं, जहां आप खाने का लुत्फ उठा सकते हैं।